RNI NO.DELHI/2012/48369
वर्ष 9 अंक 100
नई दिल्ली, सोमवार, 15 फरवरी, 2021
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com





अश्विन का पंजा भारत ने कसा शिकंजा
स्पोर्ट्स-10


# पुलवामा हमले की बरसी पर धमाके की साजिश नाकाम

- जम्मू था निशाने पर, सुरक्षा बलों ने 6.5 किलो विस्फोटक के साथ नर्सिंग के छात्र समेत चार को किया गिरफ्तार
- पाकिस्तान स्थित आतंकी संगठन अल बद्र ने रचा था षड्यंत्र, किसी एक बड़े ठिकाने पर करना था विस्फोट
- एक अन्य घटना में पुलिस ने सांबा से बरामद किया हथियारों का जखीरा, बिहार से भी जुड़े तार

**मोहित कंडारी।** जम्मू

**पुलवामा** आतंकी हमले की दूसरी बरसी पर बम धमाके से जम्मू को दहलाने की नापाक साजिश नाकाम हो गई। जम्मू-कश्मीर पुलिस के सतर्क जवानों ने आतंकियों के लिए इस षड्यंत्र को विफल करते हुए शनिवार देर शाम कश्मीर के रहने वाले एक नर्सिंग छात्र से 6.5 किलो विस्फोटक बरामद किया। इस आईईडी का इस्तेमाल जम्मू में रघुनाथ मंदिर, रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड और लखदता बाजार स्थित ज्वेलरी मार्केट समेत किसी एक बड़े ठिकानों पर किया जाना था। पुलावामा का रहने वाला नर्सिंग का यह छात्र फिलहाल चंडीगढ़ में पढ़ रहा था तथा आतंकी साजिश को अंजाम देने के लिए पाकिस्तान स्थित आतंकवादी संगठन अल-बद्र के निर्देश पर काम कर रहा था।

पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि इस मामले में छात्र और तीन अन्य को गिरफ्तार कर लिया गया है। एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में जम्मू रेंज के पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) मुकेश सिंह ने बताया कि एक अलग अभियान में सांबा जिले से छह पिस्तौलें और 15 छोटे आईईडी जब्त किए गए हैं। उन्होंने पत्रकारों को बताया कि पिछले चार दिनों में हम हाई अलर्ट पर थे क्योंकि सामान्य खुफिया सूचना थी कि आतंकी समूह पुलवामा हमले की दूसरी बरसी पर जम्मू शहर में एक बड़ा विस्फोट करने की फिराक में हैं। सभी महत्वपूर्ण स्थानों की सुरक्षा बढ़ा दी गई थी और जांच तेज कर दी गई थी। सिंह के साथ पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) दिलबाग सिंह भी थे। उन्होंने बताया कि एक युवक को बस स्टैंड क्षेत्र में एक बैग के साथ संदिग्ध रूप से घूमते पाया गया। उसके पास से करीब सात किलोग्राम आईईडी बरामद किया गया। हालांकि अभी विस्फोटक को सक्रिय नहीं किया गया था। आईजी ने आरोपी की पहचान पुलवामा के नेवा गांव निवासी सुहैल बशीर शाह के तौर पर बताई है जो चंडीगढ़ के एक कॉलेज से नर्सिंग का पाठ्यक्रम कर रहा है। पाकिस्तान में बैठे आतंकी संगठन अल बद्र से संबद्ध उसके आकाओं ने उसे जम्मू में आईईडी रखने का काम सौंपा था। उन्होंने बताया कि उसे चार लक्ष्य दिए गए थे जिनमें (प्रसिद्ध) रघुनाथ मंदिर, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन और लखदाता बाजार शामिल थे और उसे अपना (शेष पेज 9)


जम्मू में रविवार को बरामद बिस्फोटकों के साथ पुलिस अधिकारी

# उत्तराखंड आपदा: 12 और शव मिले, मृतक संख्या 50 हुई

- 154 अन्य लोग अभी भी लापता हैं

**पायनियर समाचार सेवा।** देहरादून, तपोवन

**उत्तराखंड** में चमोली जिले के आपदाग्रस्त क्षेत्रों में चलाए जा रहे बचाव अभियान के आठवें दिन रविवार को 12 और शव मिलने से बाढ़ में मरने वालों की संख्या 50 हो गई है। इनमें से पांच शव 520 मेगावाट की एनटीपीसी की तपोवन-विष्णुगाड परियोजना की सुरंग से जबकि छह रैंणी गांव और एक रूद्रप्रयाग जिले से बरामद हुआ है। निरंतर स्थलीय निरीक्षण कर बचाव और तलाश अभियान का जायजा ले रहीं चमोली की जिलाधिकारी स्वाति एस भदौरिया ने लापता लोगों के शव बरामद होने पर बचाव दलों को इसी तरह तेजी से कार्य करने को कहा है।

आपदाग्रस्त क्षेत्र में पिछले एक सप्ताह से सेना, राष्ट्रीय आपदा मोचन बल, राज्य आपदा प्रतिवादन बल और भारत तिब्बत सीमा पुलिस का संयुक्त बचाव अभियान जारी है। तपोवन सुरंग में जहां पोकलैंड और जेसीबी मशीनें युद्धस्तर पर कार्य कर रही हैं तो वहीं नदी किनारे जिला प्रशासन के नेतृत्व में खोजबीन का कार्य गतिमान है।


चमोली में सेना द्वारा बनाए गए केबलमार्ग का उपयोग कर नदी पार करतीं दो महिलाएं।

जिलाधिकारी स्वाति ने बताया कि रैंणी क्षेत्र में राष्ट्रीय आपदा मोचन बल की टीम मलबे में लापता लोगों की तलाश कर रही है। उन्होंने कहा कि मौके पर एक हेलीकॉप्टर भी तैयार है जिससे अगर कोई व्यक्ति जीवित अवस्था में मिले तो उसे तत्काल मेडिकल सुविधा उपलब्ध कराई जा सके। सात फरवरी को चमोली जिले की ऋषिगंगा घाटी में आई बाढ़ के बाद अब तक 50 शव बरामद हो चुके हैं जबकि 154 अन्य अभी भी लापता हैं। रविवार को मिले शवों में से 11 की शिनाख्त हो गई है जिनमें टिहरी निवासी आलम सिंह, जितेंद्र धनाई, देहरादून के कालसी के अनिल, जम्मूकश्मीर के जीतेंद्र कुमार, फरीदाबाद के शेषनाथ, कुशीनगर के सूरज ठाकुर, पंजाब के जुगल किशोर, हिमाचल प्रदेश के राकेश कपूर, चमोली के हरपाल सिंह, और गोरखपुर के राजेंद्र सिंह और धनुर्धारी शामिल हैं। बाढ़ के कारण 13.2 मेगावाट ऋषिगंगा जलविद्युत परियोजना पूरी तरह तबाह हो गई थी जबकि तपोवन विष्णुगाड को भारी क्षति पहुंची थी।

## मुझे और मेरे परिवार को नजरबंद किया गया : उमर अब्दुल्ला



**पायनियर समाचार सेवा।** श्रीनगर

**नेशनल** कांफ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने रविवार को दावा किया कि उन्हें और उनके पिता एवं सांसद फारूक अब्दुल्ला समेत परिवार के सदस्यों को प्राधिकारियों ने नजरबंद कर दिया है। हालांकि पुलिस ने कहा कि पुलवामा हमले की दूसरी बरसी के संदर्भ में मिली खुफिया जानकारी के मद्देनजर सुरक्षा घेरे में आने वाले लोगों की आवाजाही को रविवार को हतोत्साहित किया गया है। उमर ने ट्वीट किया, यह अगस्त 2019 के बाद नया जम्मू कश्मीर है। हमें बिना कोई कारण बताए, हमारे घरों में बंद कर दिया गया है। इससे बुरा और क्या हो सकता है कि उन्होंने मुझे और मेरे पिता (मौजूदा सांसद) को हमारे घर में बंद कर दिया है, उन्होंने मेरी बहन और उनके बच्चों को भी उनके घर में बंद कर दिया है। जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री ने तस्वीरें भी साझा की हैं, जिनमें यहां शहर के गुपकर इलाके में उनके आवास के मुख्य द्वार के बाहर पुलिस की गाड़ियां खड़ी दिख रही हैं। उमर ने आरोप लगाया कि उनके घर में काम करने वाले लोगों को भी अंदर नहीं आने दिया जा रहा। उन्होंने एक अन्य ट्वीट किया, चलो, लोकतंत्र के आपके नए मॉडल का मतलब है कि हमें कोई कारण बताए बिना हमारे घरों में बंद रखा जाए और हमारे घर में काम करने वाले कर्मियों को भी अंदर आने की अनुमति नहीं दी जाए। इसके बाद भी, आपको इस बात पर हैरानी होती है कि मुझमें अब भी गुस्सा और कड़वाहट है। उमर के ट्वीट पर प्रतिक्रिया देते हुए हुए पुलिस ने कहा कि पुलवामा हमले की दूसरी बरसी को लेकर प्रतिकूल खुफिया इनपुट की वजह से गणमान्य (वीआईपी) लोगों को अग्रिम सूचना दी जाती है कि वह आज यात्रा से संबंधित कोई योजना नहीं बनाएं। श्रीनगर पुलिस ने अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल से किए गए एक ट्वीट में कहा, आज लेथपोरा आतंकी हमले की दूसरी (शेष पेज 9)

## आंध्र प्रदेश में सड़क हादसे में 14 श्रद्धालुओं की मौत


कुर्नूल में दुर्घटना स्थल का निरीक्षण करती पुलिस।

**पायनियर समाचार सेवा।** कुर्नूल

**आंध्र** प्रदेश के कुर्नूल जिले में रविवार सुबह एक मिनी बस के लॉरी (ट्रक) से टकरा जाने से अजमेर जा रहे 14 श्रद्धालुओं की मौत हो गई और चार लोग घायल हो गए।

पुलिस ने बताया कि मृतकों में एक बच्चा और आठ महिलाएं शामिल हैं। कुर्नूल जिले के पुलिस अधीक्षक के.फाकिरप्पा ने बताया कि घटना उस वक्त हुई जब एक ही परिवार के चार लोगों को लेकर जा रही मिनी बस सुबह चार बजे मडापुरम में एक लारी से टकरा गई। मिनी बस में सवार सभी लोग चित्तूर जिले के मदनापल्ले के रहने वाले थे।

उन्होंने बताया कि ये लोग राजस्थान के अजमेर शरीफ दरगाह जा रहे थे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और राज्य के मुख्यमंत्री वाई एस जगनमोहन रेड्डी ने घटना पर शोक व्यक्त किया है। रेड्डी ने घटना में मारे गए लोगों (शेष पेज 9)

## कार्यकर्ता दिशा गिरफ्तार, पांच दिन की रिमांड पर

**ग्रेटा थनबर्ग टूलकिट केस**

- बेंगलुरु की रहने वाली हैं क्लाइमेट एक्टिविस्ट, टूलकिट एडिट कर वायरल करने का है आरोप

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली


दिशा रवि फाइल फोटो

**किसान** आंदोलन से जुड़े पोस्ट को ग्रेटा थनबर्ग के साथ गूगल टूलकिट से ट्वीटर पर शेयर करने वाली बेंगलुरु की जलवायु कार्यकर्ता दिशा रवि की गिरफ्तारी के बाद उन्हें पांच दिन की पुलिस रिमांड सौंपा गया है। पुलिस ने उन्हें शनिवार को बेंगलुरु से गिरफ्तार कर रविवार को दिल्ली कोर्ट में पेश किया गया था। जहां दिशा रवि न्यायाधीश के सामने स्वयं को बेगुनाह बताते हुए रो पड़ी।

एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने रविवार को बताया कि दिशा रवि (21) को दिल्ली पुलिस के साइबर सेल की टीम ने शनिवार को गिरफ्तार कर रविवार को कोर्ट में पेश किया। कोर्ट में पुलिस ने दिशा रवि से पूछताछ करने के लिए 7 सात दिन हिरासत में रखने की मांग की थी। पुलिस के अनुसार भारत सरकार के खिलाफ कथित तौर पर व्यापक साजिश रचने और खालिस्तानी आंदोलन में भूमिका को लेकर जांच करने के लिए हिरासत की आवश्यकता है।

वहीं कोर्ट में सुनवाई के दौरान जलवायु कार्यकर्ता दिशा रवि रो पड़ीं और न्यायाधीश से कहा कि उन्होंने केवल दो लाइनों को ही संपादित किया था और वह किसान आंदोलन का समर्थन करना चाहती थीं। इसके बाद ड्यूटी मजिस्ट्रेट देव सरोहा ने दिल्ली पुलिस को दिशा रवि से पूछताछ के लिए पांच दिनों की हिरासत की अनुमति प्रदान की। पुलिस ने अदालत से कहा कि आरोपी ने तीन फरवरी को कथित तौर पर टूलकिट में संपादन किया और इस मामले में कई अन्य लोग भी शामिल हैं। पुलिस ने रवि का मोबाइल फोन भी बरामद किया है। इससे पहले, दिल्ली पुलिस ने शुक्रवार को गूगल और अन्य सोशल मीडिया कंपनियों से टूलकिट बनाने वालों से जुड़े ईमेल आईडी, डोमेन यूआरएल और कुछ सोशल मीडिया अकाउंट की जानकारी देने के लिए कहा था। जलवायु परिवर्तन कार्यकर्ता दिशा रवि ने ग्रेटा थनबर्ग और अन्य ने यह गूगल टूलकिट ट्विटर पर साझा किया था। टूलकिट में ट्विटर के जरिए किसी अभियान को ट्रेंड कराने से संबंधित दिशानिर्देश और सामग्री होती है।

दिल्ली पुलिस के साइबर सेल ने भारत सरकार के खिलाफ सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक युद्ध छेड़ने के लक्ष्य से टूलकिट के खालिस्तान समर्थक निर्माताओं के खिलाफ बृहस्पतिवार को प्राथमिकी दर्ज किया था। इसके साथ ही अज्ञात लोगों के खिलाफ आपराधिक षड्यंत्र, राजद्रोह और अन्य आरोप में भारतीय दंड संहिता की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार दिल्ली में 26 जनवरी को किसान आंदोलन व ट्रैक्टर परेड में हुई हिंसा सहित पिछले कुछ दिनों के घटनाक्रमों पर ध्यान (शेष पेज 9)

## राष्ट्रीय राजमार्गों पर फास्टैग हुआ अनिवार्य

- बिना टैग चुकाना होगा दो गुना टोल फीस, सरकार ने अंतिम तारीख बढ़ाने से किया इनकार

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**देश** के सभी राष्ट्रीय राजमार्गों के टोल प्लाजा को 15/16 फरवरी 2021 की रात्रि से 'फास्टैग टोल प्लाजा' घोषित कर दिया गया है। यह घोषणा सड़क एवं परिवहन मंत्रालय ने रविवार को की। इसके साथ ही अब बिना फास्टैग की गाड़ियों को टोल प्लाजा पर दोगुना अधिक फीस देना पड़ सकता है।

केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि फास्टैग लागू करने की समय सीमा को अब और नहीं बढ़ाया जाएगा। वाहन स्वामी तत्काल ई पेमेंट की सुविधा को स्वीकार कर उसका पालन करें। इससे पहले केंद्र सरकार ने वाहनों के लिए फास्टैग को लेकर अंतिम बार समय सीमा 1 जनवरी 2021 से 15 फरवरी 2021 तक बढ़ाई थी। मंत्रालय ने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग 2008 के नियम अनुसार अगर कोई वाहन फास्टैग के बिना है और वाहन फास्टैग लेन में जाने पर उस वाहन को टोल प्लाजा पर दो गुना फीस चुकाना पड़ सकता है।

मंत्रालय द्वारा जारी बयान के अनुसार मंत्रालय डिजिटल माध्यम से भुगतान को बढ़ावा देने के साथ टोल प्लाजा पर इंतजार समय को घटाने और ईंधन खपत को कम करने की दिशा में प्रयास कर रही है। मंत्रालय ने सवारी व माल श्रेणी की गाड़ियों के लिए फास्टैग अनिवार्य रूप से 1 जनवरी 2021 से लागू कर दिया है। टोल प्लाजा पर इलेक्ट्रानिक माध्यम से भुगतान करने के लिए फास्टैग की शुरूआत वर्ष (शेष पेज 9)

# चुनावी राज्य तमिलनाडु व केरल को सौगातों की झड़ी

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कई विकास परियोजनाओं की रखी आधारशिला और किया उद्घाटन
- चेन्नई में बने अत्याधुनिक अर्जुन टैंक को सेना को सौंपा

**पायनियर समाचार सेवा।** चेन्नई/कोच्चि

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने रविवार को चुनावी राज्य तमिलनाडु और केरल को कई विकास परियोजनाओं की सौगात दी। इन परियोजनाओं से रोजगार के हजारों अवसर का सृजन होगा तथा विदेशी मुद्रा की भी बचत होगी। प्रधानमंत्री ने कृषि, युवाओं के लिए अभिनव विकास, हुनरमंद युवाओं के कौशल को और मजबूत करने तथा पर्यटन विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखी।

इन महत्वपूर्ण कार्यक्रमों में प्रधानमंत्री द्वारा अत्याधुनिक टैंक अर्जुन एमकेआईए का भारतीय सेना को लोकार्पण भी शामिल था। इस टैंक का निर्माण डिफेंस रिसर्च एंड डेवलपमेंट ऑर्गनाइजेशन (डीआरडीओ) की इकाई चेन्नई स्थित कांबेट व्हेकिल्स रिसर्च एंड डेवलपमेंट एस्टिब्लेसमेंट (सीवीआरडीई) तथा अन्य सहयोगी संस्थानों ने किया है। चेन्नई के इंडोर स्टेडियम में आयोजित एक भव्य समारोह में प्रधानमंत्री ने अर्जुन एमकेआईए को सेना अध्यक्ष एमएम नरवणे को सौंपा। दो साल पहले पुलवामा हमले में शहीद सैनिकों को श्रद्धांजलि देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि कोई भी भारतीय इस दिन को नहीं भूल सकता। दो साल पहले पुलवामा हमला हुआ था। इस हमले में शहीदों को हम श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। हमें अपने सुरक्षा बलों पर गर्व है। उनका पराक्रम आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करता रहेगा। महाकवि सुब्रमण्यिम भारती की कविताओं को तमिल में उद्धृत करते हुए मोदी ने कहा कि हम हथियार बनाए, साथ ही कागज भी बनाएं, हम फैक्टरी बनाए, साथ ही स्कूल भी बनाए, हम वाहन बनाएं जो चले और उड़े-ऐसे (शेष पेज 9)


चेन्नई में रविवार को विकास परियोजनाओं के शिलान्यास और लोकार्पण के अवसर पर तमिलनाडु के मुख्यमंत्री ईके पलानीस्वामी और उप मुख्यमंत्री ओ पन्नीरसेल्वम (दाएं) के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

## पीएम ने तमिल संस्कृति का उल्लेख कर चुनाव के लिए तैयार की जमीन

**चेन्नई।** तमिलनाडु में अप्रैल में संभावित विधानसभा चुनाव के मद्देनजर सकारात्मक अभियान के लिए जमीन तैयार करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को तमिल संस्कृति और जनता के लिए न्याय की वकालत करते हुए श्रीलंका के तमिल लोगों की आकांक्षाओं का समर्थन किया। अन्नाद्रमुक से निष्कासित नेता टीटीवी दिनाकरण तथा उनकी बुआ वीके शशिकला के बगावती तेवरों की पृष्ठभूमि में एकजुट होकर लड़ने का संकेत देते हुए मोदी ने मंच पर मौजूद मुख्यमंत्री के पलानीस्वामी और उपमुख्यमंत्री ओ पनीरसेल्वम की ओर अपने साथ हाथ मिलाने का इशारा किया। तीनों ने मुस्कुराते (शेष पेज 9)

## बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 51,544 | |
| निफ्टी | 15,163 | |
| सोना | 46,487 | /10g |
| चांदी | 67,894 | /kg |

## क्विक न्यूज

### केंद्र के सभी कर्मचारी कार्य दिवस पर कार्यालय आएंगे

**नई दिल्ली।** कार्मिक मंत्रालय के एक आदेश के अनुसार केंद्र सरकार के सभी कर्मचारियो को कार्य दिवसो मे कार्यालय मे उपस्थित होने के लिए कहा गया है। यह निर्णय राष्ट्रीय राजधानी सहित देश मे कोविड-19 के उपचाराधीन मामलो की संख्या मे काफी कमी आने के बीच आया है। हालांकि, निषिद्ध क्षेत्रो मे रहने वाले सभी अधिकारियो और कर्मचारियो को कार्यालय आने से छूट रहेगी, जब तक कि उनका क्षेत्र निषिद्ध श्रेणी से बाहर नही आ जाता। अभी तक, केवल अवर सचिव और उससे ऊपर के स्तर के अधिकारी ही मार्च मे कोरोना वायरस के चलते लागू पाबंदियो के बीच कार्यालय आ रहे थे। केंद्र ने गत मई मे उपसचिव के स्तर से नीचे के अपने 50 प्रतिशत कर्मचारियो को अपने कार्यालयो से काम करने के लिए कहा था।

पायनियर
नई दिल्ली, सोमवार, 15 फरवरी 2021



# स्पोर्ट्स सिटी के खरीदारों को मिली बड़ी सौगात

## हजारों घरों के रजिस्ट्रेशन की राह हुई आसान, कंसोर्टियम सुलझाएगी मामले

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

शहर के सेक्टर-79 में घरों की रजिस्ट्री की राह देख रहे लाखों लोगों के बड़ी खुशखबरी है। दरअसल, इस सेक्टर में स्पोर्ट्स सिटी विकसित नहीं हो पाई थी। इस वजह से नोएडा प्राधिकरण ने हाउसिंग प्रोजेक्ट्स में ओसी (ऑक्यूपेंसी सर्टिफि केट) जारी करना बंद कर दिया था। इस वजह से हजारों घरों की रजिस्ट्री रुकी पड़ी थी। पर अब घर खरीदारों की इस समस्या का निराकरण जल्दी हो जाएगा।

सेक्टर-79 के डेवेलपर्स ने नया कंसोर्टियम रजिस्टर कर स्पोर्टस सिटी का खाका तैयार कर लिया है। प्राधिकरण ने स्पोर्ट्स सिटी की निगरानी के लिए एक विशेष कमेटी का गठन किया था। इस वजह से इस सिटी को बनाने का काम सरल हो गया है। बताते चलें कि क्रेडाई पहले से स्पोर्ट्स सिटी के प्लान पर काम कर रही है। इसका मकसद है कि घर खरीदारों में एनसीआर के सबसे लोकप्रिय शहर नोएडा की छवि बेहतर बनी रहे। किसी भी वजह से निवेशकों को नुकसान न उठाना पड़े।


फाइल फोटो

बिल्डरों ने नए कंसोर्टियम का नाम सेक्टर-79 स्पोर्ट्स सिटी डेवलपमेंट प्राइवेट लिमिटेड रखा है। इसमें सिविटेक, एक्सोटिका, एलीट, अजनारा, सिक्का, महागुन, ऐस, अर्बटेक और सनशाइन शामिल हैं। आरओसी आने के बाद कंसोर्टियम प्राधिकरण से सामजंस्य बनाकर स्पोर्ट्स सिटी प्रोजेक्ट शुरू करने के मंजूरी लेगा। जल्दी ही इस पर काम आरंभ हो जाएगा।

**वर्ष 2010 में शर्तों के साथ आवंटित हुई थी भूमि**

दरअसल, साल 2010 में सेक्टर-79 में 7.5 लाख स्क्वॉयर मीटर जमीन स्पोर्ट्स सिटी विकसित करने के लिए आवंटित की गई थी। इसमें 70 फीसदी जमीन पर स्पोर्ट्स सुविधाएं, 28 प्रतिशत पर ग्रुप हाउसिंग और शेष 2 फीसद पर एक बराबर कमर्शियल व इंस्टीटूशनल हब बनाना था। भूमि अधिग्रहण के विवाद से स्पोर्ट्स सिटी की कुछ जमीन प्राधिकरण ने छोड़ दी है। इस वजह से स्पोर्ट्स अमेनिटी की जमीन का साइज थोड़ा कम हो गया है। फिर भी मैप के मुताबिक गोल्फ कोर्स, मल्टीपर्पज प्ले एरिया, इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम, ओलिंपिक स्तर का स्विमिंग पूल, मल्टी पर्पस इंडोर स्टेडियम जैसी आधुनिक सुविधाएं विकसित होनी हैं।

कंसोर्टियम के प्रमुख संयोजक व सिविटेक के एमडी सुबोध गोयल ने इस बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नोएडा प्राधिकरण से हम 3 आवंटित जमीन मुफ्त ट्रांसफ र करने और स्पोर्ट्स सुविधाएं विकसित करने के लिए कंसलटेंट दिलाने की बात रखेंगे। कंसोर्टियम का हर बिल्डर स्वयं या साझा रूप से स्पोर्ट्स फैसिलिटी विकसित करने की जिम्मेदारी लेगा। हालांकि इसमें 12 ,18 महीने का वक्त लग सकता है। स्पोर्ट्स सिटी का काम शुरू होने के साथ ही हाउसिंग प्रोजेक्ट में रजिस्ट्री भी शुरू हो जायेगी। कंसोर्टियम हर हाल में घर खरीदारों को उनका हक दिलाएगा। हम इसके लिए प्रतिबद्ध हैं।

# नोएडा जिला अस्पताल का होगा कायाकल्प

## वरिष्ठ नागरिकों के लिए अलग होगी ओपीडी की सुविधा

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

शहर के जिला अस्पताल की तस्वीर आने वाले दिनों में पूरी तरह बदल जाएगी। यहां के सेक्टर-30 स्थित जिला अस्पताल के कायाकल्प की तैयारी शुरू हो गई है। यहां बाहर बागीचा बनाया जाएगा तथा भवन के अंदर भी साफ-सफाई और सजावट की जाएगी। साथ ही अब वाहनों के लिए पार्किंग का जगह भी बदला जाएगा। परिसर में पांच स्थान चिन्हित किए गए हैं, जहां जगह के मुताबिक छोटे-बड़े गार्डेन विकसित होंगे। अव्यवस्थाए जर्जर इमारतें और प्रशासनिक कुव्यवस्था के चलते यहां मरीजों का आना कम ही होता है।

मेंटिनेंस के अभाव में जिला अस्पताल की इमारत जर्जर होती जा रही है। परिसर में लोगों की बेतरतीब भीड़ और गंदगी यहां की पहचान बन गई है। पर अब अस्पताल की मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ रेनू अग्रवाल इन सबको ठीक करने का जज्बा दिखा रही हैं। उन्होंने हॉस्पिटल को शानदार बनाने का बीड़ा उठा लिया है। हालांकि गत कुछ वक्त में जिला अस्पताल में थोड़ा बदलाव हुआ है।


जिला अस्पताल

इस सिलसिले में जिला अस्पताल में कैंटीन के पास से गंदगी हटाकर वहां पार्क विकसित किया जाएगा। ओपीडी के सामने और इमरजेंसी के पास खाली जगह को मिलाकर कुल पांच स्थान पर गार्डेन बनाया जाएगा। मरीज और तीमारदार वहां बैठकर हरियाली का आनंद ले सकेंगे। साथ ही सभी खाली जगहों पर रंगीन कुर्सियां बिछाई जाएंगी। इस संबंध में शासन को चिट्ठी लिखी गई है।

वहीं जिला अस्पताल में वरिष्ठ नागरिकों के लिए अलग ओपीडी शुरू की जाएगी। साथ ही महिला और पुरुषों के लिए एक-एक अलग ओपीडी की सेवा शुरू होगी। 10 दिन बाद इन्हें शुरू करने की तैयारी है। बताते चलें कि अस्पताल में वरिष्ठ नागरिकों के लिए अलग ओपीडी की सुविधा नहीं है। ऐसे में उन्हें तकलीफें उठानी पड़ती हैं।

**नगर निगम बोर्ड की बैठक आज**

# लाइट के निजीकरण और टैक्स बढ़ोतरी पर हंगामे के आसार




**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

नगर निगम सदन की बैठक आज होगी। इस बैठक में महानगर में नगर निगम द्वारा लागू की जाने वाली टैक्स पॉलिसी व प्रकाश विभाग को निजी हाथों में सौंपने के प्रस्ताव को लेकर हंगामे के आसार हैं। हालांकि निगम अधिकारियों का कहना है कि इस पॉलिसी से किसी पर बहुत ज्यादा फर्क पड़ने वाला नहीं है, लेकिन सभी राजनीतिक दलों से जुड़े पार्षदों का कहना है कि वे निगम प्रशासन के प्रस्तावों का विरोध करेंगे और किसी भी सूरत में टैक्स दर बढ़ने नहीं देंगे ।

बैठक आज 11 बजे से होगी जिसकी अध्यक्षता मेयर आशा शर्मा करेंगी। यह बजट बैठक होगी, इसमें 2021 का बजट पेश किया जाएगा। साथ ही शहर के विकास को लेकर भी चर्चा होगी लेकि,न लगभग सत्ताधारी दल भाजपा समेत सभी राजनीतिक दलों के पार्षद नगर निगम प्रशासन द्वारा संभावित प्रस्ताव सरकारी डीएम सर्किल रेट के आधार पर टैक्स का निर्धारण और शहर की पथ प्रकाश व्यवस्था को निजी हाथों में दिए जाने के संबंधी प्रस्ताव पर सहमत नहीं हैं बल्कि सभी ने इसका विरोध करने की ठान रखी है। भाजपा के वरिष्ठ पार्षद हिमांशु मित्तल का कहना है कि निगम अधिकारी शहर की जनता पर टैक्स का और बोझ बढ़ाना चाहते हैं। नगर निगम अन्य स्त्रोतों से अपनी आय बढ़ा सकता है। उन्होंने कहा कि इस व्यवस्था को किसी भी सूरत में लागू नहीं होने दिया जाएगा।

# मासूम के अपहरण और हत्या मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

**● पांच लाख रुपए की मांगी थी फिरौती**

थाना सूरजपुर क्षेत्र के कस्बे सूरजपुर में फिरौती के लिए पांच वर्षीय एक बच्चे का अपहरण और उसकी हत्या करने की घटना के संबंध में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपी की निशानदेही पर बच्चे का शव बरामद कर लिया गया।

उन्होंने बताया कि आरोपी का दूसरा साथी फरार है। डीसीपी (जोन द्वितीय) हरीश चंदर ने बताया कि कस्बा सूरजपुर में रहने वाले ब्रह्मदेव के पांच वर्षीय बच्चे रितिक का 24 जनवरी को दो लोगों ने फिरौती के लिए अपहरण कर लिया था। उन्होंने कहा कि अपहरण करने के बाद आरोपियों ने बच्चे की हत्या कर शव को दलदल में गाड़ दिया था।

उन्होंने बताया कि इस मामले की जांच कर रही पुलिस ने शनिवार को अनिल नामक एक व्यक्ति को हिरासत में लेकर पूछताछ की। अनिल ने पुलिस को बताया कि उसने तथा विजय नामक एक अन्य व्यक्ति ने पांच लाख रुपए की फिरौती के लिए बच्चे का अपहरण किया था।

# छात्र लापता, परिजनों ने जताई अगवा होने की आशंका

**नोएडा।** थाना दनकौर क्षेत्र के नवरंगपुर गांव में रहने वाला एक 12 वर्षीय छात्र शनिवार को अपने घर के बाहर से संदिग्ध हालात में लापता हो गया। इस माले में परिजनों ने किशोर के अपहरण की आशंका जताई है। यह जानकारी पुलिस ने दी।

अपर पुलिस उपायुक्त (जोन तृतीय) विशाल पांडे ने बताया कि थाना दनकौर क्षेत्र के नवरंगपुर गांव में रहने वाला चौथी कक्षा में पढ़ने वाला छात्र यश अपने घर से शनिवार को लापता हो गया। उन्होंने बताया कि घटना की रिपोर्ट पीड़ित के परिजनों ने थाना दनकौर में दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि मामले में पुलिस ने अपहरण की धारा में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# पूर्व पदाधिकारी पर बसपा के जिलाध्यक्ष ने तानी रिवॉल्वर

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

**● पीड़ित ने थाने में दर्ज कराई शिकायत**

बहुजन समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष व पार्षद कुलदीप कुमार ओके के खिलाफ पार्टी के ही एक पूर्व पदाधिकारी ने ही थाने में तहरीर दी है। पूर्व पदाधिकारी ने आरोप लगाया है कि कुलदीप ने उनके साथ न केवल बदसलूकी की बल्कि उन पर रिवाल्वर भी तानी। इस संबंध में कवि नगर थाना प्रभारी का कहना है कि तहरीर मिली है और मामले की जांच की जा रही है। वही कुलदीप कुमार ने अपने ऊपर लगाए गए आरोपों को बेबुनियाद बताया है।

बसपा के पूर्व महानगर सचिव मनोज कुमार जाटव ने पुलिस को दी तहरीर में आरोप लगाया है कि वह शनिवार को राजनगर स्थित बसपा कार्यालय में गए थे। वहां जिलाध्यक्ष कुलदीप कुमार (ओके) अपनी सीट पर बैठे हुए थे तथा अन्य कॉर्डिनेटर भी मौजूद थे। कार्यालय पहुंचने पर जिलाध्यक्ष ने पहले तो उनके साथ बदसलूकी की और गालियां दी। बाद में जान से मारने की नीयत से अपनी रिवॉल्वर लहरा दी और अपने ड्राइवर को बुलाकर घेरने की कोशिश की।

## संक्षिप्त समाचार

### पुलवामा शहीदों को आर्य समाज ने दी श्रद्धांजलि

**गाजियाबाद।** केंद्रीय आर्य युवक परिषद के तत्वावधान में पुलवामा आंतकवादी हमले की दूसरी बरसी पर शहीदों को याद करते हुए 'शहीदों को नमन' कार्यक्रम का आयोजन कर शहीद सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस मौके पर केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य ने कहा कि दो वर्ष पूर्व कश्मीर के पुलवामा में आत्मघाती हमले में शहीद 40 सीआरपीएफ के जवानों ने देश के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया था। आज पूरा विश्व आंतकवाद से पीड़ित हैं और आंतकवाद समूची मानवता के लिए खतरा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में देश ने बदला भी लिया।

### स्वच्छता अभियान से कोसो दूर है सपा का दफ्तर

**गाजियाबाद।** किसी भी राजनीतिक दल की हलचल उसके पार्टी कार्यालय से होती है। स्वच्छता के मामले में समाजवादियों का दफ्तर बिल्कुल फिस्सडी साबित हो रहा है। जबकि प्राथमिक सुविधायें तो हर सियासी दफ्तर में मिलती हैं। लेकिन यहां समाजवादी पार्टी के आरडीसी स्थित जिला कार्यालय का ना सिर्फ यूरिनल खराब है बल्कि यहां पानी का अभाव और बैठने की व्यवस्था तक व्यवस्थित ढंग से उपलब्ध नहीं है। संगठन पदाधिकारियों का इस ओर ध्यान तक नहीं है, और तो और पार्टी कार्यालय का दिशा सूचक बोर्ड तक एक तरफ पड़ा है।


मुठभेड़ में गोली लगने से घायल गौकशी का आरोपी शानू पुलिस की गिरफ्त में।

### मुठभेड़ में गौकशी का आरोपी गिरफ्तार

**गाजियाबाद।** कविनगर व मसूरी थाना क्षेत्र में गोकशी करने वाले आरोपी को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। रविवार को मसूरी थाना क्षेत्र के नाहल इलाके में हुई मुठभेड़ में गोकशी का आरोपी पैर में गोली लगने से घायल हो गया। हालांकि, उसका साथी मौके से भाग निकला। एसएसपी ने आरोपियों के खिलाफ गैंगस्टर, गुंडा एक्ट, जिला बदर व एनएसए की कठोर कार्यवाई के निर्देश दिए हैं। शुक्रवार व शनिवार को कविनगर व मसूरी थाना क्षेत्र में लगातार गोवंश के अवशेष मिलने से तनाव की स्थिति पैदा हो गयी थी। पुलिस ने गौकशी की घटना से गुस्साए लोगों को शांत कराते हुए आरोपियों को जल्द पकड़े जाने की बात कही थी। जिसके बाद एसएसपी के निर्देश पर एसपी ग्रामीण व एसपी सिटी प्रथम के नेतृत्व में पुलिस की अलग अलग टीमें गौकशी के आरोपियों की धरपकड़ में जुट गई थी।

### दो वाहनों की टक्कर के बाद हुई हाथापाई

**नोएडा।** शनिवार को बिसरख थाना क्षेत्र के ग्रेनो वेस्ट स्थित एक मूर्ति चौराहे के पास 2 कार सवारों में कहासुनी हो गई। देखते ही देखते दोनों पक्षों में मारपीट हो गई। पुलिस के मुताबिक इस दौरान उन्हें फायरिंग की सूचना भी मिली थी। आनन-फानन में पुलिस मौके पर पहुंच गई और जांच-पड़ताल शुरू की। बिसरख पुलिस ने बताया कि उन्हें फायरिंग से जुड़ी जानकारी नहीं मिली। दरअसल कार सवार दोनों युवकों के बीच पुरानी रंजिश चली आ रही है। हालांकि दोनों गाड़ियां क्षतिग्रस्त हुई हैं। पुलिस दोनों पक्षों से जानकारी जुटा रही है। पुलिस के मुताबिक जिला अलीगढ़ के रहने वाले दो पक्षों में पुरानी रंजिश चली आ रही है।

# गौर सिटी में युवक ने की खुदकुशी

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

**● पांचवीं मंजिल से गिरकर किशोरी की मौत**

थाना बिसरख क्षेत्र के गौर सिटी-दो में के निवासी 20 वर्षीय एक युवक ने शनिवार शाम को अपने घर पर पंखे से लटककर आत्महत्या कर ली। वहीं, सुपरटेक इको विलेज में रहने वाली एक 14 वर्षीय एक किशोरी एक इमारत की पांचवीं मंजिल से गिर गई। इसके बाद गंभीर हालत में उसे नोएडा के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

थाना बिसरख के प्रभारी निरीक्षक मुनीष चौहान ने बताया कि गौर सिटी-दो में रहने वाले आशीष सिंह (20) ने शनिवार देर शाम को अपने घर पर पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। उन्होंने बताया कि घटना की सूचना पाकर वहां पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस खुदकुशी के कारणों का पता लगा रही है।

प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि सुपरटेक इको विलेज-तीन में रहने वाली 14 वर्षीय किशोरी अंशिका तिवारी शनिवार दोपहर घर पर काम करते समय पांचवीं मंजिल से संदिग्ध परिस्थितियों में नीचे गिर गई।


# हिंसक बंदरों के आतंक को नजरअंदाज कर रहा वन विभाग

## व्ययभार और संसाधन का सहयोग देने को निगम तैयार : नगर आयुक्त

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

देश की राजधानी दिल्ली से सटा गाजियाबाद शहर इस समय हिंसक बंदरों की टोलियों से सहमा हुआ है। बंदरों को पकड़ने के लिए वन विभाग और नगर निगम के बीच पत्राचार का वाक युद्ध चल रहा है। बंदरों को पकड़ने की नैतिक जिम्मेदारी वन विभाग की है।

इसके बावजूद पिछले कई वर्षो से वन विभाग बंदरों को पकड़ने की जिम्मेदारी से लगातार कोई न कोई बहाना बनाकर बचता आ रहा है। नतीजतन हिंसक बंदरो की टोलियां आए दिन बच्चों, बूढ़ों और महिलाओं को अपना निशाना बना रहे हैं।



एक अनुमान के मुताबिक सरकारी अस्पतालों में प्रतिदिन बंदरों के हमले से घायल दस से 15 लोग रैबिज के इंजैक्शन लगवाने के लिए आ रहे हैं। बंदरों के हमलों की घटनाओं को देखते हुए गाजियाबाद नगर निगम के आयुक्त महेन्द्र सिंह तंवर ने एक कड़ा पत्र वन विभाग की प्रभागीय निदेशक दिशा भंडारी को लिखा है। जिसमें उन्होने साफ्-साफ कहा है कि बंदरों को पकड़ने के लिए अपने स्तर पर टेंडर छोड़ने की प्रक्रिया को तुरन्त पूरा करें और इस संबंध में जो भी आर्थिक व संसाधन सहयोग निगम से चाहिए वह निगम उसके लिए तैयार है। यह पत्र 27 जनवरी को प्रभागीय निदेशक वन विभाग गाजियाबाद के कार्यालय में प्राप्त कराया जा चुका है। मगर, एक पखवाडा बीतने के बावजूद इस पत्र का जबाव अभी तक निगम को नहीं दिया गया है।

आपको बता दें कि इससे पूर्व वन विभाग की प्रभागीय निदेशक ने निगम को पत्र लिखकर बंदर पकड़ने की अनुमति को यह कहकर निरस्त कर दिया था कि पशु प्रेमी पूर्व केन्द्रीय मंत्री मेनका गांधी का इस मामले में ऐतराज आया है। जबकि मेनका गांधी ने वन विभाग को केवल यह हिदायत दी थी कि बंदरों को पकड़ते समय वन विभाग की गाइडलाइन का पालन किया जाए। साफ जाहिर है कि वन विभाग बंदर पकड़ने की जिम्मेदारी से लगातार कोई न कोई बहाना बनाकर बचता आ रहा

# गढ़ी चौखंडी में बम की सूचना पर मचा हड़कम्प

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

**● फर्जी बम रखने वाले को तलाश रही पुलिस**

शहर में रविवार की सुबह एक बार फिर बम मिलने की सूचना से हड़कंप मच गया। जानकारी मिलने के बाद पुलिस का बम डिस्पोजल स्क्वायड दस्ता और डॉग स्क्वायड समेत मौके पर पहुंचा। छानबीन की गई तो देखा कि किसी ने पटाखों के खोखों को लाल टेप से लपेटकर बम की शक्ल दी थी। फर्जी बम मिलने के बाद नोएडा पुलिस ने राहत की सांस ली है। हालांकि, पिछले एक महीने में इस तरह की यह तीसरी घटना है। जिससे पुलिस चिंतित है।

रविवार की सुबह किसी ने पुलिस को फोन करके बताया कि गढ़ी चौखंडी गांव के पास बम रखा है। यह इलाका शहर के थाना फेज-3 में पड़ता है। आनन-फानन में थाना पुलिस, बम निरोधक दस्ता, डॉग स्क्वायड और एहतियात के तौर पर भारी फोर्स मौके पर भेजा गया। जिस जगह यह फर्जी बम रखा गया था, उस पूरे इलाके को पुलिस ने घेरकर सील किया। इसके बाद बम डिस्पोजल स्क्वायड ने जांच-पड़ताल की। जिसमें पता चला कि पटाखों के खोखे टेप में लपेट कर रखे गए थे, जो दूर से देखने पर बम जैसे ही प्रतीत हो रहे थे।

पुलिस का कहना है कि यह पूरी तरह फर्जी बम था। किसी ने शरारत करने या लोगों में दहशत फैलाने के लिए ऐसा किया है। हालांकि, पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए छानबीन शुरू कर दी है। पूरे इलाके के सीसीटीवी फुटेज निकाले जा रहे हैं। पुलिस ने फर्जी बम रखने वाले की तलाश कर रही है।

बम रखने की अफवाह से जुड़ी यह तीसरी घटना है। इससे पहले 21 जनवरी को कैलाश अस्पताल में बम रखने की अफवाह फैलाई गई थी।

# दस साल के लंबे इंतजार के बाद किसानों को मिले भूखंड

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

आवासीय भूखंडों की राह देख रहे हजारों किसानों के लिए शनिवार का दिन खास रहा। करीब दस साल के लंबे इंतजार के बाद आखिरकार नोएडा प्राधिकरण ने किसान कोटे के इन भूखंडों का ड्रॉ संपन्न कराया। इस योजना में कुल 644 किसानों को भूखंड मिले।

ड्रॉ शनिवार की सुबह 11 बजे सेक्टर-6 स्थित इंदिरा गांधी कलाकेंद्र के प्रांगण में शुरू हुआ था और देर रात तक चलता रहा। ड्रॉ में पारदर्शिता बनाए रखने के लिए कार्यक्रम स्थल पर वीडियोग्रॉफी और फोटोग्रॉफी कराई गई। हालांकि इस दौरान कुछ किसानों ने आपत्ति दर्ज कराई। प्राधिकारियों ने इनका तुरंत इनका समाधान करा दिया। ड्रॉ

प्रक्रिया के दौरान प्राधिकरण के भूलेख विभाग के ओएसडी डॉ संतोष कुमार उपाध्याय, भूखंड विभाग के ओएसडी डॉ अविनाश त्रिपाठी, प्राधिकरण के एसीईओ प्रवीण मिश्रा और दूसरे कई अधिकारी मौजूद रहे।

# अवैध यूनीपोल को लेकर उठाए सवाल

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट अवैध और जानलेवा यूनीपोल का गढ़ बन गया है। पूरे शहर में बड़े-बड़े अवैध होर्डिंग और यूनीपोल लगे हुए हैं। जिन पर तमाम नेशनल और मल्टीनेशनल कंपनियों के विज्ञापन लगे हैं।

मिली जानकारी के मुताबिक हर महीने एक यूनीपोल पर विज्ञापन की एवज में 50 हजार से ज्यादा धनराशि वसूल की जा रही है। बड़ी बात यह है कि ऐसे अवैध यूनीपोल की संख्या 100 से भी ज्यादा है। शहर के सामाजिक संगठन भी इस पर सवाल उठा रहे हैं, लेकिन प्राधिकरण पूरी तरह चुप्पी साध कर बैठा हुआ है।

# मुरादनगर गंगनहर पटरी का जल्द होगा चौड़ीकरण

## शासन ने लोकनिर्माण विभाग को जारी किए 5 करोड़ रुपए, कांवड़ यात्रा होगी आसान

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

यदि सब कुछ ठीकठाक रहा तो मुरादनगर गंगनहर पटरी के चौड़ीकरण का काम इसी माह शुरू होने की उम्मीद है। शासन ने इसकी मंजूरी देने के साथ ही लोक निर्माण विभाग को पांच करोड़ रुपये जारी कर दिए। मुरादनगर नहर पुल से लेकर मुजफ्फरनगर तक पटरी को चौड़ा किया जाएगा। आए दिन जाम में फंस रहे लोगों को भी इस समस्या से छुटकारा मिल जाएगा। फिलहाल गंगनहर की एक ही पटरी सही है। उस पर ही वाहन चलते हैं।

कांवड़ यात्रा के दौरान उस पटरी पर भारी वाहनों की आवाजाही बंद करनी पड़ती है। एक ही पटरी से लाखों कांविड़यों का रैला निकलता है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दो साल पहले गंगनहर की दूसरी पटरी को भी चौड़ा करने का निर्णय लिया था। वह पटरी केवल कांवड़ियों के लिए तैयार की जाएगी, जबकि दूसरी पटरी पर वाहन चलते रहेंगे। मुरादनगर गंगनहर से मुजफ्फरनगर की सीमा तक चौड़ीकरण होगा। शासन स्तर से कोरोना के चलते फाइल को मंजूरी नहीं मिल रही थी। एक साल तक फाइल लंबित रही। लेकिन शासन ने अब गंगनहर पटरी को चौड़ा करने की मंजूरी दे दी है। जिस पटरी पर काम होना है वह एक लेन है, इसे अब दो लेन किया जाएगा।


फाइल फोटो

लोक निर्माण विभाग के एक्सईएन मनीष वर्मा ने बताया कि शासन से पांच करोड़ रुपये स्वीकृत हो गए हैं। इसी माह में चौड़ीकरण का काम शुरू करा दिया जाएगा।


**कांवड़ियों को मिलेगा सीधा रास्ता**

गंगनहर पटरी के चौड़ीकरण के बाद कांवड़ यात्रा एकदम आसान हो जाएगी। कांवड़ियों को हरिद्वार से आने के लिए एकदम सीधा रास्ता मिल जाएगा। इससे यूपी ही नहीं दिल्ली और हरियाणा के कांवड़ियों को भी लाभ मिलेगा। पाइपलाइन से भी बड़ी संख्या में कांवड़ियां दिल्ली जाते हैं। गंगनहर पटरी के चौड़ीकरण का काम तीन जनपद में होगा। गाजियाबाद, मेरठ और मुजफ्फरनगर अपने क्षेत्र में चौड़ीकरण का काम करेंगे। मेरठ लोक निर्माण विभाग को नोडल बनाया गया है। मुरादनगर से लेकर मुजफ्फरनगर तक गंगनहर पटरी करीब 109 किलोमीटर है।

# अलीगढ़ के बरौली से भाजपा विधायक को हुआ ब्रेन स्ट्रोक

## वैशाली के मैक्स हॉस्पिटल में कराया गया भर्ती

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद


विधायक दलबीर सिंह

अलीगढ़ के बरौली से भाजपा विधायक ठाकुर दलबीर सिंह को ब्रेन स्ट्रोक होने के बाद गंभीर हालत में वैशाली स्थित मैक्स हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। हॉस्पिटल में न्यूरोलॉजी व अन्य विभाग के वरिष्ठ डॉक्टरों की टीम उनके उपचार में जुट गई है।

प्रदेश में शिक्षा सुधार को लेकर मुखर रहने वाले विधायक ठाकुर दलबीर सिंह की तबियत रविवार को अचानक बिगड़ गई। आनन-फानन में परिजन उन्हें लेकर वैशाली स्थित मैक्स हॉस्पिटल लेकर पहुंचे और भर्ती कराया। बताया जा रहा है कि पिछले कुछ दिनों से वह अस्वस्थ चल रहे हैं। उनका शूगर लेवल बढ़ने के चलते उनकी उंगलियों में सूजन भी आ गई थी।

डॉ गौरव अग्रवाल ने बताया कि हॉस्पिटल के न्यूरोलॉजी व अन्य विभाग के वरिष्ठ डॉक्टरों की टीम विधायक के उपचार में जुटी है।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। सम्पादक: चन्दन मित्रा, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879800-4879900।

पायनियर
नई दिल्ली, सोमवार, 15 फरवरी, 2021



# चमोली में आई बाढ़ से दिल्ली में पानी का संकट

## मलबा और गंदगी का स्तर बढ़ा, सोनिया विहार व भागीरथी जलशोधन संयंत्र क्षमता से कम कर रहे काम





● दक्षिणी, पूर्वी और उत्तर-पूर्वी दिल्ली मे पानी की आपूर्ति प्रभावित रहेगी : राघव

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

उत्तराखंड के ऋषिगंगा नदी में आए सैलाब का असर राजधानी दिल्ली में दिखने लगा है। चमोली में अचानक बाढ़ आने से ऊपरी गंगा नहर से आने वाले पानी में मलबा व गंदगी स्तर काफी बढ़ गई है। जिससे दक्षिणी, पूर्वी और उत्तर-पूर्वी दिल्ली में जलापूर्ति प्रभावित होने की आशंका है।

दिल्ली जल बोर्ड के उपाध्यक्ष राघव चड्ढ़ा ने रविवार को कहा कि सोनिया विहार एवं भागीरथी जलशोधन संयंत्र कम क्षमता के साथ काम कर रहे हैं। इससे एक बड़ी आबादी में पानी की आपूर्ति प्रभावित हो सकती है। उन्होंने लोगों से पानी का उचित इस्तेमाल करने की अपील की। राघव चड्ढ़ा ने रविवार को सिलसिलेवार ट्वीट कर जानकारी दी कि उत्तराखंड में आई प्राकृतिक आपदा के बाद, उपरी गंगा नहर से दिल्ली में आने वाले पानी में गंदगी अभूतपूर्व स्तर (8000 एनटीयू) तक पहुंच गई है। गंदगी नेफेलोमीट्रिक टर्बिडिटी यूनिट (एनटीयू) में मापी जाती है। जिसके कारण सोनिया विहार एवं भागीरथी जलशोधन संयंत्र फिलहाल कम क्षमता के साथ काम कर रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि दिल्ली जल बोर्ड ने पर्याप्त संख्या में पानी के टैंकर तैनात किए हैं और पानी से गंदगी कम करने के लिए सभी संभव प्रयास किए जा रहे हैं।

एक अन्य ट्वीट में उन्होंने बताय कि गंदगी (टर्बिडिटी) किसी भी द्रव की सापेक्षित शुद्धता का माप है। गंदगी नेफेलोमीट्रिक टर्बिडिटी यूनिट (एनटीयू) में मापी जाती है। पानी में मलबे, गाद, कीचड़, शैवाल, पादप कण, पिघलते ग्लेशियर, लकड़ी के कण या रसायनों के चलते गंदगी अधिक हो सकती है

। उत्तराखंड के चमोली जिले में पिछले सप्ताह एक ग्लेशियर के फट जाने के बाद धौलीगंगा और अलकनंदा नदियों में अचानक बाढ़ आ गई थी और बड़ी तबाही हुई थी। तपोवन में एनटीपीसी की टनल में फंसे व्यक्तियों तक पहुंचने में रेस्क्यू टीम लगातार कर रही है।

# रिंकू हत्याकांड पर सियासत गरमाई

● विहिप के कार्यकारी अध्यक्ष, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष व सांसद हंसराज हंस ने दी श्रद्धांजलि

● आप का आरोप दिल्ली में कोई नहीं सुरक्षित



विधायक राघव चड्ढा




श्रद्धांजलि सभा में पहुंचे भाजपा नेता व अन्य

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

रिंकू हत्याकांड में दिल्ली की सियासत गरमा गई गई। इस मामले में भाजपा और आम आदमी पार्टी ने एक दूसरे पर राजनीति करने का आरोप लगाया है। भाजपा व आप ने एक दूसरे से पीड़ित परिवार को एक करोड़ रुपये देने की मांग भी की। रविवार को मृतक के घर पर श्रद्धांजलि सभा हुई जिसमें विश्व हिंदू परिषद के कार्यकारी अध्यक्ष आलोक कुमार प्रदेश भाजपा अध्यक्ष आदेश गुप्ता व सांसद हंसराज हंस पहुंचे। उत्तरी पूर्वी दिल्ली के सांसद मनोज तिवारी पीड़ित परिवार से मिले।

वहीं आम आदमी पार्टी के विधायक ने दिल्ली के कानून व्यवस्था का सवाल उठाकर कहा कि देश में श्रीराम का नारा लगाने वाले सुरक्षित नहीं है।

आप के विधायक राघव चड्डा ने कहा कि रिंकू शर्मा के परिजनों का आरोप है कि जय श्रीराम बोलने पर उनकी हत्या की गई, क्या भाजपा के राज में दिल्ली और देश में जय श्रीराम का नारा लगाने वाले सुरक्षित नहीं हैं? 'आप' मांग करती है कि भाजपा की केंद्र सरकार रिंकू शर्मा के परिजनों को एक करोड़ रुपए की सहायता राशि दे। दिल्ली में भाजपा के पास कानून-व्यवस्था है। क्या दिल्ली वालों ने दिल्ली की 100 प्रतिशत सीटें देकर भाजपा की केंद्र में सरकार इसलिए बनवाई थी, ताकि दिल्ली में आए दिन हत्याएं हों। चड्ढा ने कहा दिल्ली के अंदर भाजपा की पुलिस है। दिल्ली के अंदर कानून व्यवस्था भाजपा की है। दिल्ली में आए दिन हत्याएं होंगी? न हिंदू सुरक्षित है, न मुसलमान, सिख, ईसाई सुरक्षित है।

## मृतक के परिवार से मिले मनोज तिवारी, बताया साजिश का हिस्सा

सांसद मनोज तिवारी ने रविवार को मंगोलपुरी में दिवंगत रिंकू शर्मा के परिजनों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने कहा कि दिल्ली में एक के बाद एक हो रही हिंसात्मक घटनाएं इत्तेफाक नहीं बल्कि किसी बड़ी साजिश का हिस्सा है। आखिर वह कौन सी शक्तियां हैं, जो देश की राजधानी को बड़े ज म देकर कानून व्यवस्था के लिए चुनौतियां खड़ी कर रही हैं। तिवारी ने कहा कि पहले शाहीन बाग फिर दिल्ली में सांप्रदायिक दंगे उसके बाद आंदोलन की आड़ में 26 जनवरी को देश का सिर शर्म से झुका देने वाली घटनाएं महज एक संयोग नहीं है और इन घटनाओं पर विपक्षी दलों का मौन समर्थन दिल्ली को बर्बाद करने के लिए किसी बड़े प्रयोग की ओर संकेत करता है।

## हत्याकांड पर केजरीवाल चुप क्यों: आदेश गुप्ता

आदेश गुप्ता ने कहा कि भगवान श्रीराम के कार्य में जुटे युवक की हत्या निंदनीय है। उन्होंने हिंदू समाज से संगठित होने की अपील की। उन्होंने दिल्ली पुलिस से पीड़ित परिवार को सुरक्षा देने की मांग की है। उन्होंने कहा कि अरविन्द केजरीवाल के इस गंभीर वारदात पर मौन रहने से कई प्रश्न उठते हैं। सांसद हंसराज हंस ने हत्या पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि पीड़ित परिवार इसे आपसी रंजिश का परिणाम नहीं मानता। इसकी तेजी से जांच के लिए विशेष दल गठित करना चाहिए। सांसद हंसराज हंस ने इस मामले में पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों भेंट की। उन्होंने कहा कि मृतक परिवार में अकेला कमाने वाला था इसलिए पीड़ित परिवार की मदद के लिए सभी को आगे आना चाहिए।

## 50 लाख रुपये इकट्ठा किए जा चुके हैं: भाजपा

भाजपा की तरफ से दावा किया जा रहा है कि कपिल मिश्रा की पहल पर रिंकू शर्मा के परिवार के लिए बीते 24 घण्टे में 50 लाख रुपये इकट्ठा किए जा चुके हैं। सोमवार तक एक करोड़ रुपये का लक्ष्य हासिल कर उसके परिवार को यह रकम देंगे। मिश्रा ने कहा है कि रिंकु शर्मा के परिवार को न अकेला पड़ने देंगे और न कमजोर।

# ई-ऑटो से बचेंगे 29 हजार रुपए सालाना: गहलोत

**स्विच दिल्ली अभियान का दूसरा सप्ताह**

● राजधानी में कम होगा प्रदूषण का स्तर, 68 निर्माता स्क्रैप को दे रहे प्रोत्साहन



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

केजरीवाल सरकार ने प्रदूषण कम करने और इलेक्ट्रिक गाड़ियां खरीदने के प्रति लोगों को प्रोत्साहित करने के लिए स्विच दिल्ली अभियान शुरू किया है। इस मुहिम में दिल्ली वालों को इलेक्ट्रिक वाहनों के फायदे बताए जा रहे हैं।

इसी कड़ी में अभियान के दूसरे सप्ताह में तिपहिया वाहनों को बढ़ावा देने पर सरकार का जोर है। परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने मुहिम के अगले चरण की शुरुआत करते कहा कि दो और तिपहिया वाहन, प्रदूषण में दो-तिहाई योगदान करते हैं। तिपहिया वाहन हर दिन 12-16 घंटे सड़क पर चलते हैं। ईवी नीति में इनपर ध्यान केंद्रित किए जाने से इन्हें बिजली में बदलने में सफलता मिलेगी, जिससे वायु गुणवत्ता में सुधार होगा। कैलाश गहलोत ने कहा कि ई-ऑटो किसी भी स्थान तक यात्रा करने का साधन बन सकता है।

दिल्ली सरकार जल्द ही ई-ऑटो के आसान पंजीकरण की सुविधा के लिए एक योजना लाएगी। पिछले कुछ सालों से ई-रिक्शा को बढ़ावा देने के लिए 30 हजार रुपये की सब्सिडी दी जा रही है। ईवी नीति के बाद उसी सब्सिडी को ई कार्ट-लोडर और ई-ऑटो पर दिया जा रहा है। प्रत्येक वाहन की खरीद पर 30 हजार रुपये तक की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी। दिल्ली में पंजीकृत पुराने सीएनजी ऑटो रिक्शा को स्क्रैप करने और डी-रजिस्टर करने के लिए 7500 रुपये तक की छूट उपलब्ध होगी। सभी इलेक्ट्रिक तिपहिया वाहनों के लिए रोड टैक्स और पंजीकरण शुल्क भी माफ किया जाएगा। सरकार द्वारा ईवी नीति के तहत इलेक्ट्रिक तिपहिया ऑटो पर दी जा रही सब्सिडी उनकी कीमत को 26 प्रतिशत तक कम करती है। इलेक्ट्रिक तिपहिया ऑटो खरीदकर लगभग 29 हजार रुपये सालाना बचाए जा सकते हैं। इसी तरह इलेक्ट्रिक ई-रिक्शा पर दी जाने वाली सब्सिडी से उसकी कीमत 33 प्रतिशत तक कम हो जाती है।

### 500 चार्जिंग स्टेशन बनाने के लिए निविदा जारी

नीति के तहत 177 तिपहिया मॉडल खरीदने के लिए उपलब्ध हैं और 68 निर्माता स्क्रैप को प्रोत्साहन दे रहे हैं। सरकार ने हाल ही में 100 साइटों पर 500 चार्जिंग स्टेशन बनाने के लिए निविदा जारी की है। जिनमें से अधिकांश में धीमे चार्जर्स होंगे जो विशेष रूप से दो और तिपहिया वाहनों के लिए उपयुक्त हैं। स्विच दिल्ली अभियान आठ सप्ताह का इलेक्ट्रिक वाहन जन जागरूकता अभियान है। इलेक्ट्रिक वाहन खरीदने के लाभों और ईवी नीति के तहत दिए जा रहे प्रोत्साहनों, सुविधाओं को लेकर जागरूक किया गया है। प्रदूषण फैलाने वाले वाहनों के स्थान पर शून्य-उत्सर्जन वाले इलेक्ट्रिक वाहन खरीदने के लिए जानकारी प्रोत्साहित होगा।

# कोरोना के 150 नए मामले, दो मरीजों की मौत



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली में रविवार को कोरोना वायरस संक्रमण के 150 नए मामले सामने आने के बाद संक्रमितों की संख्या बढ़कर 6,36,946 हो गई। इसके अलावा दो रोगियों की मौत हुई है, जिससे मृतक संख्या बढ़कर 10,891 हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि दिल्ली में संक्रमण की दर 0.2 प्रतिशत है। शनिवार को दिल्ली में किसी रोगी की मौत नहीं हुई थी। फरवरी में दूसरी बार ऐसा हुआ था जब एक दिन कोविड-19 से किसी की मौत नहीं हुई। शनिवार से पहले नौ फरवरी को कोविड-19 के किसी रोगी की मौत नहीं हुई थी, जब तकरीबन नौ महीने के बाद ऐसा हुआ था।

दिल्ली सरकार द्वारा जारी नए स्वास्थ्य बुलेटिन के अनुसार राष्ट्रीय राजधानी में शनिवार को 56,902 लोगों की कोविड-19 जांच की गई, जिनमें से 150 लोग रविवार को वायरस से संक्रमित पाए गए। बुलेटिन के अनुसार दिल्ली में उपचाराधीन रोगियों की संख्या 1,031 है। शनिवार को उपचाराधीन रोगियों की संख्या 1041 थी।

# डीडीए प्लाट के नाम पर ठगी करने का आरोपी 8 साल बाद गिरफ्तार

● रोहिणी और द्वारका में प्लाट बेचने का झांसा देकर सात करोड़ की ठगी



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा ने दिल्ली विकास प्राधिकरण के प्लाट मुहैया कराने के नाम पर ठगी करने वाले आरोपी को फरीदाबाद से गिरफ्तार किया है।

आरोपी सुरेश शर्मा आठ से फरार चल रहा था। उसने रोहिणी और द्वारका में प्लाट बेचने के नाम पर सात करोड़ रुपये की ठगी की थी। उसने योजनाबद्ध तरीके से साथियों के साथ मिलकर प्लाटों के फर्जी दस्तावेज बनवा कर वारदात को अंजाम दिया था। इस मामले में जितेंद्र गुप्ता समेत छह आरोपित पहले ही गिरफ्तार किए जा चुके हैं। आर्थिक अपराध शाखा के संयुक्त पुलिस आयुक्त डॉ. ओपी मिश्रा ने बताया कि मॉडल टाउन निवासी संजय गोयल ने ठगी की शिकायत पुलिस में की थी। उन्होंने बताया कि वह और उनके परिवार के सदस्य रोहिणी और द्वारका में प्लाट लेने के इच्छुक थे। इसको लेकर उन्होंने प्रापर्टी डीलर जितेंद्र गुप्ता से संपर्क किया था। जितेंद्र और उसके साथियों ने छह प्लाट के जाली दस्तावेज देकर उनसे सात करोड़ रुपये ठग लिए।

आरोपियों द्वारा पीड़ितों को दिए गए दस्तावेज की डीडीए से जांच कराई गई तो वे फर्जी निकले। छानबीन में पता चला कि योजना के तहत जितेंद्र गुप्ता और उसके साथियों ने लोगों को चूना लगाया। जिसके बाद पुलिस ने जितेंद्र गुप्ता सहित अन्य को गिरफ्तार कर लिया था।

# नौ ओपन जिम से सुधरेगी लोगों की सेहत: लेखी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

भाजपा सांसद मीनाक्षी लेखी ने नई दिल्ली इलाके में नौ ओपेन जिम और एक सीएनजी श्मशान घाट व कोटला मुबारकपुर में सामाजिक कार्यकर्ता चौधरी सतराम के नाम पर सड़क का उद्घाटन किया है।

लेखी ने आरडब्ल्यूए सदस्यों व भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ पुलवामा हमले में शहीद हुए बहादुर सैनिकों को भी श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर मिनाक्षी लेखी ने कहा कि जीवन में फिटनेस की महत्वपूर्ण भूमिका है। अगर लोग शारीरिक रूप से स्वस्थ हैं तो उनका मानसिक संतुलन बेहतर रहता है। प्रधानमंत्री ने फिट इंडिया मूवमेंट को एक जन आंदोलन बनाने के लिए कहा था और वह इसी प्रयास में लगी हैं। जैसे-जैसे लोग अपने स्वास्थ्य पर ध्यान देना शुरू करते हैं।

वह अपने शरीर को बेहतर समझने लगते हैं। उन्होंने कई लोगों को देखा है जिन्होंने इस तरह से अपने शरीर की शक्ति को जाना और पहचाना है। इससे उनका आत्मविश्वास भी बढ़ा है जिससे उन्हें एक बेहतर व्यक्तित्व बनाने में भी मदद मिली है।

# हुनर हॉट में 31 राज्यों के 600 शिल्पकार-कारीगर जुटेंगे

● जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में 20 फरवरी से होगा शुभारंभ



अब्बास नकवी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में 20 फरवरी से 26वें हुनर हाट का आयोजन कर रहा है, जहां देशभर के स्वदेशी कारीगर और शिल्पकार एकजुट होंगे।

एक सरकारी बयान में बताया गया है कि एक मार्च तक चलने वाले हुनर हाट का आयोजन वोकल फॉर लोकल थीम पर किया जा रहा है जिसमें देश के 31 से अधिक राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों के 600 से अधिक दस्तकार, शिल्पकार शामिल होंगे।

इसमें बड़ी संख्या में महिला कारीगर भी हिस्सा लेंगी। इस हुनर हाट का औपचारिक उद्घाटन 21 फरवरी को केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री धर्मेंद्र प्रधान करेंगे और पत्तन,पोत परिवहन और जलमार्ग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) मनसुख मंडाविया मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने शनिवार को यहां कहा कि अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय द्वारा देश भर के दस्तकारों, शिल्पकारों के स्वदेशी उत्पादों को लोगों तक पहुंचाने एवं प्रोत्साहित करने का उत्तम मंच हुनर हाट है।

उन्होंने कहा कि यह अब तक पांच लाख से ज्यादा दस्तकारों, शिल्पकारों, कलाकारों को आजीविका और रोजगार के मौकों से जोड़ चुका है। अल्पसंख्यक मंत्रालय 75 हुनर हाट के जरिए 7.5 लाख दस्तकारों को आजीविका और रोजगार के मौके उपलब्ध कराएगा। देश की आजादी के 75 वर्ष पूरे होने तक मुल्क में 75 हुनर हाट का आयोजन किया जाएगा।

नकवी ने कहा कि यह हुनर हाट ई-मंच पर उपलब्ध रहेगा जहां लोग सीधे दस्तकारों, शिल्पकारों, कारीगरों के बेहतरीन स्वदेशी सामानों को देख सकेंगे और खरीद सकेंगे। उन्होंने कहा कि हुनर हाट, इन कारीगरों और शिल्पकारों को देश-विदेश में बाजार मुहैया कराने का प्रभावी मंच भी बन गया है। कर्नाटक के मैसूर में छह से 14 फरवरी के बीच आयोजित हुनर हाट में लाखों लोग पहुंचे।

# कोरोना और बर्ड फ्लू के खौफ ने छीना पक्षियों का निवाला

## दाना खिलाने वाले पक्षी प्रेमियों की संख्या लगातार घट रही, अनाज बेचने वाले भी हुए परेशान



**ज़ाहिद अली।** नई दिल्ली

विश्वव्यापी कोरोना महामारी के बाद बर्ड फ्लू ने पक्षी प्रेमियों के लिए खासी मुश्किलें खड़ी कर दी है।

पहले कोरोना से मानव जूझता नजर आया अब बर्ड फ्लू से पक्षियों पर शामत आ गई है। बीमारी के खौफ के चलते दिल्ली की सड़कों के किनारे कबूतर के झुंड को दाना डालने वाले पक्षी प्रेमियों की संख्या में भारी कमी आई है। इसका असर दाना बेचने वाले लोगों की आर्थिक हालात और पक्षियों के कमल के रूप में साफ देखा जा सकता है। कनॉट प्लेस लेकर कई चौराहों पर पक्षियों से गुलजार रहते थे जहां हजारों पक्षी प्रेमी नियमित रूप से दाना डालते थे। लेकिन कोरोना के कारण लंबे समय से लॉकडाउन और उसके बाद बर्ड फ्लू के कारण कबूतर इन चौराहों का रास्ता भूल गए हैं। जहां कभी दाना खिलाने के लोग अपनी बारी का इंतजार करते थे अब वहां पूरे दिन में गिनती के लोग भी नहीं आते हैं। कड़कड़डूमा तिराहे पर पक्षियों का दाना बेचने वाले जीशान के अनुसार कबूतरों को दाना खिलाने के लिए यहां सभी धर्म के लोग नियमित रूप से आते थे।

लॉकडाउन के चलते पूरी दिल्ली के लोग घरों में कैद हो गए थे। इससे पक्षियों को परेशानी हुई। उस दौरान जब कभी यहां आता था तो कबूतरों को भूख से तड़पता देखता था। लॉकडाउन के बाद लोग डरे सहमे घर से तो निकले ही थे कि बर्ड फ्लू की दस्तक ने लोगों को पक्षियों से दूर कर दिया। पास में ही अनाज बेचने वाले मोतीलाल ने बताया कि पक्षी प्रेमियों के नहीं आने और दाना महंगा होने से भी बहुत फर्क पड़ा है। वहीं ज्योति ने बताया कि बर्ड फ्लू के कारण और दाने की कमी के चलते कुछ पक्षी दूसरे स्थानों पर चल गए हैं। कबूतर को दाना डालने आए राहुल शर्मा ने बताया कि वह इस काम को पुण्य का काम मानकर प्रतिदिन यह काम करते हैं। बर्ड फ्लू से थोड़ा डर तो था मगर कुछ दिनों बाद स्थिति सामान्य होने से उनका डर समाप्त हो गया है।

### सतअनाजा की मांग



पक्षियों को दाना खिलाना पुण्य का काम माना जाता है, विशेष कर सतअनाजा खिलाना। सतअनाजा यानि एक साथ सात अनाज। अनाज बेचने वाले एक थाली में सात अनाज मिलाकर कर रखते हैं। इनकी कीमत थाली के आकार और मात्रा के अनुसार दस से लेकर सौ रुपये तक होती है।



### यमुना विहार के तिराहे पर सन्नाटा

यमुना विहार के तिराहे पर एक समय काफी पक्षी दिखाई देते थे। इसका कारण यहां बड़ी संख्या में पक्षियों का अनाज बेचने वाले भी थे। यहां बड़ी मात्रा में पक्षी प्रेमी भी आते थे।

बर्ड फ्लू के खौफ ने इस जगह को उजाड़ बना दिया है। स्थान को उजाड़ दिया है। यहां एक मात्र एक अनाज बेचने वाले व्यक्ति ने बताया कि यहां पक्षी लगभग गायब हो गए हैं। जिसके कारण यहां का अनाज यहां घूमने वाली गाय इन दानों को आकर खाती हैं। अब लोग गाय हो देखकर आने लगे है।

# संक्षिप्त समाचार




श्रद्धांजलि सभा में विचार व्यक्त करतीं मेनका संजय गांधी

### सदैव अनुकरणीय रहेंगी मालती मोहिंद्र सिंह: मेनका गांधी

**नई दिल्ली।** श्री सत्य साईं अंतर्राष्ट्रीय केंद्र में आयोजित दिवंगत मालती मोहिन्द्र सिंह की द्वितीय पुण्यतिथि पर भक्ति गीतों के साथ उन्हें श्रृद्धांजलि अर्पित की गई। पूर्व केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री मेनका संजय गांधी ने मालती मोहिन्द्र सिंह को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि उन द्वारा प्रशस्त किया गया मार्ग हम सभी के लिए सदैव अनुकरणीय रहेगा। हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री ओमप्रकाश चौटाला, हरियाणा के सिंचाई विभाग, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री तथा जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव देवेन्द्र सिंह, डॉ सोनिया राजेश खुल्लर व अन्य लोगों ने मालती मोहिन्द्र सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की। अधीनस्थ सेवा चयन बोर्ड के सदस्य शमशाद अली ने मंच का संचालन किया। उल्लेखनीय है कि शिक्षकों को प्रोत्साहित व सम्मानित किए जाने की दिशा में पंजाब में वर्ष 2013 में मालती ज्ञानपीठ पुरस्कार प्रारंभ किए गए। पुरस्कारों के अंतर्गत पंजाब के राजकीय व सरकारी अनुदान प्राप्त उच्च विद्यालयों व वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों के श्रेष्ठ 15 शिक्षकों को प्रतिवर्ष प्रत्येक को 01 लाख रुपये प्रदान किए जाते हैं। मालती मोहिन्द्र सिंह की प्रेरणा से उनके पुत्र मनोज सिंघल ने वर्ष 2003 में महेन्द्र सिंह सिंघल शैक्षणिक एवं अनुसंधान समिति की स्थापना की।

### राजधानी में न्यूनतम तापमान सामान्य से कम रहा

**नई दिल्ली।** दिल्ली में रविवार सुबह हल्का कोहरा छाया रहा और न्यूनतम तापमान 8.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने यह जानकारी दी। मौसम विभाग ने बताया कि न्यूनतम तापमान सामान्य से दो डिग्री सेल्सियस कम दर्ज किया गया। मौसम विज्ञानियों ने रविवार को आसमान साफ रहने का पूर्वानुमान व्यक्त किया है। अधिकतम तापमान 27 डिग्री सेल्सियस के करीब रहने की संभावना है। मौसम विभाग के मुताबिक सुबह साढ़े आठ बजे सापेक्ष आर्द्रता 100 प्रतिशत दर्ज की गई।

### आप में शामिल हुए पार्षद सहित कई कांग्रेसी नेता

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम के चुनाव से पहले आम आदमी पार्टी का कुनबा बढ़ता जा रहा है। रविवार को हरिनगर विधानसभा के सुभाष नगर वार्ड से पार्षद सुरेंद्र सेतिया और पूर्व पार्षद मंजू सेतिया अपने समर्थकों के साथ आज आम आदमी पार्टी में शामिल हुए. पार्टी के निगम प्रभारी दुर्गेश पाठक ने टोपी और पटका पहनाकर पार्टी में उनका स्वागत किया।

### तिब्बिया कॉलेज को विश्वविद्यालय का दर्जा देने की मांग

**नई दिल्ली।** ऑल इंडिया यूनानी तिब्बी कांग्रेस के तत्वाधान में विश्व यूनानी चिकित्सा विज्ञान दिवस का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान केंद्रीय यूनानी चिकित्सा अनुसंधान परिषद के पूर्व महानिदेशक प्रोफेसर सैयद शाकिर जमील को लाइफ टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रोफेसर मुस्ताक अहमद ने कहा कि सर्जरी का अधिकार केवल आयुर्वेद को दिए जाने की घोषणा से समस्त आयुष जगत आश्चर्यचकित है क्योंकि आयुष मंत्रालय में आयुर्वेद, यूनानी, योगा और होम्योपैथी शामिल है। कार्यक्रम में आयुर्वेद एंड यूनानी तिब्बिया कॉलेज को विश्वविद्यालय का दर्जा देकर अपग्रेड करने की मांग की। ऑल इंडिया यूनानी तिब्बी कांग्रेस के राष्ट्रीय मानद महासचिव डॉ सैयद अहमद खान ने कहा कि आयुर्वेद एंड यूनानी तिब्बिया कॉलेज के 100 वर्ष पूरे हो चुके हैं और इंटीग्रेटेड यूनानी आयुर्वेद यूनिवर्सिटी बनाए जाने का कदम उठाया जाना चाहिए। वहीं, इस दौरान अन्य वक्ताओं में प्रोफेसर मोहम्मद इदरीस डॉक्टर वेणु गोपाल आदि मौजूद रहे।

# रन4राम मैराथन में दौड़े गुरुग्रामवासी, शहीदों को किया नमन

## जन जागरण के लिए सामाजिक संस्थाओं ने किया रन4राम मैराथन का आयोजन

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**अयोध्या** में भगवान श्रीराम मंदिर निर्माण के लिए चल रहे निधि समर्पण अभियान के दौरान जनजागरण के लिए रविवार को रन4राम मैराथन में लोगों ने दौड़ लगाई। दौड़ने से पहले लेजरवैली पार्क में मौजूद सैकड़ों लोगों ने पुलवामा के शहीदों को भी नमन किया।

रेवा फाउंडेशन और जयहिंद जनसेवा फाउंडेशन के बैनर तले आयोजित मैराथन को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत संघचालक पवन जिंदल और भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ ने भगवान राम के परमभक्त हनुमान जी का ध्वज दिखाकर रवाना किया। लेजरवैली पार्क से शुरू होने वाली सात किलोमीटर लंबी मैराथन में 600 से अधिक लोग दौड़े। इस दौरान पूरा साइबर सिटी राममय बना रहा। हाथों में भगवा झंडे और तिरंगे लेकर लोगों ने भारत माता की जय और जय श्रीराम के उद्घोष किये। पवन जिंदल ने कहा कि भगवान राम करोड़ों लोगों की आस्था के केन्द्र हैं। करीब 500 वर्षों के अथक प्रयासों और बलिदान के फलस्वरूप सुप्रीम कोर्ट ने ऐतिहासिक निर्णय रामभक्तों के पक्ष में दिया।


गुरुग्राम में रन4राम को झंडी दिखाकर रवाना करते अतिथि।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ ने तिरंगा और भगवा झंडा लहराने वाले युवाओं से आह्वान किया कि यह समय है जब हमें अपनी आस्था और अपने देश के लिए काम करना है। हमारे मन में श्रीराम के प्रति आस्था बताती है कि हम अपनी संस्कृति को भूले नहीं है। यही कारण है कि आज सैकड़ों लोग भगवान राम के नाम पर होने वाली दौड़ में हिस्सा लेने पहुंचे।

इसी तरह शहीदों के प्रति हमारी भावनाएं बताती हैं कि हमारे सैनिक हमारा सम्मान हैं। पुलवामा अटैक में शहीद हुए हमारे सैनिकों को देश सदा याद रखेगा और उनकी शहादत पर सदा गर्व करेगा। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश धनखड़ ने भी मैराथन में दौड़ लगाई।

सबसे आगे भगवान राम के परम भक्त हनुमानजी का ध्वज लेकर धनखड़ दौड़े तो रन4राम की छपी टी शर्ट पहनकर लोग भी दौड़ में शामिल हो गए। इस अवसर पर पूर्व कैबिनेट मंत्री राव नरबीर सिंह, सुनील राव, यतेंद्र राव, अरुण यादव, अरविंद सैनी, श्याम यादव, महेश डावरा, रवि बंसल, मनीष चम, सूरज प्रकाश ओझा, नेहा, महेंद्र यादव, विजय कुमार, नरेश यादव आदि मैराथन समिति के पदाधिकारी भी दौड़े।

## संक्षिप्त समाचार

### लेफ्टिनेंट बने प्रशांत का पूर्वांचल की संस्थाओं ने किया सम्मान



**गुरुग्राम।** यहां मारुति कुंज निवासी प्रशांत खटाना का थल सेना में लेफ्टिनेंट पद पर चयन हुआ है। रविवार को डॉ. राजेंद्र प्रसाद फाउंडेशन, पटेल विकास मंच की ओर से प्रशांत खटाना का उनके निवास पर जाकर सम्मान किया गया। डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद फाउंडेशन के अध्यक्ष राजेश पटेल, पटेल विकास मंच के राजेंद्र कुमार, बबलू सिंह ने प्रशांत खटाना के लेफ्टिनेंट बनने की खुशी में उनका स्वागत और सम्मान करते हुए कहा कि वे गुरुग्राम का गौरव हैं। उन्होंने परिवार, समाज, शहर और जिले का नाम रोशन किया है। ऐसे सफल व्यक्तित्व का सम्मान करके वे खुद को सम्मानित महसूस कर रहे हैं। उन्होंने थल सेना के माध्यम से देश सेवा का जो रास्ता चुना है। वे इस रास्ते पर सदा सफलता हासिल करें, यही सबकी कामना है। प्रशांत को सम्मान स्वरूप तिरंगा झंडा, पगड़ी, शॉल और स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। मौके पर शिक्षक वेदप्रकाश गौड़ ने कहा कि देशसेवा के लिए लेफ्टिनेंट बने प्रशांत को वे बधाई देते हैं कि उन्होंने कड़ी मेहनत करके यह मुकाम हासिल किया है।

### ब्राह्मण समाज के लोगों ने परिवहन मंत्री को सौंपा ज्ञापन

**फर्रुखनगर।** भगवान परशुराम मंदिर के भूमि पूजन एवं भवन लोकार्पण के लिए पहुंचे हरियाणा के परिवहन, खनन एवं कौशल विकास मंत्री मूलचंद शर्मा को दोहली संघर्ष समिति के एक शिष्टमंडल ने दोहली कानून सशोधन के लिए ज्ञापन सौंपा। दोहली संघर्ष समिति के संस्थापक कृष्ण पंडित, चेयरमैन राजबीर शर्मा सैदपुर, सुरेंद्र गौड़ सुल्तानपुर नरेंद्र उपाध्याय, प्रेमचंद, धीरज कौशिक, जितेंद्र कौशिक, सरपंच इंद्रजीत शर्मा, कैलाश शर्मा, मुरारी लाल ढाणा, योगेश शर्मा, अजय शर्मा, नरेश शर्मा, जयकिशन आदि ने ज्ञापन में बताया कि सरकार विगत पिछले कुछ वर्षों से अनेकों कार्य रही है। आम आदमी का सरकार व प्रशासन के प्रति विश्वास जागृत हुआ है। जो विगत 150 वर्षों से अधिक समय से दान में ली गई भूमि को बतौर दोहलीदार, बूटदीदार, भौंडेदार व मुकबदार कब्जा व काश्त करते चले आ रहे हैं। दानकर्ता द्वारा दी गई व्यक्तिगत व सामाजिक जिम्मेदारियों का ईमानदारी से पालन करते चले आ रहे हैं। अब सरकार द्वारा बिल नंबर-34 एचएलए ऑफ 2018 विधान सभा द्वारा पारित करके राष्ट्रपति के समक्ष स्वीकृति के लिए भेजा हुआ है। यह बिल ग्राम पंचायत, नगर निगम, नगर पालिका, बोर्ड आदि व अन्य सरकारी विभागों की जमीनों से सम्बन्धित है। इससे दोहलीदार, बूटदीदार, भौंडेदार व मुकबदारों को नुकसान होगा।

### पुलवामा के शहीदों को दी श्रद्धांजलि



**गुरुग्राम।** जन सेवा एवं सांस्कृतिक चेतना मंच ने रविवार को अपने कार्यालय पर पुलवामा हमले में शहीद जवानों को श्रद्धांजलि दी गई। लोगों ने मौन धारण कर और कैंडल जलाकर श्रद्धांजलि अर्पित की। जनसेवा एवं सांस्कृतिक चेतना मंच के अध्यक्ष रणधीर राय महासचिव शम्भू प्रसाद कोषाध्यक्ष राजेश कुमार उपाध्यक्ष दयानंद, सचिव जितेंद्र यादव, केएन पांडेय, ओमप्रकाश, आलोक समाजसेवी राजेश पटेल, शशिभूषण, अशोक कुशवाहा, सुधीर, हरेंद्र, रामविशेख, दीपक, गोविंद आदि मौजूद रहे।

### स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में 45 लोगों ने किया रक्तदान

**गुरुग्राम।** सेक्टर-57 स्थित हांगकांग बाजार में अंसल बिल्डवेल व रोटरी क्लब के सहयोग से स्वैच्छिक रक्तदान एवं नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 45 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया और 50 लोगों से अधिक ने चिकित्सकों से अपने स्वास्थ्य की जांच भी कराई। सिविल डिफेंस के प्रवक्ता संजय चुघ ने बताया कि सिविल डिफेंस की टीम ने शिविर में रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया। शिविर के आयोजक अजय पंडित ने कहा कि रक्तदान एक ऐसा पुण्य का कार्य है, जिसमें सभी को सहयोग देना चाहिए। रक्त की कुछ बूंदें ही मरणासन्न व्यक्ति को जीवनदान दे सकती हैं। आयोजन को सफल बनाने में डॉ. महिमा किल्होड़, डा. मेहरोत्रा, योगेंद्र शर्मा, कृष्णा गोयनका, ओपी वाही, राहुल सिंह, बीना गुप्ता, राजेश यादव, जहांगीर जंग आदि का सहयोग रहा।

# लम्बित वेतन समझौते को लेकर मुंजाल शोवा के श्रमिकों में रोष

## आम सभा करके कंपनी प्रबंधन के खिलाफ की नारेबाजी

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**पालम** विहार स्थित एक वाटिका में सेक्टर-18 स्थित ऑटो पार्ट कंपनी मुंजाल शोवा के कर्मचारियों की आम सभा श्रमिक नेता सुभाष मलिक, विजय गुलाटी और सुरेंद्र जांगड़ा की अध्यक्षता में हुई।

उन्होंने बताया कि श्रमिक यूनियन व प्रबंधन की श्रम विभाग की मध्यस्थता में 22 महीने से लंबित वेतन समझौते पर करीब दो दर्जनों मीटिंग के बाद भी कोई हल नहीं निकला। जबकि वेतन को लेकर कंपनी परिसर में प्रबन्धन ने श्रमिक प्रतिनिधियों के साथ एक भी बैठक नहीं की। लंबित वेतन समझौते को लेकर लगातार कर्मचारियों में भारी रोष दिखाई बढ़ता जा रहा है। आम सभा में सभी कर्मचारियों ने एक आवाज में प्रस्ताव पास किया कि यदि


लंबित वेतन समझौते के विरोध में आम सभा में मौजूद मुंजाल शोवा के श्रमिक।

प्रबंधन हमारी मांगें नहीं मानता है तो श्रमिकों में भारी नाराजगी की संभावना देखते हुए यदि भविष्य में कोई अप्रिय घटना होती है तो इसका जिम्मेदार कंपनी प्रबंधन व जिला श्रम विभाग होगा।

श्रमिक नेताओं ने बताया कि श्रम उपायुक्त रमेश आहूजा व अतिरिक्त श्रम उपायुक्त मनीष शर्मा भी कोई रुचि नहीं दिखा रहे हैं। श्रमिक नेता कुलदीप जांघू ने कहा कि यदि प्रबंधन ने जल्द समाधान नहीं निकाला तो गुरुग्राम से लेकर बावल तक के सभी यूनियनों को बुलाकर बड़ी रणनीति बनाई जाएगी। हम शांतिपूर्ण तरीके अपनी जायज मांगें मांगते हैं, लेकिन प्रबंधन का अड़ियल रवैये के चलते बेवजह विवाद खड़ा करते हैं, जिससे औद्योगिक अशांति फैलती है। हम किसी भी श्रमिकों के हकों को नहीं मारने देंगे।

कर्मचारियों का शोषण बिल्कुल बर्दास्त नहीं होगा। श्रमिक प्रतिनिधियों में विनोद राणा, अजित हुड्डा, कुलदीप गुप्ता, राजेश, श्यामलाल, समुंदर, रामभज, संजीव कुमार, इंदल शाक्या आदि ने कर्मचारियों को सम्बोधित किया।

## बिल्डिंग मैटेरियल विक्रेता पर केस दर्ज

**सोहना।** भोंडसी थाना पुलिस ने बिहार निवासी की शिकायत पर रिठौज निवासी भवन सामग्री सप्लायर के खिलाफ मामला दर्ज किया है। शिकायतकर्ता ने आरोपी पर भवन सामग्री न खरीदने मारपीट करने और दस दिन से परेशान करने का आरोप लगाया है। मूलरुप से बिहार के जिला सुपौल, गांव कमौली निवासी रंजीत पुत्र मोहन ने भोंडसी थाना में भवन सामग्री विक्रेता के खिलाफमामला दर्ज कराया है। रंजीत ने पुलिस को बताया कि वह भोंडसी की स्नेह विहार कॉलोनी में अपने भाई के मकान पर रह रहा है। उसने भवन निर्माण का कार्य चलाया हुआ है। रिठौज निवासी सुरेन्द्र खटाना कॉलोनी में भवन निर्माण सामग्री बेचता है। जो उसे पिछले 10 दिन से जबरन सामग्री लेने का दबाव बना रहा है। उसे जान से मार देने की धमकी देता है। उसने शनिवार को उसके साथ मारपीट भी की। रंजीत ने पुलिस को बताया कि यदि भविष्य में उसके साथ कोई वारदात घटित होती है। उस वारदात का जिम्मेदार सुरेन्द्र खटाना होगा। मामले की जांच कर रहे एसआई धर्मबीर सिंह ने बताया कि आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस उस मामले की जांच कर रही है।

# फर्रूखनगर खंड में नहर आधारित पेयजल की मंजूरी


फर्रूखनगर खंड में पेयजल की समस्या का समाधान होने पर विधायक सत्यप्रकाश जरावता का धन्यवाद करने पहुंचे लोग।

**गुरुग्राम।** फर्रूखनगर खंड में नहर आधारित 24 घंटे पेयजल की मांग को मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने मंजूरी दे दी गई है। यह पानी एनसीआर चैनल से दिया जाएगा। क्षेत्र के 25 गांव और नौ ढाणियों में इस पानी की सप्लाई होगी, जिस पर 61 करोड़ 55 लाख रुपये का खर्च आएगा। साथ ही 71 गांवों व 17 अन्य ढाणियों तक यह पानी पहुंचाने को योजना बनाने के निर्देश सीएम मनोहर लाल ने दिए हैं। यह जानकारी पटौदी के विधायक सत्यप्रकाश जरावता ने दी।

विधायक सत्यप्रकाश जरावता ने कहा कि पटौदी विधानसभा क्षेत्र की जनता सदियों तक पानी की समस्या सुलझाने के लिए हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल का हमेशा ऋणी रहेगी। सत्यप्रकाश जरावता ने कहा कि विधायक बनते ही पीने के पानी की समस्या को लेकर चिंतित हैं और अपने प्रत्येक कार्यक्रम में इसे मुद्दे को प्रमुखता से उठाते हैं। मुख्यमंत्री मनोहर लाल से भी कई बार इस विषय को लेकर मुलाकात कर चुके हैं।

अब शनिवार को मानेसर में मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने 24 गांव मुसेदपुर, डूमा, खेड़ा खुर्रमपुर, पालडी, अलीमुद्दीनपुर, गढ़ी नत्थे खां, बिरहेड़ा, शेखुपुर, माजरी, जराऊ, सिवाडी, महचाना, फरीदपुर, राजुपुर, कारोला बसुंडा, डाबोदा, तिरपडी, जोनियावास, फाजिलपुर, बादली, ताजनगर, खंडेवला, जटौला और नौ ढाणी ढाणी रामजीलाल, ढाणी सुंदरपुर, ढाणी हीरान, ढाणी जयहिन्द, ढाणी रामअवतार, ढाणी मानसिंह और ढाणी रामकरण के लिए 61 करोड़ 55 लाख रुपये की योजना मुसेदपुर बिरहेड़ा तथा महचाना जलघर को 24 घंटे पेयजल पानी के लिए जलकुप आधारित योजना को नहरी पानी आधारित योजना को मंजूरी दी।

# युवाओं ने पुलवामा शहीदों को किया नमन, पौधे रोपे


गुरुग्राम के गांव जाटौला में शहीदों को नमन करते लोग।

**फर्रूखनगर।** युवा सोच क्लब जाटौला के एक वर्ष पूरा होने के अवसर पर क्लब ने शहीद रणवीर सिंह समाधि स्थल पर पौधारोपण किया।

देश के पुलवामा में शहीद हुए वीर जवानों की दूसरी पुण्यतिथि पर पूर्व हेडमास्टर बुधराम मास्टर ने दीप प्रज्वलित किया। सभी युवाओं ने वीर जवानों को नमन किया। गजे सिंह चेयरमैन, पंकज मास्टर, एडवोकेट सतीश भारद्वाज, अरविंद चौहान थानेदार दिल्ली पुलिस गजेसिंह, रणवीर सिंह, मनीष, अर्जुन, अन्नू, दीपक, प्रताप, आशीष जय हिन्द, टेकचंद, मोनू पांचाल, सविता बहन, मनीष चौहान आदि गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# कैनविन के शिविर में 400 से अधिक लोगों ने कराई जांच

## गुड़गांव गांव की सैनी चौपाल में किया आयोजन

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**कैनविन** फाउंडेशन की ओर से रविवार को गुड़गांव गांव की सैनी चौपाल में फ्री हेल्थ चेकअप कैंप एवं मेम्बरशिप ड्राइव का आयोजन किया। कैंप का शुभारंभ फाउंडेशन के संस्थापक डॉ. डीपी गोयल, सह-संस्थापक नवीन गोयल की मौजूदगी में वार्ड-11 के पार्षद दिनेश सैनी और समाजसेवी रेखा सैनी ने किया। शिविर में 400 से अधिक लोगों ने जांच कराई।


गुड़गांव गांव की सैनी चौपाल में आयोजित शिविर में अतिथियों को सम्मानित करते कैनविन फाउंडेशन के सह-संस्थापक नवीन गोयल।

पूर्व डिप्टी मेयर परमिंदर कटारिया, समाजसेवी बाली पंडित, जुगल रैना, कृष्ण यादव, विजयपाल यादव कन्हई, सैनी समाज की प्रदेश अध्यक्ष नीलम सैनी, योगिता सैनी, अशोक सैनी समेत काफी संख्या में मौजिज लोग उपस्थित रहे। कैनविन फाउंडेशन संस्थापक डॉ. डीपी गोयल, सह-संस्थापक नवीन गोयल ने बताया कि माता शीतला के आशीर्वाद से कैनविन फाउंडेशन की ओर से नियमित तौर पर समाजसेवा के क्षेत्र में वे कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिस तरह से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों का स्वास्थ्य सही करने को आयुष्मान भारत जैसी योजनाओं को शुरू किया है। उन्हीं का अनुसरण करते हुए कैनविन का भी यही प्रयास है कि गुरुग्राम में लोगों का स्वास्थ्य सही रखा जाए।

शिविर में शुगर, रक्तचाप, रक्त जांच के अलावा यूरोलॉजी, गायनी, पीडियाट्रिक, नेत्र, जनरल फिजिशियन चिकित्सों ने लोगों की गहन जांच की। मौके पर मुफ्त चश्में भी वितरित किए। शिविर में सेंटर फॉर साइट, पुष्पांजलि अस्पताल तथा नारायणा मदर एवं चाइल्ड केयर सेंटर का विशेष सहयोग रहा। शिविर में कुल 416 लोगों की जांच की गई। पार्षद दिनेश सैनी ने कैनविन फाउंडेशन के क्रियाकलापों पर कहा कि लॉकडाउन से पहले से ही समाजसेवा में जुटी है। कोरोना महामारी के बीच जिस तरह से इन्होंने डीपी गोयल, नवीन गोयल ने कार्य किया।

# कोरोना वैक्सीन के प्रति जागरुकता को निकाली विंटेज कार रैली

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**रविवार** को वेलेंटाइन डे के मौके पर वैक्सीनेशन (टीकाकरण) के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए विंटेज कार रैली निकाली गई। कार रैली ने सड़कों पर मौजूद लोगों को अपनी ओर आकर्षित किया। पहले चाय गुरुग्राम ने एचएमएसआई के सहयोग से कार रैली का आयोजन किया।

रैली के माध्यम से लोगों को सचेत और सुरक्षित रहने और टीकाकरण कराने के लिए आगे आने का संदेश दिया। विंटेज कार रैली को छतरपुर फार्म नई दिल्ली से झंडी दिखाकर रवाना किया। इसके बाद यह रैली गुरुग्राम पहुंची। पूर्व आईपीएस अधिकारी एवं सीएम विंडो के इंचार्ज अनिल राव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार रैली में 21 विंटेज कारें और विंटेज बाइक शामिल थीं, जो कि कई दशकों से आई जानी मानी हस्तियों द्वारा ड्राइव की गईं। रैली में दिलजीत टाइटस अपनी 1957 की मॉडल शेवर्ले बेलएयर, एसबी जत्ती अपनी 1965 फोर्ड मस्टैंग और सैम साहनी अपनी 1932 फोर्ड बी समेत काफी लोग पुरानी कारों, बाइक, स्कूटर को लेकर शामिल हुए। पहले चाय संस्थान की निदेशक संजना मोहन ने कहा कि यह विंटेज कार ड्राइव अपने दौर की बेहद शानदार और समृद्ध ऑटोमोटिव को दिखाती है। इसका उद्देश्य कोरोना के टीकाकरण के लाभों को उजागर करना रहा। साथ ही कोरोना को लेकर सतर्क रहना, सुरक्षित रहना है।


गुरुग्राम में कोरोना वैक्सीन के प्रति जागरुकता को निकाली गई विंटेज कार रैली में शामिल पुरानी कारें।

## नपीनो ऑटो की कोर कमेटी की बैठक

**गुरुग्राम।** आईएमटी मानेसर स्थित ताऊ देवीलाल पार्क में नपीनो ऑटो श्रमिक यूनियन की कोर कमेटी की बैठक यूनियन के प्रधान नरेश कुमार की अध्यक्षता में हुई। यूनियन के महासचिव परशुराम ने बताया कि यूनियन के सामूहिक मांगपत्र पर कंपनी प्रबंधन कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। प्रबंधन श्रमिकों की एकता को तोड़ना चाहती है। उन्होंने श्रमिकों से आग्रह किया कि वे अपनी एकता बनाए रखें, ताकि आंदोलन कर श्रमिकों की मांग मनवाई जा सके।

# अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री ने किया भगवान परशुराम भवन का उद्घाटन

## बिजली मंत्री रणजीत चौटाला, परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा पूर्व मंत्री राव नरबीर व रामबिलास शर्मा भी रहे मौजूद

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**बसंतोत्सव** की पावन बेला पर ब्राह्मण समाज ने सर्व समाज के लिए सामाजिक समरसता की मिसाल पेश की। बसई रोड स्थित भगवान परशुराम वाटिका में भगवान परशुराम मंदिर की नींव प्रदेश के अनुसूचित जाति, जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग मंत्री डॉक्टर बनवारी लाल ने रख समाज को नई प्रेरणा दी। इस मौके पर बिजली मंत्री रणजीत चौटाला, परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा, पूर्व मंत्री राव नरबीर और रामबिलास शर्मा भी मौजूद रहे।

आदर्श ब्राह्मण सभा की ओर से आयोजित भवन लोकार्पण एवं मंदिर शिलान्यास कार्यक्रम में हरियाणा विधानसभा की पूर्व डिप्टी स्पीकर संतोष यादव, आरएसएस के प्रांत सर संघ चालक पावन जिंदल, हरियाणा प्रांत विद्या भारती के अध्यक्ष डीपी भारद्वाज, पूर्व राज्यसभा सांसद के प्रतिनिधि नागेन्द्र कौशिक विशिष्ट अतिथि के तौर पर कार्यक्रम में शामिल हुए। अध्यक्षता पूर्व चेयरमैन जीएल शर्मा ने की। कार्यक्रम में सभी


बसई रोड पर भगवान परशुराम भवन का लोकार्पण करते अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा कल्याण मंत्री बनवारी लाल, साथ में बिजली मंत्री रणजीत चौटाला, परिवहन मंत्री मूलचंद शर्मा, पूर्व मंत्री राव नरबीर व रामबिलास शर्मा, पूर्व चेयरमैन जीएल शर्मा।

वक्ताओं ने भगवान परशुराम को सामाजिक समरसता का जनक बताया। इन लोगों ने कहा कि भगवान परशुराम सामाजिक समरसता के जनक थे।

भगवान परशुराम ने समाज को सामाजिक समरसता की प्रेरणा दी। इसलिए आज जरूरत इसी बात की है कि हम उनके बताए मार्ग पर चलकर सामाजिक समरसता को बढ़ावा देते हुए भारत को फिर से विश्व गुरु बनाने की दिशा में सार्थक पहल करें। बनवारी लाल, रणजीत सिंह, मूलचंद शर्मा ने कहा कि आज के कार्यक्रम में विप्र समाज ने सर्व समाज हिताय की भावना को चरितार्थ किया है। आधुनिक सुविधाओं से लैस भगवान परशुराम भवन एक जाति विशेष के लिए नहीं बल्कि सर्व समाज के हित के लिए तैयार किया गया है। गुड़गांव जैसे महंगे शहर में किसी भी जाति का व्यक्ति या संस्था भवन को सामाजिक व सामूहिक कार्यों के लिए इस्तेमाल कर सकते हैं। इन लोगों ने कहा कि महापुरुष एक समाज का नहीं बल्कि सर्व समाज का होता है। इसलिए उनकी शिक्षाएं सभी के लिए प्रेरणा दायक होती है। उनके बताए मार्ग पर चलकर ही सर्व समाज का हित कर सकते हैं। भारतीय संस्कृति में निज हित की कहीं भी बात नहीं की गई।

वसुधैव कुटुंबकम् की भावना भारत ने ही विश्व को दी है। इससे पूर्व आदर्श ब्राह्मण सभा की ओर से सभी अतिथियों स्वागत किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में आदर्श ब्राह्मण सभा के मुख्य संरक्षक योगेश कौशिक, अध्यक्ष रामनिवास वत्स, राजकिशन कौशिक, सचिव रंजन शर्मा, महेश वशिष्ठ, नरोत्तम वत्स, अनिल अत्री, सुमित शर्मा, राजेश शर्मा सहित बड़ी संख्या में विप्र बंधुओं ने अपना सहयोग दिया।

# सोहना के 23 गांवों में जून के बाद मिलेगी मीठे पानी की सप्लाई

एन रोहिल्ला। सोहना

**सोहना** खंड के 23 गांवों में जून माह के बाद खारे पानी से मुक्ति मिलेगी। सभी गांवों को यमुना से आने वाले मीठे पानी की सप्लाई से जोड़ दिया जाएगा। सोहना खंड के जिला फरीदाबाद और पलवल की सीमा से लगते 23 गांवों के ग्रामीणों को चार माह बाद पीने के लिए मीठा पानी मिलेगा।

ग्रामीणों को मीठे पानी की सप्लाई देने के लिए, जनस्वास्थ्य विभाग ने लगभग 95 फीसदी तैयारी कर ली है। यमुना से मीठा पानी लाने के लिए जिस एजेंसी को ठेका दिया गया था। उस कार्य में कोताही व लापरवाही बरतने पर आठ लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। विभाग ने जुर्माने के साथ-साथ प्रत्येक गांव को मीठा पानी की सप्लाई से जोड़ने के लिए 30 जून तक समय दिया है। मीठा पानी सप्लाई से जुड़ने वाले गांव जनस्वास्थ्य विभाग ने वर्ष 2018 में सोहना खंड के जिन 23 गांवों में यमुना का पानी लाने की योजना बनाई थी। उनमें घंघौला, सरमथला, लोहसिंघानी, चमनपुरा, खत्रीका, बाईखेड़ा, जोहलाका, राहाका, बिहलाका, भोगपुर मंडी, कुलियाका, रानी का सिंघौला आदि शामिल हैं। इन गांवों में भूमि से निकलने वाला पानी खारा है। खारा पानी होने की वजह से कई गांवों में तो उपजाऊ जमीन बंजर तक बन गई है। किसानों को खेती में भी पूरी मेहनत का पैसा नहीं मिल पाता है।


सोहना के गांव घंघौला में निर्माणाधीन वाटर टैंक।

### घंघौला से होगी पानी की सप्लाई

**जनस्वास्थ्य** विभाग के एसडीओ ओमप्रकाश ने बताया कि जिला पलवल के गांव मैना-छायसा से यमुना का पानी खंड के गांव घंघौला में स्टोर किया जाएगा। जहां पर सात लाख 20 हजार लीटर का वाटर टैंक बनाया जा रहा है। जहां से घंघौला समेत 22 अन्य गांवों में पेयजल की सप्लाई की जाएगी।

### क्या कहना है एक्सइएन का

**जनस्वास्थ्य** विभाग के एक्सइएन प्रेमसिंघल ने बताया कि ग्रामीणों को जून 2021 के बाद खारे पानी से निजात मिल जाएगी। 2018 में शुरू की गई योजना 30 जून तक पूरी हो जाएगी। उसके बाद से ग्रामीणों को शुद्ध पानी पीने के लिए सप्लाई में मिल जाएगा। सभी गांवों को केन्द्र सरकार की जल जीवन मिशन योजना से भी जोड़ने का काम किया जा रहा है।

# सरस्वती पूजा के लिए बन रहीं प्रदूषण रहित मूर्तियां



### सेक्टर-16 में भी मूर्तिकार सरस्वती की मूर्ति बनाने में जुटे हैं और लोग इन मूर्तियों की खरीदारी भी कर रहे हैं

कविता। फरीदाबाद

**शहर** में बसंत पंचमी के मौके पर सरस्वती पूजन समारोह की तैयारी जोर-शोर से चल रही है। सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं के लिए मूर्तियां बना रहे हैं। ऐसे में अजरौंदा, मथुरा रोड, सोहना मोड़ (55 सेक्टर) और सेक्टर-16 में भी मूर्तिकार सरस्वती की मूर्ति बनाने में जुटे हैं और लोग इन मूर्तियों की खरीदारी भी कर रहे हैं, क्योंकि इस धार्मिक व शैक्षणिक संस्थाओं में भी ओर से जगह-जगह 16 फरवरी को सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। एनआईटी के बाटा हार्डवेयर रोड स्थित दुर्गाबाड़ी में कई मूर्तिकार बार प्रदूषण को रोकने के लिए शहर में ज्यादातर मूर्तिकारों ने प्रदूषण रहित मूर्तियां तैयार की है।

### मूर्ति खरीदारों से आस

**कोरोना** महामारी के कारण मूर्तिकारों को पिछले साल गणेश चतुर्थी, दुर्गा पूजा के त्योहार पर भारी नुकसान उठाना पड़ा था। पिछले दिनों त्योहारों पर मूर्तियों की बिक्री कम होने से मूर्तिकार कर्जे में डूबे हुए हैं। अब पूरी तरह से अनलॉक होने से मूर्तिकारों को आस जगी है और वह बसंत पंचमी के लिए मूर्तियां तैयार करके अपनी आर्थिक स्थिति को सुधारने की आस खरीदारों से लगाए बैठे हैं।

### प्रदूषण रहित मूर्तियां

**मूर्तिकार** अजय ने बताया कि इन मूर्तियों को बनाते समय इस बात का पूरा ध्यान रखा जाता है कि विसर्जन के बाद इनसे किसी तरह का प्रदूषण न फैलने पाए। इन मूर्तियों को बनाने के लिए चिकनी मिट्टी, यमुनारेत, भूसा और रूई का इस्तेमाल किया जा रहा है। मूर्ति का ढांचा तैयार हो जाने के बाद उसे रंगने के लिए प्राकृतिक रंगों का इस्तेमाल किया जा है। वह स्वयं मिट्टी से ही अलग-अलग तरह के रंग तैयार करते हैं। इस तरह से मूर्तियां तैयार करने के बाद विसर्जन के बाद नदियों और नहरों में जरा भी प्रदूषण नहीं फैलता।

### कोरोना ने हिला दी जिंदगी

**मूर्तिकारों** की मानें तो उनकी मूर्तियां पूरी हो चुकी हैं, कोरोना काल के कारण वह पिछले साल पड़े त्योहारों पर मूर्तियों की बिक्री नहीं कर सके, जिससे उनकी जिंदगी की गाड़ी रुक गई। साफ शब्दों में कहें तो कोरोना ने उनकी जिंदगी को हिला कर रख दिया था, लेकिन अब 16 फरवरी को बसंत पंचमी उनके जीवन में बहार लेकर आएगी, इस उम्मीद से उन्होंने मूर्तियां तैयार की हैं।

# ओला कैब चालक को लूटने वाले चार बदमाश गिरफ्तार

### आरोपी बना रहे थे लूट की योजना, दबोचे



पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**क्राइम** ब्रांच सेक्टर 30 की टीम ने राहगीरों से लूट की योजना बनाते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। इंस्पेक्टर विमल राय ने बताया कि उनकी टीम ने आरोपी कृष्ण उर्फ पकोड़ा निवासी एसी नगर फरीदाबाद, नितिन निवासी एसी नगर फरीदाबाद, मयूर निवासी संजय कॉलोनी सेक्टर 23, शाहरुख उर्फ लाल साहब मीठा कुआं सारण फरीदाबाद को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी के दौरान गिरोह के सदस्य पल्ला इलाके में बैठकर कहीं लूटपाट करने की योजना बना रहे थे।

इंस्पेक्टर विमल राय ने बताया कि उनको सूचना मिली थी कि थाना पल्ला एरिया में चार आरोपी लूट की योजना बनाने की फिराक में हैं। उन्होंने सूचना पर तुरंत कार्रवाई करते हुए सभी आरोपियों को थाना पल्ला एरिया से दबोच लिया है। थाना पल्ला में आरोपियों के खिलाफ लूट की कोशिश और आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। पूछताछ में सामने आया कि हाल ही में मुख्य आरोपी मयूर ने शाहरुख उर्फ लाल साहब, नितिन और कृष्ण के साथ मिलकर मेन मथुरा रोड पर रेडिसन होटल के पास से ओला कैब बुक कर ड्राइवर को जबरन रुकवाकर पिस्तौल व लाठी-डंडों के बल पर मारपीट कर कैब ड्राइवर से 12000 रुपये कैश और मोबाइल फोन आदि लूटा था। मुख्य साजिशकर्ता आरोपी मयूर पहले भी चोरी के मामलों में कई बार जेल की हवा खा चुका है।

क्राइम ब्रांच सेक्टर 30 की टीम ने बताया कि आरोपियों से एक देसी रिवाल्वर, एक बटन दार चाकू, एक रोड लोहा, एक डंडा लकड़ी, बरामद किया है। पुलिस टीम ने आरोपियों को दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है। रिमांड के दौरान आरोपियों से थाना सेक्टर 7 एरिया में कैब ड्राइवर के साथ की गई लूट के मामले में लूटे गए 12000 रुपये कैश और मोबाइल फोन को बरामद किया जाएगा। इसके अलावा पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर अन्य मामलों का भी पता लगाने का प्रयास कर रही है।

## पुलिस पर हमला करने वाले रेत माफिया गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** माइनिंग माफिया द्वारा पुलिस पर हमला करने के मामले में आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए पुलिस चौकी चांदपुर टीम ने तीन आरोपियों को काबू किया है। गौरतलब है कि 13 फरवरी को पुलिस को सूचना मिली थी कि नोएडा से एक बच्चे का अपहरण हुआ है जिस संबंध में यूपी पुलिस की सूचना प्राप्त होने पर कठपुला पुल पर नाकाबंदी कर सिपाही दीपक और एसपीओ अनिल तैनात थे।

जमुना रेती चोरी करने वाले तीन आरोपी अपनी बुग्गी लेकर आ रहे थे सिपाही दीपक और एसपीओ अनिल ने उनसे कहा कि कोर्ट के आदेश अनुसार यह काम आप नहीं कर सकते इस पर आप के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इस बात पर उन्होंने फोन कर अपने अन्य साथियों को बुला लिया और सिपाही दीपक और एसपीओ अनिल पर लाठी-डंडों से हमला कर घायल कर दिया। आरोपियों के खिलाफ मामला थाना छायसा में दर्ज था। पुलिस चौकी चांदपुर ने कार्रवाई करते हुए तीन आरोपी राजपाल पुत्र रतनलाल निवासी फज्जेपुर खादर, ब्रह्मदत्त पुत्र राजपाल निवासी फाज्जेपुर खादर, जीतन निवासी सोताई को गिरफ्तार किया है।

# एचआईवी के मरीजों के लिए एआरटी सेंटर का शुभारम्भ



**फरीदाबाद।** एचआईवी रोगियों के लिए सेक्टर-आठ ईएसआईसी अस्पताल में एंटी रेट्रो वायरल थेरेपी (एआरटी) सेंटर का शुभारंभ रविवार को हरियाणा स्वास्थ्य निदेशालय की महानिदेशक वीना सिंह ने किया। इस मौके पर जिला सिविल सर्जन डॉ. रणदीप सिंह पुनिया, डिप्टी सिविल सर्जन डॉ. शीला भगत, डॉ. रमेश, डॉ. रामभगत, डॉ. राजेश श्योकंद, नए खुले एआरटी सेंटर के हैड डॉ. अखिल महाजन के अलावा एचआईवी विभाग का स्टाफ, डॉक्टर और अन्य सदस्य मुख्य रूप से मौजूद रहे।

**नहीं जाना होगा दिल्ली :** एआरटी सेंटर के शुभारंभ पर वीना सिंह ने कहा कि हरियाणा सरकार ने प्रदेश के विभिन्न जिलों में ऐसे नौ केंद्र खोलने की योजना तैयार की है। फरीदाबाद में प्रदेश का यह पहला केंद्र शुरू हो गया है। अब मरीजों को दिल्ली, रोहतक नहीं जाना पड़ेगा, रिपोर्ट आने के बाद उनका इलाज यहीं शुरू कर दिया जाएगा।

**होगा फायदा :** जिला एड्स कंट्रोल विभाग की प्रमुख डॉ. शीला भगत ने बताया कि जिले में करीब 2500 मरीजों की एचआईवी जांच प्रतिमाह की जाती है। इनमें से 20 से 25 लोग एचआईवी पॉजिटिव पाए जाते हैं। जिले में तीन हजार से अधिक एचआईवी पॉजिटिव मरीज हैं, जिन्हें इलाज के लिए दिल्ली के एम्स और रोहतक के पीजीआई अस्पताल में भेजा जाता है। इस केंद्र के शुरू होने से अब इन मरीजों को दिल्ली या रोहतक जाने से छुटकारा मिलेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### ओमेक्स वर्ल्ड स्ट्रीट में धूमधाम से मनाया वैलेंटाइन डे



**फरीदाबाद।** वैलेंटाइन डे को यादगार बनाने के लिए सेक्टर 79 स्थित ओमेक्स वर्ल्ड स्ट्रीट में दो दिवसीय वैलेंटाइन डे कार्यक्रम का आयोजन कराया। जिसमें शहर के सैकड़ों लोग पहुंचे और पूरे जोश से अपने प्यार का इजहार किया एवं धूमधाम से कार्यक्रम में हिस्सा लिया। इस दौरान वर्ल्ड स्ट्रीट को पूरी तरह सजाया, मनमोहक सजावट से पूरा माहौल प्यार के रंग में रंग गया। इसके बाद कई प्रतियोगिताएं कराई गयी और हौसला अफजाई के लिए इनाम बांटे। काश बैंड में सिंगर मुस्कान भंडारी ने अपनी शानदार प्रस्तुति दी, और कार्यक्रम का संचालन स्वास कपूर ने किया तो वहीं रॉक एंड रोल डांस एकेडमी के आयोजन संजय चौहान ने पूरे माहौल में समा बांध दिया। इसके अलावा कपल्स के लिए कई प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जैसे कपल्स गेम्स, बेस्ट कपल्स, बेस्ट ड्रेस आदि। जिसमें लोगों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। अनेक उपहार समेत बम्पर इनाम के रूप में रैडिसन होटल फरीदाबाद में स्टे, नाश्ता और डिनर दिया। वहीं सेल्फी प्वॉइंट बनाए गए थे, जहां कपल्स उस यादगार पल को कैमरे में कैद किया। ओमेक्स वर्ल्ड स्ट्रीट में आए कपल्स ने कहा कि यह आयोजन बहुत ही खास रहा। आज का दिन प्यार के इजहार करने का होता है, वैसे तो प्यार पूरी जिंदगी रहता है, लेकिन इस प्यार के दिन को आयोजन के तौर पर मनाया गया। जहां हमने खूब इंजॉय किया और वैलेंटाइन डे की शुभकामना व्यक्ति की।

### 33वीं जिला रोलर स्केटिंग प्रतियोगिता का समापन

**फरीदाबाद।** जिला रोलर स्केटिंग संघ, फरीदाबाद द्वारा डीएवी पब्लिक स्कूल, सेक्टर-14 के सहयोग से आयोजित की जा रही दो दिवसीय 33वीं जिला रोलर स्केटिंग प्रतियोगिता का समापन रमेश वर्मा, जिला खेल एवं युवा कार्यक्रम अधिकारी, फरीदाबाद द्वारा किया गया। स्कूल प्रिंसिपल अनीता गौतम गेस्ट ऑफ ऑनर थी। जिला रोलर स्केटिंग संघ के प्रधान एलएस बाजवा तथा सचिव विराट सरीन और अनीता गौतम द्वारा मुख्य अतिथि का पुष्पगुच्छ भेंट करके स्वागत किया। इस अवसर पर खेल विभाग सेवानिवृत जिला खेल अधिकारी सुनील भारद्वाज, अशोक सैनी, साई के हैंडबॉल कोच सरवन अरोड़ा, जिला रोलर स्केटिंग संघ के वाइस प्रेसिडेंट एसके त्यागी, कोषाध्यक्ष अशोक शर्मा, डीएवी स्कूल के स्पोर्ट्स एचओडी जगजीत जाखड़, पीटीआई, डीपीई भी उपस्थित थे। मुख्य अतिथि द्वारा फाइनल मुकाबलों में प्रतिभागियों का परिचय प्राप्त करके उन्हें आशीर्वाद देते हुए शुभारंभ किया। विजेता खिलाड़ियों को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने का आह्वान किया। प्रतियोगिता का आयोजन जॉन डेविड, सेवानिवृत्त स्केटिंग कोच की देखरेख में किया गया। प्रतियोगिता में विजेता खिलाड़ियों को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए भेजा जाएगा। रोलर हॉकी के सीनियर पुरुष वर्ग के फाइनल मुकाबले में प्रेसिडेंट इलेवन ने पैंथर टीम को 3-1 से हरा कर खिताब जीता। इसी तरह जूनियर लड़कियों के आयुवर्ग में प्रेसिडेंट इलेवन की टीम ने टाइगर्स इलेवन की टीम को 4-2 से हरा कर खिताब जीता।

### तीन खिलाड़ियों ने पैदल चाल में पक्का किया ओलंपिक कोटा

**फरीदाबाद।** भारतीय एथलेटिक संघ के संयुक्त सचिव और एथलेटिक्स हरियाणा के महासचिव राजकुमार मिटान के द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार 13-14 फरवरी तक रांची झारखंड में 8वीं राष्ट्रीय रेस वाकिंग, पैदल चाल दौड़ दो दिवसीय राष्ट्रीय प्रतियोगिता का आयोजन किया और राष्ट्रीय प्रतियोगिता में हरियाणा के संदीप कुमार महेंदरगढ़ ने 20 किलोमीटर पैदल चाल दौड़ में एक घंटा 20 मिनट 16 का समय देकर राष्ट्रीय कीर्तिमान स्थापित कर स्वर्ण पदक हरियाणा राज्य को दिया। इससे पहले राष्ट्रीय कीर्तिमान देवेन्द्र सिंह ने 2016 नियोमी जापान में 1 घन्टा 20 मिनट 21 सेकेण्ड समय देकर बनाया था। राजकुमार मिटान ने बताया कि राहुल झज्जर ने एक घंटा 20 मिनट 26 सेकेण्ड का समय देकर रजत पदक जीतकर ओलम्पिक टीम में जगह बनाई। हरदीप भिवानी ने एक घंटा 24 मिनट 41सैकेण्ड का समय देकर कांस्य पदक विजेता बन ओलम्पिक टीम में अपना स्थान सुनिश्चित किया। 20 साल लड़की ज्योति ने 10 किलोमीटर पैदल चाल दौड़ में 51 मिनट 52 सेकेण्ड का समय देकर कांस्य पदक जीता। 10 किलोमीटर पैदल चाल दौड़ में 18 साल लड़की में रचना ने 52 मिनट 22 सेकेण्ड का समय दिया और रजत पदक जीता। एथलेटिक्स हरियाणा के मीडिया प्रभारी सत्यवीर धनखड़ ने बताया कि पैदल चाल दौड़ राष्ट्रीय प्रतियोगिता में हरियाणा के 40 एथलीट महिला और पुरुष खिलाड़ियों का दल भाग लिया। एथलेटिक्स हरियाणा के अध्यक्ष और ऐलानाबाद विधायक अभय सिंह चौटाला, कार्यकारी अध्यक्ष हनुमान सिंह भादू, संयुक्त सचिव कुलदीप अहलावत, प्रतियोगिता निदेशक जितेंद्र बांगड़, मुख्य चयनकर्ता यशपाल चोपड़ा, मुख्य कोच धर्मबीर चिकारा और आयु जांच अधिकारी राजिव खत्री ने ओलम्पिक टीम में जगह पक्की करने वाले खिलाडी संदीप कुमार, राहुल, हरदीप और सभी पदक विजेताओं को जीत की बधाई दी।

### यमुना जल कैंटरों को दिखाई हरी झंडी




**फरीदाबाद।** सेक्टर 16 सागर सिनेमा अपने ऑफिस पर विपुल गोयल ने हथिनी कुंड बैराज से मंगवाए गए 10000 लीटर यमुना मैया के जल के कैंटर को हरी झंडी दिखाकर वृंदावन मथुरा के पावन मंदिरों के लिए रवाना किया।यमुना मैया के जल का प्रयोग वृंदावन मथुरा के हर एक मंदिर में लगी भगवान की मूर्तियों के जलाभिषेक के लिए होगा और पवित्र जल से वृंदावन में लगने वाले कुंभ मेले में आए सभी संतों को स्नान कराया जाएगा। विपुल गोयल ने कहा कि आने वाले अप्रैल महीने में बहुत बड़े महाकुंभ का आयोजन हरिद्वार में किया जा रहा है जो कि एक बहुत ही बड़े पर्व के रूप में मनाया जाता है और हिंदू धर्म में एक विशेष मान्यता है कि महाकुंभ में जो भी डुबकी लगाता है भवसागर पार उतर जाता है। गोयल ने कहा कि फरीदाबाद का बेटा और भाई होने के नाते हरिद्वार में लगने वाले महाकुंभ के मेले में श्रद्धालुओं को ले जाने के लिए रेजिस्ट्रेशन उनके सेक्टर 16 स्थित सागर सिनेमा ऑफिस से होगा और आने वाले अप्रैल माह में लगने वाले महाकुम्भ मेला में 100 बसों को हरी झंडी दिखाकर अपने फरीदाबाद के लोगों को निःशुल्क रहने खाने कि सुविधा के साथ हरिद्वार महाकुम्भ में स्नान कराया जाएगा और उसका सारा खर्चा विपुल गोयल के माध्यम से संस्था द्वारा वहन किया जाएगा। इस अवसर पर यमुना रक्षक दल के बहुत बड़े-बड़े संत विद्वान भी मौजूद थे। यमुना रक्षक दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष जय किशन दास महाराज, राष्ट्रीय संगठन मंत्री प्रो. आरएन सिंह, भोजपुरी अवधि समाज के चेयरमैन पंडित रमाकांत तिवारी, भाजपा उपाध्यक्ष नीरा तोमर, अखिल भारतीय राजपूत एकता मिशन अध्यक्ष एसके सिंह, कांकुज ब्राह्मण सभा के संरक्षक केवी दुबे, यमुना रक्षक दल के हरियाणा प्रदेश के महा सचिव रविन्द्र फौजदार, पार्षद नरेश नंबरदार, सुरजीत अधाना जिला पार्षद, पंडित मुकेश शास्त्री, विजय शर्मा, पंडित सुरेंद्र बबली, सत गोपाल गुप्ता, मनीष राघव, प्रवीण चौधरी, जितेंद्र गर्ग, जितेंद्र चौधरी, बाबू खान, सतपाल डागर, कपिल पाराशर, जगबीर पहलवान, कुलदीप सिंगल, सुभाष भगत व अन्य काफी कार्यकर्ता मौजूद थे।

# स्मार्ट क्रिकेटर्स ने जीता 30 रन से मैच




**फरीदाबाद।** छठां ऑल इंडिया रविंदर फागना अंडर 15 क्रिकेट टूर्नामेंट लीग मैच में स्मार्ट क्रिकेटर्स क्रिकेट अकादमी (गुरुग्राम) ने रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी (गुरुग्राम) को 30 रन से हराया।

बीसीसीआई कोच धर्मेंद्र फागना ने बताया कि रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी ने टॉस जीत कर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। स्मार्ट क्रिकेटर्स क्रिकेट अकादमी ने 32 ओवर में छह विकेट पर 166 रन बनाए। योगेश ने 43 रन, मोक्ष मुद्गिल ने 31 रन और यश कटारिया ने 30 रन बनाए। रविंद्र फागना क्रिकेट अकादमी के गेंदबाज रोहित करहाना, हिमांशु खटाना ने दो-02 विकेट और निशांत यादव ने 01 विकेट लिया। इस लक्ष्य का पीछा करते हुए रविंदर फागना क्रिकेट अकादमी की टीम ने 30 ओवर में 10 विकेट में 136 रन बनाकर हार का सामना किया। टीम की और से बल्लेबाजी करते हुए सौरभ ने 40 रन, निशांत यादव ने 20 रन और रीमा सिसोदिया ने 15 रन बनाए।

## फरार चल रहा आरोपी हुआ गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच सेक्टर 30 की टीम ने सराहनीय कार्य करते हुए जमानत पर आने के बाद से फरार चल रहे एक आरोपी को दबोचने में सफलता हासिल हुई है। आरोपी की पहचान आकाश पुत्र आजाद निवासी गांव बामडोली थाना सेक्टर 10 गुरुग्राम के रूप में हुई है।

प्रभारी क्राइम ब्रांच इंस्पेक्टर विमल राय ने बताया कि आरोपी वर्ष 2017 में गुरुग्राम में मर्डर के एक केस में भोंडसी जेल में बंद था। आरोपी को भोंडसी गुरुग्राम जेल से नीमका जेल ट्रांसफर किया था। आरोपी जमानत पर छूटने के बाद अदालत में तय समय पर पेश नहीं हुआ था।

# विधायक नागर ने शुरू कराए लाखों के विकास कार्य



**फरीदाबाद।** तिगांव से भाजपा विधायक राजेश नागर ने गांव शाहाबाद में 45 लाख रुपये की लागत से होने वाले विकास कार्यों का शिलान्यास किया। विधायक ने कहा कि सरकार सभी क्षेत्रों में समान विकास करने के लिए प्रतिबद्ध है। जिसका लाभ हर वर्ग को मिल रहा है।

गांव शाहाबाद पहुंचने पर विधायक राजेश नागर का फूलमालाओं और पगड़ी पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर स्थानीय निवासियों ने उन्होंने हाल चाल पूछा और चुनाव में निर्णायक मतों से जिताने पर धन्यवाद भी किया। उन्होंने बताया कि गांव के लोगों की यहां रास्तों को पक्का करने की मांग थी। जिनका स्थानीय सरपंच अजब सिंह नागर की लगन और सरकार के सहयोग से आज निर्माण शुरू हो गया है। यहां गांव शाहाबाद से ताजूपुर और ढैकौला तक जाने वाले रास्तों का निर्माण कार्य शुरू कराया है। जिनके पूरा होने पर स्थानीय लोगों को बड़ा लाभ होगा। नागर ने कहा कि रास्ते विकास की पहली सीढ़ी होते हैं।

## दो झपटमार गिरफ्तार सुलझी वारदात

**फरीदाबाद।** शहर में छीना झपटी की वारदातों को अंजाम देने वाले दो नौजवान आरोपियों को क्राइम ब्रांच सेक्टर 30 की टीम ने धर दबोचा है। पुलिस इंस्पेक्टर विमल राय प्रभारी क्राइम ब्रांच सेक्टर 30 ने जानकारी देते हुए बताया कि उनकी टीम ने संदीप और संजय को गिरफ्तार किया है दोनों ही आरोपी संगम विहार दिल्ली के रहने वाले हैं। उन्होंने बताया कि उनकी टीम को सूचना मिली थी कि दिल्ली के संगम विहार से दो आरोपी फरीदाबाद शहर में स्नेचिंग की वारदात को अंजाम देने के लिए आए हुए हैं जिस पर उन्होंने कार्यवाही करते हुए दोनों आरोपियों को फरीदाबाद एरिया से धर दबोचने में कामयाबी हासिल हुई है।

## बटनदार चाकू के साथ आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच सेक्टर 48 ने बटन दार चाकू रखने के जुर्म में एक आरोपी को काबू करने में सफलता हासिल की है। आरोपी की पहचान शाहरुख उर्फ इजहार निवासी भलस्वा डेरी दिल्ली के रूप में हुई है। क्राइम ब्रांच सेक्टर 48 की टीम ने आरोपी को विशेष सूत्रों से मिली सूचना के आधार पर थाना सेक्टर 17 एरिया से गिरफ्तार किया है।

# कोरोना: 3 पॉजिटिव से आंकड़ा पहुंचा 46376

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**जिले** में कोरोना के मामले लगातार सामने आ रहा है। रविवार को जिले में तीन मामले सामने आए हैं। जिसमें सेक्टर-60ए, डीएलएफ, डबुआ कॉलोनी से मरीज शामिल रहे हैं। जिले में कोविड-19 का आंकड़ा 46376 पर पहुंच गया है।

वहीं दूसरी तरफ सात मरीजों ने कोरोना की जंग जीत ली। जिससे




जिले का रिकवरी रेट 99 प्रतिशत पर पहुंच गया है।

वहीं दूसरी तरफ जिले में रविवार को 796 सैम्पल लिए गए। अभी 712 मरीजों की रिपोर्ट आनी बाकी है।

### ये हैं आंकड़े

| | |
|---|---|
| जिले में कुल जांच | : 527232 |
| अब तक पॉजिटिव | : 46376 |
| अब तक नेगेटिव | : 480144 |
| रिपोर्ट आनी शेष | : 712 |
| ऑक्सीजन पर है | : 3 |
| अब तक मौत | : 415 |
| अब तक ठीक | : 480144 |

# हवाबाजी करने के शौक ने पहुंचाया जेल

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच बदरपुर बॉर्डर ने अवैध हथियार रखने के जुर्म में एक आरोपी को काबू करने में सफलता हासिल की है।

आरोपी की पहचान दीपक पुत्र रामकिशन निवासी भारत कॉलोनी फरीदाबाद के रूप में हुई है। आपको बताते चलें कि क्राइम ब्रांच बदरपुर बॉर्डर को सूचना मिली थी कि एक आरोपी थाना खेड़ी पुल एरिया में भारत कॉलोनी में रहता है और अवैध हथियार रखता है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को थाना खेड़ी पुल एरिया से धर दबोचा। आरोपी के खिलाफ थाना खेड़ी पुल में मामला दर्ज किया है।

# निकाला कैंडल मार्च



**फरीदाबाद।** पुलवामा शहीदों व रिन्कू शर्मा की याद में वरिष्ठ भाजपा नेता गजेन्द्र लाला के नेतृत्व में चार्मवुड विलेज, ईरोज और दयालबाग, अनंगपुर, लकड़पुर, शिव दुर्गा विहार क्षेत्र में कैंडल मार्च निकाला। इस अवसर पर सैकड़ों लोगों ने कैंडल मार्च में भाग लिया।

गजेन्द्र लाला ने कहा कि पुलवामा हमले में शहीद हुए वीर सैनिकों को आज यह और देश का प्रत्येक व्यक्ति भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है। आज के दिन को भुलाया नहीं जा सकता। हम देश के उन वीर सैनिकों को नमन करते है जो अपने रक्त की एक-एक बूंद मां भारती की रक्षा करते हुए गंवा देते हैं। साथ ही दिल्ली में हुई रिंकू हत्याकांड के आरोपियों को वहां की पुलिस गिरफ्तार कर कड़ी सजा दिलाए। कैंडल मार्च में श्याम, ब्रह्म, संजय, राजेश अब्दुल, हेमन्त, हंसा, कमलेश, रविन्द्र सिंह, सुशील, रविन्द्र, मुकेश, पवन भाटी, संतोष, श्वेता, सुनीता पांडे, सावित्री, रूपाली, नरेश, अरविन्द, जयप्रकाश, राजेश, गिन्नी, पप्पू गढ़वाली, नानकचंद, विनय मिश्रा, राणा, नंदलाल आदि मौजूद थे।

# पुलवामा हमले के शहीदों को रक्तदान कर दी श्रद्धांजलि

### शहीदों को श्रद्धांजलि के लिए रक्तदान और स्वस्थ जांच शिविर

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**शहीदों** की चिताओं पर जुड़ेंगे हर वर्ष मेले, वतन पे मिटने वालो का यही आखरी निशा होगा। पुलवामा हमले में शहीद हुए वीर सैनिकों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए ग्रामपंचायत हीरापुर में जज्बा फाउंडेशन व राष्ट्रीय बजरंग दल ने रक्तदान शिविर एवं निःशुल्क स्वस्थ जांच शिविर का आयोजन किया। जिसमें सर्वप्रथम ग्राम वासियों ने पुलवामा हमले में शहीद हुए वीर सैनिकों को पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जजपा के जिला अध्यक्ष अरविन्द भारद्वाज रहे। इस अवसर पर कार्यक्रम आयोजक युवा समाजसेवी दीपक आजाद ने बताया कि रक्तदान शिविर के माध्यम से हम देश के उन वीर सैनिकों को नमन व श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं जो अपने रक्त की एक-एक बूंद मां भारती की रक्षा करते हुए गंवा देते हैं तो भारत देश के प्रत्येक नागरिक व युवाओं का भी यह कर्तव्य होना चाहिए देश के प्रत्येक गरीब, श्रमिक, मजदूर, असहाय व आम आदमी को कभी रक्त की कमी अनुभव ना हो इसके अलावा निःशुल्क स्वस्थ जांच शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्राम वासियों को उनके स्वस्थ संबंधी समस्यों के प्रति जागरूक करने के लिए शिविर का आयोजन किया गया जिसके अंतर्गत लगभग 395 ग्रामवासियों ने अपनी स्वस्थ संबंधी परामर्श लिया।



जज्बा फाउंडेशन अध्यक्ष हिमांशु भट्ट ने बताया की फरीदाबाद के युवाओं ने कोरोना काल जैसी विषम परिस्थितियों में भी बिना रुके, बिना थके, हर दिन रक्तदान शिविरों का आयोजन कर जिले का नाम रक्तदान के क्षेत्र में राज्य स्तर पर प्रथम स्थान पर लाने का कार्य किया है और यह कार्य आगे भी इसी तरह जारी रहेगा।

रविवार को रक्तदान शिविर में 53 यूनिट रक्त एकत्र किया गया है। और स्वस्थ जांच शिविर मानवता हॉस्पिटल के सहयोग से किया गया है जिसमे सीएस चौहान, डायरेक्टर जीए नोमानी, डॉ. राहिल, डॉ. पवन, डॉ. अंकित, डॉ. ज्योतिसिंह, डॉ. नाज और हॉस्पिटल सहायक कर्मचारियों का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर आरके शर्मा, मास्टर विजय कौशिक, धीरज, दिनेश, महेश, अनिल, प्रवीण, निखिल, कुलदीप, पवन, जगमोहन, शेफली चौहान, नर्वदा पांचाल, आदित्य झा, जसवन्त पंवार और हिमांशु भट्ट का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# वायु प्रदूषण
## सांस लेना मुश्किल

**दिल्ली** व राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र-एनसीआर में हवा की खराब गुणवत्ता के कारण जीवन बहुत कठिन हो गया है और जल्दी इस समस्या से मुक्ति मिलने की फिलहाल उम्मीद नहीं है। दिल्ली-एनसीआर में हवा की गुणवत्ता लगातार खराब ही होती जा रही है। इसके कारण अधिकांश लोगों को सांस लेने तक में कठिनाई का अनुभव हो रहा है जिनमें खासकर छोटे बच्चे, वृद्ध लोग तथा श्वसन रोगों व ब्रांकियल अस्थमा से पीड़ित लोग शामिल हैं। केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड-सीपीसीबी के अनुसार हवा की गुणवत्ता-एक्यूआई 'बहुत खराब' की श्रेणी में होने पर इसके लंबे समय तक संपर्क में रहने वाले लोगों में श्वसन बीमारियां विकसित हो सकती हैं। इसके साथ ही एक्यूआई के 'खराब' होने पर अधिकांश लोगों को सांस लेने में कठिनाई हो सकती है। हवा में छोटे कणों की उपस्थिति के कारण मास्क प्रयोग करने वालों की कठिनाइयां और बढ़ जाती हैं, हालांकि एक स्तर तक मास्क से हवा को फिल्टर करने में सहायता मिलती है और कोविड-19 वैश्विक महामारी के बाद इसके प्रयोग को कानूनी रूप से अनिवार्य कर दिया गया है। लेकिन केवल मास्क से वायु प्रदूषण की समस्या दूर नहीं होने वाली है। इसने लोगों के भीतर एक निराशाजनक भावना पैदा कर दी है जिसके कारण वे स्वयं को मुसीबत में घिरा अनुभव करते हैं। यह भावना लंदन जैसे धुंध व नमी भरे मौसम में खासतौर से पैदा होती है। चिकित्सकीय भाषा में इस निराशाजनक भावना को सीज़नल एफेक्टिव डिसआर्डर-एसएडी कहते हैं जिसका अर्थ किसी खास मौसम में सामने आने वाली



विकृति है। आम तौर से इसे 'विंटर ब्लूज़' कहा जा सकता है जो एक प्रकार का अवसाद है और इसका संबंध बदलते मौसम से है। हर साल एसएडी की शुरुआत और समाप्ति लगभग एक ही समय होती है। यदि एसएडी से पीड़ित अधिकांश लोगों की तरह किसी में इसके लक्षण हों तो जाड़े के महीने शुरू होने व समाप्त होने के समय ऊर्जा की कमी का अनुभव होता है तथा भावनाओं में तेजी से परिवर्तन अनुभव हो सकता है। इसे एक प्रकार से भावनात्मक अस्थिरता भी कहा जा सकता है। इन चिकित्सकीय स्थितियों के साथ ही दिल्ली-एनसीआर का क्षेत्र हर साल अनेक अन्य समस्याओं का सामना करता है जिसमें तापमान में लगातार उतार-चढ़ाव तथा खराब दृश्यमानता शामिल हैं। वर्तमान समय में पांचवीं कक्षा से बड़े बच्चों ने स्कूलों में जाना शुरू कर दिया है। वे स्वाभाविक रूप से नम, धुंध भरे या खराब मौसम के कारण सवेरे बहुत बुरा अनुभव कर रहे हैं। विडंबना है कि सवेरे की ठंडक झेलने के बाद दोपहर के पश्चात पसीना निकलने लगता है। पिछले कुछ दिनों से हवा की गुणवत्ता लगातार खराब होती जा रही है। गाजियाबाद, नोयडा, ग्रेटर नोयडा, गुड़गांव व फरीदाबाद के निकटवर्ती क्षेत्रों में इसे 'बहुत खराब' श्रेणी में दर्ज किया गया है। केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड-सीपीसीबी के अनुसार, पीएम 2.5 व पीएम 19 जैसे प्रदूषक कण दिल्ली के आसपास के क्षेत्रों की हवा में लगातार बने रहते हैं। भारतीय मौसम विभाग-आईएमडी के अनुसार, हवा की गति तेज न होने के कारण हवा की गुणवत्ता स्तर-एक्यूआई में गिरावट हुई है। हवा की गति धीमी होने तथा उसके आवागमन की अच्छी स्थितियां न होने के कारण प्रदूषक लंबे समय तक वातावरण में बने रहते हैं। इससे भी ज्यादा बुरी खबर यह है कि आने वाले कुछ दिनों तक हवा की गुणवत्ता 'बहुत खराब' श्रेणी में बने रहने की आशंका है।

# पश्चिम बंगाल में वोट बैंक की राजनीति

**बंगाल में अप्रैल-मई 2021 में होने वाले विधानसभा चुनावों में जोरदार संघर्ष होने की संभावना है। इसके अतिरिक्त, मुस्लिम वोट निश्चित रूप से प्रदेश में सरकार बनाने में निर्णायक साबित होंगे।**



**आसिफ रमीज़ दाऊदी**
(लेखक लेखक जेद्दा के किंग अजीज़ अब्दुल विश्वविद्यालय में संकाय सदस्य हैं)



भारत में क्षेत्रवार मुसलमानों का व्यवहार भिन्न-भिन्न होता है। जहां कहीं भी राजनीतिक प्रतिस्पर्धा सीधे पंथनिरपेक्ष व गैर पंथनिरपेक्ष विमर्शों के बीच होती है वे परम्परागत रूप से स्वयं को पंथनिरपेक्ष दलों से जोड़ लेते हैं। हालांकि, बहुआयामी राजनीतिक प्रतिस्पर्धा वाले राज्यों में, वे विविध प्रकार के स्थानीय एवं वर्गीय हितों के लिए राजनीतिक दलों में बंटे रहते हैं। जहां तक पश्चिम बंगाल के मुसलमानों का सवाल है, उन्होंने हमेशा मतदाताओं के तौर पर एक उपकरणात्मक एवं महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है। कांग्रेस, साम्यवादी दल और तृणमूल कांग्रेस ने सदैव मुसलमानों का अच्छा-खासा राजनीतिक एवं ईमानदार समर्थन हासिल किया है। चूंकि मुसलमानों की दशा आर्थिक, राजनीतिक एवं शैक्षणिक रूप से काफी पिछड़ी है, उन्होंने हर समय की अवस्थापना से काफी कुछ सहारे की उम्मीद की है।

देश में मुसलमानों की सामाजिक, आर्थिक एवं शैक्षणिक स्थिति पर 2006 में आई सच्चर समिति की रिपोर्ट के अनुसार बंगाल को सबसे खराब प्रदर्शन वाले राज्यों की श्रेणी में शामिल किया गया था। मुसलमान अधिकतर आर्थिक विकास की प्रक्रिया व उसके लाभों से वंचित रहे हैं। साथ ही, सच्चर पश्चात मूल्यांकन समति की रिपोर्ट के अनुसार, मुसलमान विकास कार्यक्रमों के सभी दायरों में अनुसूचित जातियों व अनुसूचित जनजातियों से पीछे रहे हैं। असलियत में, साम्यवादी दलों और तृणमूल दोनों, ने यद्यपि हिचकिचाहट के साथ और खामोशी से कुछ हद तक मुसलमानों के उच्चीकरण के लिए काम किया है जिससे कि उन पर भाजपा आदि दलों के द्वारा मुस्लिम तुष्टीकरण की नीति अपनाने का आरोप न लगने पाए। अल्पसंख्यकों की बेहतरी के लिए बंगाल अथवा देश में अन्य जगहों पर उत्थान कार्यक्रमों की पहल जब भी किसी सत्ताधारी दल द्वारा की गई तो उसे मुस्लिम तुष्टीकरण की संज्ञा दे दी गई। न केवल बंगाल में बल्कि अन्य राज्यों में भी मुसलमानों की खराब स्थिति के लिए मुस्लिम नेतृत्व में एकता व एकजुटता का अभाव ही प्रमुख कारण प्रतीत होता है। इसके अलावा, उनके बीच व्यक्तिगत राजनीतिक स्वार्थों के लिए व्यक्तिगत प्रतिद्वंद्विता अथवा विवाद एवं विभाजन का परिणाम मुसलमानों में भय का माहौल व्याप्त होने के रूप में सामने आया है जिसके फलस्वरूप राजनीतिक दलों को उनसे वोट बैंक के तौर पर बर्ताव करने का मार्ग प्रशस्त हुआ है। वर्तमान परिदृश्य में, बंगाल की राजनीति में मुस्लिम दलों का प्रसार निश्चित रूप से मुसलमानों को एक बार फिर वोट बैंक के तौर पर इस्तेमाल होने योग्य बना रहा है क्योंकि असदुद्दीन ओवैसी एवं प्रख्यात बंगाली मुस्लिम नेता अब्बास सिद्दीकी ने राज्य चुनावों में साथ मिलकर चलने की समझदारी विकसित कर ली है। यह संज्ञान लेने योग्य है कि मुस्लिम वोट बैंक ने माकपानीत वाम मोर्चे पर ममता बनर्जी की जोरदार जीत में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की थी। ओवैसी और सिद्दीकी युगल का प्रवेश निश्चित रूप से मुस्लिम मतदाताओं में भ्रम की स्थिति पैदा करेगा जिनका महत्वपूर्ण प्रभाव राज्य की लगभग 100-110 सीटों पर है। सर्वाधिक गहन जिले हैं मुर्शिदाबाद, माल्दा, वीरभूम, 24 परगना, दीनाजपुर, बर्दवान और नादिया। यह ध्यान देने योग्य है कि नादिया को भाजपा द्वारा प्रदेशव्यापी रथ यात्रा का आगाज़ कर जन समर्थन हासिल करने के लिए चुना गया है। वे शायद उन क्षेत्रों का महत्व समझते हैं जहां अल्पसंख्यक वोट ममता की तृणमूल के लिए मददगार हो सकते हैं।

**चूंकि मुसलमानों की दशा आर्थिक, राजनीतिक एवं शैक्षणिक रूप से काफी पिछड़ी है, उन्होंने हर समय की अवस्थापना से काफी कुछ सहारे की उम्मीद की है। देश में मुसलमानों की सामाजिक, आर्थिक एवं शैक्षणिक स्थिति पर 2006 में आई सच्चर समिति रिपोर्ट के अनुसार बंगाल को सबसे खराब प्रदर्शन वाले राज्यों की श्रेणी में शामिल किया गया था। मुसलमान अधिकतर आर्थिक विकास की प्रक्रिया व उसके लाभों से वंचित रहे हैं।**

पश्चिम बंगाल की जनसंख्या में मुसलमान लगभग 27 प्रतिशत हैं और मुस्लिम वोटों का विभाजन अंततः भाजपा के लिए लाभकारी साबित होगा। दूसरी ओर, एआईएमआईएम की आक्रामक अल्पसंख्यक राजनीति निश्चित रूप से भाजपा के उग्र हिन्दुत्व विमर्श को रास आएगी। यही कारण है कि कुछ कथित पंथनिरपेक्ष दल ओवैसी पर भाजपा का एजेंट होने व वोट कटवा होने का आरोप लगाते हैं। नुकसान पहुचाने वाली इस जोड़ी की मौजूदगी संभावित रूप से राजनीतिक रणनीतिकार प्रशांत किशोर की प्रत्याशा को गलत साबित करने वाली है जहां उन्होंने भाजपा के तीन अंकों से कम पर सीमित रहने पर जोर दिया है। बंगाल साम्प्रदायिक हिंसा के लिए अत्यंत संवेदनशील क्षेत्र रहा है लेकिन स्वतंत्रता के पश्चात कभी भी किसी बड़ी साम्प्रदायिक हिंसा होने की खबर नहीं आई है। पश्चिम बंगाल के ढाई करोड़ मुसलमान, जिनके पूर्वजों ने खुशी से द्विराष्ट्रीय सिद्धांत को नकारकर भारत में रहने का विकल्प चुना था, ने समान रूप से एवं सराहनीय ढंग से राष्ट्र निर्माण में योगदान दिया है। इसलिए, चाहे वो केंद्र हो अथवा राज्य, यह प्रत्येक सत्ताधारी दल की लोकतांत्रिक जिम्मेदारी है कि वह राज्य में मुसलमानों की सुरक्षा को सुनिश्चित करे, जैसा कि लंबे समय से होता आ रहा है।

पहले महाराष्ट्र में, फिर बिहार और अब पश्चिम बंगाल में ओवैसी के प्रवेश ने विपक्षी दलों के माथों पर चिंता की लकीरें पैदा कर दी हैं क्योंकि उन्होंने महाराष्ट्र और बिहार में अल्पसंख्यक वोटों का विभाजन करके भाजपा के लिए मार्ग प्रशस्त किया है। दूसरी ओर, एआईएमआईएम के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष, शेख अब्दुल कलाम तृणमूल में शामिल होने के लिए अपनी पार्टी को छोड़ देना बंगाल के मुसलमानों में भ्रम की स्थिति पैदा होने का संकेत है। यह तो शुरुआत भर है। असलियत में, बंगाल में अप्रैल-मई 2021 में होने वाले विधानसभा चुनावों में जोरदार संघर्ष होने की संभावना है। इसके अतिरिक्त, मुस्लिम वोट निश्चित रूप से पश्चिम बंगाल में सरकार बनाने में निर्णायक साबित होंगे।

# कोरोना से निबटने में सफल भारत

**"किसी को यह नहीं भूलना चाहिए कि भारत ने अन्य देशों को कोविड लक्षणों से निपटने के लिए आवश्यक दवाओं की आपूर्ति की है।"**

**गुरप्रीत संधू**
(लेखक रेवा फार्मा के संस्थापक हैं)



भारत को औषधि क्षेत्र में अपनी क्षमता सिद्ध करने के लिए प्रमाण की जरूरत नहीं है क्योंकि वह दुनिया में जेनेरिक दवाओं का सबसे बड़ा उत्पादक है तथा वैक्सीनों की आधी से अधिक वैश्विक मांग पूरी करता है। वायरस से 130 करोड़ जनता की रक्षा के लिए कोविड-19 वैक्सीनों के उत्पादन के नवीनतम अभियान से स्पष्ट है कि भारत पूर्णतः सक्षम है। भारत के सक्षम होने का प्रमाण इस तथ्य से भी मिलता है कि आज भारत कई अन्य देशों को भी कोरोना निरोधक वैक्सीन की आपूर्ति कर रहा है। इससे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत की छवि और अधिक मजबूत हुई है तथा मानवता के दृष्टिकोण से अन्स देशों की मदद करने के कारण उसे विशेष तौर पर सराहना मिली है। इसके साथ-साथ एक महत्वपूर्ण तथ्य यह भी है कि भारत ने बहुत कम समय में लगभग एक वर्ष के भीतर ही कोविड-19 वैक्सीन विकसित करने में सफलता पाई है जो भारत के सामर्थ्य का प्रत्यक्ष प्रमाण है।

उल्लेखनीय है कि यहां 'टीकाकरण' के बजाय 'कवच' शब्द का प्रयोग किया जाता है। इसका कारण यह है कि सारी जनसंख्या का टीकाकरण नहीं होगा, लेकिन भारत में रक्षा के लिए भी जनसंख्या बहुत अधिक है। निःसंदेह इतने बड़े अभियान के कारण कोविड वैक्सीनों का उत्पादन बढ़ाया गया है। भारत में स्थित सीरम इंस्टीट्यूट आफ इंडिया-एसआईआई व भारत बायोटेक ने वैक्सीन उत्पादन में भारी वृद्धि सुनिश्चित की है। खूराकों की संख्या के आधार पर एसआईआई दुनिया की सबसे बड़ी वैक्सीन निर्माता है। वह हर माह कोवीशील्ड की 50 से 60 मिलियन खूराकें तैयार करती है और वह 80 मिलियन खूराकें तैयार करने का प्रयास



कर रही है। वर्तमान सर्वव्यापी टीकाकरण कार्यक्रम में हर साल लगभग 27 मिलियन शिशु तथा 30 मिलियन गर्भवती महिलायें शामिल होती हैं। इसके लिए देश के पास पहले से व्यापक टीकाकरण नेटवर्क और ढांचा मौजूद है। व्यापक उत्पादन प्रक्रिया के साथ ही देश में राष्ट्रव्यापी लाजिस्टिक्स, परिवहन, वितरण तथा भंडारण सुविधाओं का विकास हुआ है। इसमें व्यापक ढांचागत संरचना तथा कर्मियों की सहभागिता शामिल है। 37 राज्य वैक्सीन भंडारों के साथ ही कुल 41 लक्ष्य निर्धारित किए गए हैं जिनके माध्यम से देश भर में कोविड टीके पहुंचाए जा रहे हैं। पूरे अभियान में भंडारण का महत्वपूर्ण हिस्सा है जहां वैक्सीन के लिए अत्यधिक कम तापमान जरूरी है। इसके लिए 29,000 कोल्ड चेन प्वाइंट, 45,000 आइस लाइन रेफ्रीजरेटर, 41,000 डीप फ्रीजर, 240 वाक इन कूलर्स, 70 वाक इन फ्रीजर्स तथा 300 सोलर रेफ्रीजरेटरों की व्यवस्था की गई है। इनसे कोरोनावायरस वैक्सीन का सुरक्षित भंडारण सुनिश्चित हुआ है।

इतनी विशाल योजना को बिना किसी गलती से क्रियान्वित करने के लिए सरकार ने पिछले कुछ महीनों में 1.7 लाख वैक्सीनेटरों तथा 3 लाख वैक्सीनेशन टीम मेंबरों को प्रशिक्षण दिया है। इन प्रक्रियाओं में से कुछ में लाभार्थियों की पहचान, वास्तविक टीकाकरण, कोल्ड चेन व लाजिस्टिक प्रबंधन, बायोमेडिकल कचरे का प्रबंधन, टीकाकरण पश्चात विपरीत प्रक्रिया प्रबंधन तथा कोविड-19 इंटेलीजेंस नेटवर्क-काउन व्यवस्था को अपडेट करना शामिल है। यह पूरे कार्यक्रम को संचालित करने तथा उस पर निगरानी की डिजिटल व्यवस्था है। अधिकारियों ने पहले ही चरण में 30 करोड़ लोगों के टीकाकरण का लक्ष्य निर्धारित किया था जो अमेरिका की पूरी जनसंख्या के बराबर है, जहां दुनिया में कोविड से मरने वालों की संख्या सबसे ज्यादा है।

किसी भी दृष्टिकोण से यह योजना बहुत विशाल है। अनेक वैक्सीनों के सामने आने के पहले यह नहीं भुलाया जाना चाहिए कि भारत ने कोविड-संबंधी दवाओं से सारी दुनिया की सहायता की है तथा इस बारे में सहायता, सूचना और ज्ञान का हस्तांतरण किया है। एसआईआई व भारत बायोटेक् से प्रेरणा लेकर अन्य वैक्सीनों को भी अनुमति मिलने की उम्मीद है।

भारतीय वैक्सीनों ने दुनिया में अपनी छाप छोड़ी है। इसका अर्थ है कि दुनिया को भारत के कारण अनेक सस्ती वैक्सीनों के विकल्प मिलेंगे।

## आप की बात

### यह कहां का न्याय है?

**जिस्म** की प्यास बुझाने में लोग जात पात नहीं देखते हैं, और बात शादी की हो तो कुंडली मिलाते हैं यह कहां का न्याय हैं? चंद लम्हों की भूख मिटाने के लिए वो कुछ खुदगर्ज़ लोग लड़कियों के जीवन से बिन सोचे-समझे खिलवाड़ कर देते हैं न जाने क्या मिलता है उन लोगों को। इस संसार की हर एक बेटी प्यारी है चाहे वह हमारी हो या तुम्हारी हो, वहीं इज्जत लूटने वाले को मौत की सजा देनी होगी चाहे वह हिंदू हो या मुस्लिम हो। बहरहाल लोग रेप करके रेप को छुपाने के लिए हर मुमकिन प्रयास करते हैं और अगर पीड़िता केस फाइल कर दे तो केस वापस लेने का दबाव बनाया जाता है जिस के डर से पीड़िता जहर खाने, खुदकुशी करने को मजबूर हो जाती है। कुछ मिनटों के मजे के लिए वह दुष्कर्मी रूह भी तार तार कर देते हैं। गौरतलब है कि बेटियों के हाथों की सुंदरता बढाने के लिए चूड़ियां नहीं बल्कि कलम देनी चाहिए ताकि वो अपना हाथ नही बल्कि अपना भविष्य सवार सके, साथ में हथियार भी दें जिससे कि मौका आने पर राक्षसों को ठोक सकें। पीरियड्स में मंदिर जाने पर धर्म भ्रष्ट हो जाता है लेकिन उसी मंदिर में बलात्कार होने पर घटना को दबाया जाता है। उल्लेखनीय है कि अंत में यही कहा जाता है ग़लती उस महिला की थी।

– **निधि जैन,** लोनी, गाज़ियाबाद

### प्रदूषण के दुष्प्रभाव

**पर्यावरण** को स्वच्छ और साफ सुथरा रखने के लिए कई कारगर कदम उठाए जाते है। नियम और मापदण्ड लागू किए जाते हैं। अभी तक हमने पर्यावरण प्रदुषण और जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभाव प्राकतिक आपदाओं, और कई रूपों में देखा है। परन्तु जब चौकाने वाले पहलू सामने आए तो बड़ा अचरज अदभुत लगता है। समाचार पत्र के समाचार के आधार पर रूस के कुत्तों का रंग नीला हो रहा है। रूस के जार्जिक्स में रासायनिक प्रदूषण का चौंकाने वाला मामला सामने आया है। रासायनिक प्रदूषण के कारण कुत्तों के रंग में परिवर्तन चिन्तनीय लगता है। अगर इसका इंसानी जीवन पर कुप्रभाव अगर रहता है तो कितना घातक हो सकता है । अंदाजा लगाया जा सकता है। सूत्रों से ज्ञात है कि जसिस्क में आरगिस्टकलो कम्पनी के पास रहने वाले लोगो की सूचना के आधार पर 6 वर्ष पूर्व फैक्ट्री बन्द हो गई थी। इस कंपनी में हाइड्रोसेनिक एसिड और मिथाइल मैथाकरायलेट (फ्लेक्सीगलास) का बड़ी मात्रा में उत्पादन होता था। विशेषज्ञों, अधिकारियों द्वारा जांच जारी है कि जा रही है। और चिंता भी जाहिर है कि इंसानों को इसके दुष्प्रभाव से कैसे बचाया जा सके। केमिकल का असर इंसानों पर भी हो सकता है।

– **योगेश जोशी**, बड़वाह, मप्र

### देशभर में हों ऐसे कानून

**बीते** दिनों में कानूनों के उल्लंघन की घटनाओं में वृद्धि से चिंतित राज्य सरकारों का जनहित की सुरक्षा के लिए कड़े फैसले लेना जारी है। पत्थरबाजों से नुकसान की वसूली उचित ही है। हरियाणा में उपद्रवियों से नुकसान की भरपाई का कानून बनाने का फैसला सराहनीय है। इस तरह के प्रयास पूरे देश भर में होने चाहिए जिससे कानून का उल्लंघन रुके तो संपत्ति को होने वाले नुकसान से भी निजात मिले। इन दिनों कानूनों के उल्लंघन से राज्य सरकारें त्रस्त हैं। आंदोलनकारी हो यह अपराधियों को संरक्षण देने वाले अक्सर अपने बचाव या विरोध प्रदर्शन के लिए पत्थरबाजी का इस्तेमाल करते हैं। आंदोलनों, दंगों और उपद्रव के दौरान होने वाले नुकसान की भरपाई के लिए हरियाणा सरकार ने नया कानून बनने का विचार किया है। इसके तहत सरकारी या गैर सरकारी नुकसान होने पर उन लोगों से ही इसकी भरपाई करवाई जाएगी जो नुकसान पहुंचाएंगे। हालांकि अभी इसका मसौदा तैयार नहीं हो पाया है मगर राज्य सरकार इसकी संभावनाएं तलाश रही है।

– **अमृतलाल मारू**, दसई, मप्र

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया



**जम्मू-कश्मीर** को उचित समय पर राज्य का दर्जा प्रदान किया जाएगा। फिलहाल हमारी प्रतिबद्धता राज्य में शांति स्थापित करने प्रति है।

– **अमित शाह**
केंद्रीय गृहमंत्री

**लाए** गए सुधार भारत को दुनिया की तीव्रतम गति से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्थाओं में से एक बनने का मार्ग प्रशस्त करेंगे। बजट ने आत्मनिर्भर भारत बनाने हेतु दिशा दी है।

– **निर्मला सीतारमण**
केंद्रीय वित्तमंत्री





**भाजपा** विभाजनकारी राजनीतिक द्वारा देश में लोकतंत्र को नष्ट कर रही है। किसानों व अन्य तबकों से बड़े-बड़े वादे किए गए मगर पूरे नहीं हुए।

– **अखिलेश यादव**
सपा प्रमुख

मिशन शक्ति अभियान

# महिलाओं में बढ़ी जागरूकता, मिलने लगा रोजगार

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

● प्रदेश में घरेलू उत्पीड़न, एसिड अटैक और शोषित महिलाओं के मनोबल को बढ़ाने में योगी सरकार की नीतियां कारगर साबित हो रही हैं। प्रदेश में उत्पीड़न का शिकार हुई इन महिलाओं की जिन्दगी को संवारते हुए महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से प्रदेश के बालगृहों में मिशन शक्ति के तहत प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।



**प्रदेश में** घरेलू उत्पीड़न, एसिड अटैक और शोषित महिलाओं के मनोबल को बढ़ाने में योगी सरकार की नीतियां कारगर साबित हो रही हैं। प्रदेश में उत्पीड़न का शिकार हुई इन महिलाओं की जिन्दगी को संवारते हुए महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से प्रदेश के बालगृहों में मिशन शक्ति के तहत प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिससे नारी निकेतन, बालगृहों में आश्रित महिलाएं व किशोरियां रोजगार की मुख्यधारा से जुड़ रहीं हैं।

कौशल विकास मिशन के तहत लखनऊ के राजकीय पश्चातवर्ती देखरेख संगठन में पिछले साल 16 लड़कियां व 18 लड़कों को सिलाई का प्रशिक्षण दिया गया। इन सभी संवासियों को प्रति माह 12,000 रुपए की नौकरी मिली। विभाग की ओर से लखनऊ, मेरठ, आगरा, वाराणसी, कानपुर, मथुरा, गौतमबुद्धनगर, प्रयागराज, बरेली और गोरखपुर के बालगृहों के 4,429 संवासियों को प्रशिक्षण दिया जा चुका है।

प्रदेश की महिलाओं व बेटियों की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के लिए योगी सरकार की स्वर्णिम योजनाएं पीड़ित महिलाओं की जिंदगी को संवार रहीं हैं। मुख्यमंत्री के वृहद अभियान मिशन शक्ति के जरिए महिलाओं व बेटियों के कदम विकास पथ पर बढ़ रहे हैं। पीड़ित महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के उद्देश्य से कौशल विकास मिशन के तहत उनको सीधे तौर पर रोजगार मुहैया कराया जा रहा है।

प्रदेश के सभी जनपदों के आश्रय गृहों से 18 से 35 साल की उम्र की 100 महिलाओं व किशोरियों को चिन्हित करने का कार्य किया जा रहा है। मिशन शक्ति अभियान के तहत उनके हुनर को निखारने के लिए विशेष प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिससे इन महिलाओं व किशोरियों को रोजगार की मुख्यधारा में शामिल किया जा सके। महिलाओं व किशोरियों को उनकी रुचि, शिक्षा, कौशल व अनुभव के आधार पर उद्योगों व उपक्रमों से जोड़ने का कार्य तेजी से प्रदेश में किया जा रहा है। जिला प्रोबेशन अधिकारी व जिला अधिकारी को कार्यक्रम के संचालन का जिम्मेदारी सौंपी गई है।

मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं व बेटियों को सशक्तिकरण का पाठ पढ़ाया जा रहा है। महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से प्रदेश की सात करोड़ से अधिक महिलाओं को अब तक जागरूक किया जा चुका है। मिशन शक्ति अभियान से सरकारी व गैर सरकारी संगठन जुड़कर ग्रामीण इलाकों की महिलाओं को रोजगार से जुड़े नए अवसरों की जानकारी दे रहें हैं। महिलाओं को लघु व कुटीर उद्योग, जैविक खेती, मास्क बनाने संग ड्रेस व डिजाइनर ज्वैलरी से जुड़े कामों का भी प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

वन स्टॉप सेंटर की इंचार्ज अर्चना सिंह ने बताया कि महिलाओं व बेटियों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में योगी सरकार की योजनाएं कारगर साबित हो रहीं हैं। प्रदेश के सभी जनपदों में संचालित सखी सेंटर से पीड़िताओं को सशक्त बनाया जा रहा है। कौशल विकास मिशन के तहत लगभग 10 हजार महिलाओं व बेटियों को रोजगार मुहैया कराया जा चुका है। इसके साथ ही कंप्यूटर प्रशिक्षणए सिलाई समेत अन्य रोजगार के साधनों के लिए उनको सेंटर में प्रशिक्षित किया जा रहा है।

## मुख्यमंत्री आरोग्य मेले में 267032 रोगियों को मिला चिकित्सकीय उपचार

● अब तक आयोजित कुल 13 मेलों में 4711213 रोगी लाभान्वित हुये। 101872 गम्भीर रोगियों को उच्च केन्द्रों पर संदर्भित किया गया तथा 360384 गोल्डेन कार्ड बने हैं

**लखनऊ।** समाज के अंतिम तबके तक चिकित्सा सुविधाओं को पहुंचाने के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर शुरू किए गए मुख्यमंत्री आरोग्य मेला के तहत रविवार को पूरे प्रदेश में 267032 रोगियों को चिकित्सकीय उपचार मिला। इनमें पुरुष 99837 महिलायें 126268 बच्चे 40927 लाभान्वित हुए। साथ ही 3719 गम्भीर रोगियों को उच्च चिकित्सालयों में उपचार के लिए रेफर किया गया।

प्रदेश के सभी ग्रामीण एवं नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर अन्तर्विभागीय समन्वय एवं सहयोग से आज प्रातः 10 बजे से 2 बजे तक मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। मेले में स्वास्थ्य परीक्षण एवं विभिन्न जॉचों के साथ उपचार की सुविधायें दी गयी थी। इसके अतिरिक्त गम्भीर रोगियों को सरकारी एम्बुलेंस से उच्चतर चिकित्सा केन्द्रों पर संदर्भित किया गया। मेले में गोल्डेन कार्ड बनाकर वितरित भी किये गये थे। मेले के द्वितीय चरण के आयोजन के क्रम में आज 21264 गोल्डेन कार्ड वितरित किये गये। मेले में कुल 8342 चिकित्सक तथा 32785 पैरामेडिकल स्टाफ एवं 14502 आईसीडीएस स्टाफ ने अपनी सेवायें दीं। कोविड.19 हेतु 41988 एण्टीजन टेस्ट किये गयेए जिनमें 6 धनात्मक पाये गये। बता दें कि अब तक आयोजित कुल 13 मेलों में 4711213 रोगी लाभान्वित हुये। 101872 गम्भीर रोगियों को उच्च केन्द्रों पर संदर्भित किया गया तथा 360384 गोल्डेन कार्ड बने हैं।

## पॉवर इंजीनियर्स फेडरेशन ने सभी राज्यों के सीएम को लिखा पत्र

● इलेक्ट्रिसिटी अमेंडमेंट बिल 2021 का विरोध

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**ऑल इण्डिया** पॉवर इंजीनियर्स फेडरेशन ने प्रधानमंत्री और सभी प्रान्तों के मुख्यमंत्रियों को पत्र भेजकर माँग की है कि इलेक्ट्रिसिटी अमेंडमेंट बिल 2021 को पब्लिक डोमेन में सर्कुलेट किया जाए और सभी स्टेक होल्डरों विशेषतया बिजली उपभोक्ताओं और कर्मचारियों से इस बिल पर विस्तृत विचार विमर्श किये बिना बिल को संसद में न रखा जाए। फेडरेशन ने बिल पारित कराने की किसी भी एकतरफा कोशिश के विरोध में लाइटनिंग हड़ताल की चेतावनी दी है।

फेडरेशन ने आरोप लगाया है कि इलेक्ट्रिसिटी अमेंडमेंट बिल 2021 का ड्राफ्ट सार्वजनिक तौर पर जारी किए बिना केंद्रीय विद्युत मंत्रालय बिल पारित कराने की जल्दबाजी कर रहा है। ऑल इंडिया पॉवर इंजीनियर्स फेडरेशन के चेयरमैन शैलेन्द्र दुबे ने इस मामले में प्रधानमंत्री को पत्र भेजकर प्रभावी हस्तक्षेप करने की अपील की है। पत्र में लिखा गया है कि इलेक्ट्रिसिटी अमेंडमेंट बिल 2021 का ड्राफ्ट केंद्रीय विद्युत मंत्रालय की वेबसाइट पर आज तक उपलब्ध नही है। इस बिल को न ही सार्वजनिक किया जा रहा है और न ही आम उपभोक्ता और बिजली कर्मियों की इस बिल पर राय माँगी गई है। फिर भी संसद के चालू सत्र में 20 बिलों की सूची में इलेक्ट्रिसिटी अमेंडमेंट बिल 2021 का उल्लेख है जिसे बिना सार्वजनिक किए पारित कराने की जल्दबाजी साफ दिख रही है। उन्होंने बताया कि केंद्रीय विद्युत मन्त्री ने 17 फरवरी को सभी प्रान्तों के ऊर्जा सचिवों और ऊर्जा निगमों के सीएमडी की ऑनलाइन मीटिंग बुलाई है जिसमे इलेक्ट्रिसिटी अमेंडमेंट बिल 2021 पर राज्यो की राय लेकर बिल को संसद में पारित कराए जाने की योजना है। फेडरेशन ने इस जल्दबाजी को अलोकतांत्रिक बताते हुए कहा है कि इस प्रकार गुपचुप बिल पारित करने की कोशिश से बिजली अभियन्ताओं में भारी गुस्सा है। उन्होंने कहा कि फेडरेशन की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की 27 फरवरी को मुम्बई में हो रही बैठक में आन्दोलन का निर्णय लिया जाएगा। बिल पारित कराने की एकतरफा कोशिश के विरोध में बिजली इंजीनियर देश के 15 लाख बिजली कर्मचारियों के साथ एकजुट होकर बिल के विरोध में राष्ट्रव्यापी आन्दोलन करने के लिए बाध्य होंगे।

## पुलवामा शहीदों के परिवार को जल्द मिलें सभी सुविधाएं :प्रमोद तिवारी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस प्रभारी प्रमोद तिवारी ने कहा कि पुलवामा में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के 40 जांबॉज जवान की शहादत को 2 वर्ष बीत गये है किन्तु उनके परिवारजनों के जैसा साक्षात्कार आ रहे हैं कि उन्हें अभी तक न तो पेंशन अथवा पेट्रोल पम्प की सुविधा दी गयी है और न ही अन्य कोई आर्थिक सहायता प्रदान की गयी है, उनके परिवार द्वारा दिये गये साक्षात्कार बहुत ही पीड़ादायक और मन को झकझोर देने वाले हैं । प्रमोद तिवारी ने कहा कि मैं उनके परिवार के दुःख को साझा करता हूं और सरकार से मांग करता हूं कि अगली बरसी तक शहीदों के परिवार को सभी सुविधायें मिल जानी चाहिए ।

मुझे दो बातें बहुत पीड़ा देती है कि आज उन अमर शहीदों की शहादत को 2 वर्ष बीत गये है किन्तु उनके परिवारजनों के जैसा साक्षात्कार आ रहे हैं कि उन्हें अभी तक न तो पेंशन अथवा पेट्रोल पम्प की सुविधा दी गयी है और न ही अन्य कोई आर्थिक सहायता प्रदान की गयी है, उनके परिवार द्वारा दिये गये साक्षात्कार बहुत ही पीड़ादायक और मन को झकझोर देने वाले हैं । श्री तिवारी ने कहा है कि आखिर इतने टन गोला–बारूद पाकिस्तान से कैसे आया। जवानों के अनुरोध के बावजूद भी उन्हें हवाई जहाज अथवा हेलीकाप्टर द्वारा क्यों नहीं ले जाया गया, शहीदों के परिवार के साक्षात्कार हर भारतीय के हृदय के लिये दुखदायक और मर्माहत करने वाले हैं । मैं उनके परिवार के दुःख को साझा करता हूँ और सरकार से मांग करता हूँ कि अगली बरसी तक शहीदों के परिवार को सभी सुविधायें मिल जानी चाहिए । श्री तिवारी ने कहा है कि आज अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत 59.47 डॉलर प्रति बैरल है और मुम्बई में पेट्रोल की कीमत रु 95.21 प्रति लीटरए तथा दिल्ली में 88.73 प्रति लीटर और लखनऊ में 87.44 प्रति लीटर है।

## उपमुख्यमंत्री ने पुलवामा आतंकी हमले के शहीदों को किया नमन

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**उपमुख्यमंत्री** केशव प्रसाद मौर्य ने रविवार को अपने सरकारी आवास 7 कालिदास मार्ग पर पुलवामा आतंकी हमले के वीर शहीदों को नमन करते हुए उनके चित्र पर माल्यार्पण किया व पुष्प अर्पित किए। पुलवामा आतंकी हमले में शहीद अमर सपूतों को अपनी आत्मिक व भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए श्री मौर्य ने कहा कि प्राण–प्रण से देश की रक्षा करने वाले अमर वीर शहीदों के बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। देश हमेशा उनका कृतज्ञ रहेगा, ऋणी रहेगा। शहीद वीर जवानों के शौर्य और बलिदान की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि शहीदों का त्याग ,शौर्य ,साहस तथा बलिदान अमूल्य है, अविस्मरणीय है, अद्वितीय है। उन वीर शहीदों का बलिदान देश को आतंकवाद के विरुद्ध संघर्ष करने के लिए सदैव प्रेरणा देता रहेगा।

## प्रेरक मिशन के तहत बदलेगी परिषदीय विद्यालयों की सूरत

● प्रेरक विद्यालय बनने के बाद तीसरी संस्था जांचेगी बच्चों की दक्षता

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**प्राथमिक विद्यालय** के छात्रों की दक्षता बढ़ाने के लिए योगी सरकार का अभियान छेड़ने जा रही है। अभियान का नाम प्रेरक मिशन रखा गया है। इस अभियान के जरिये 6 महीने में प्रदेश के परिषदीय विद्यालयों की तस्वीर को बदलने की कोशिश की जाएगी।

अभियान के तहत सभी जिलों में पहले एक प्रेरक विद्यालय बनाया जाएगा। इसी तर्ज पर पूरे जनपद के विद्यालयों को प्रेरक विद्यालय के रूप में तैयार किया जाएगा। यही नहीं सरकार की ओर से निर्धारित तीसरी संस्था प्रेरक विद्यालयों के बच्चों की दक्षता की जांच करेगी। संस्था की जांच में खरा उतरने के बाद उसे प्रेरक विद्यालय व जनपद का खिताब दिया जाएगा। इसके अलावा यहां पढ़ाने वाले शिक्षकों को प्रेरक शिक्षक के रूप में सम्मानित किया जाएगा। अपर मुख्य सचिव बेसिक रेणुका कुमार की ओर से जारी दिशा निर्देश के मुताबिक कक्षा एक से तीन तक छात्रों की दक्षता की पहचान 14 बिन्दुओं पर की जाएगी। जबकि कक्षा 4 व 5 के छात्रों की दक्षता की पहचान 16 बिन्दुओं पर होगी। इन बिन्दुओं के हिसाब से शिक्षकों को छात्रों को तैयार करना होगा।

**छह महीने में ब्लाक को बनाना होगा प्रेरक ब्लाकः** जनपद के परिषदीय स्कूलों में इस योजना को ब्लाक स्तर पर चलाया जाएगा। बीएसए लखनऊ दिनेश कुमार के मुताबिक पहले ब्लाक के एक विद्यालय को प्रेरक विद्यालय के रूप में डेवलप किया जाएगा। इसी तर्ज पर पूरे ब्लाक के विद्यालय प्रेरक विद्यालय के रूप में डेवलप होंगे। एक ब्लाक पूरा होने के बाद दूसरे ब्लाक में इस योजना को शुरू किया जाएगा। प्रेरक ब्लाक बनाने के लिए शिक्षकों को 6 महीने का समय दिया जाएगा। असल में कोराना काल के दौरान करीब 11 महीने तक बच्चों के स्कूल बंद रहे हैं।

### इन बिन्दुओं पर होगा मूल्यांकन

**कक्षा 1**– छात्र निर्धारित सूची में से 5 शब्द सही से पहचान लेते हैं।

**कक्षा 2**– छात्र अनुच्छेद को 20 शब्द प्रति मिनट के प्रवाह से पढ़ लेते हैं व अनुच्छेद को 30 शब्द प्रति मिनट के प्रवाह से पढ़ लेते हैं।

**कक्षा 5**– छात्र गणित के बड़े अनुच्छेद को पढ़कर 75 प्रतिशत प्रश्नों को सही हल कर पाते हैं। निर्धारित सूची में से 5 संख्यायें सही से पहचान लेते हैं।

**कक्षा 2**– छात्र जोड एवं घटाना (एक अंकीय) के 75 प्रतिशत प्रश्नों को सही हल कर पाते हैं।

**कक्षा 3**– जोड़ एवं घटाना (हासिल के साथ) के 75 प्रतिशत प्रश्नों को सही हल कर पाते हैं। गुणा के 75 प्रतिशत प्रश्नों को सही हल कर पाते हैं।

**कक्षा 5**– छात्र भाग के 15 प्रतिशत प्रश्नों को सही हल कर पाते हैं।

## ब्लॉक प्रमुखों के आरक्षण की फर्जी सूची वायरल होने की होगी जांच

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश में** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में प्रमुख पदों में शुमार ब्लॉक प्रमुख के आरक्षण की सूची सोशल मीडिया पर वायरल होने पर अपर मुख्य सचिव पंचायती राज मनोज कुमार सिंह ने इसे फर्जी करार दिया है। साथ ही उन्होंने यह भी कहा है कि इसकी जांच कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि ब्लॉक प्रमुखों के आरक्षण की घोषणा जिलाधिकारी करेंगे। सरकार की तरफ से अपर मुख्य सचिव पंचायती राज मनोज कुमार सिंह ने शुक्रवार को ही जिला पंचायत अध्यक्षों का आरक्षण घोषित किया था। साथ उन्होंने जिले में आरक्षित होने वाले ब्लाकों की संख्या तय कर दी थी। इन्हीं तय ब्लाकों को जिलाधिकारियों को अपने स्तर से आरक्षित कर 2 और 3 मार्च तक जारी करना है।

## प्रदेश में खुलेआम सत्ता संरक्षित अपराध हो रहेः अखिलेश यादव

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**समाजवादी पार्टी** के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि उत्तर प्रदेश में खुलेआम सत्ता संरक्षित अपराध हो रहे हैं। हत्या, लूट, बलात्कार की घटनाओं से आम जनता में दहशत व्याप्त है। प्रदेश में कानून व्यवस्था ध्वस्त हो गई है। व्यापारियों का जान–माल सुरक्षित नहीं है। महिलाओं में असुरक्षा व्याप्त हो गयी है। प्रयागराज के धूमनगंज में छेड़छाड़ का विरोध कर रहे फौजी की हत्या और ग्रेटर नोएडा में अपहृत बच्चे की हत्या कर दी गई। इसके अलावा औरैया में सर्राफ की गोली मार कर हत्या एवं लूट की घटनाएं उत्तर प्रदेश को शर्मसार कर रही हैं।

श्री यादव ने कहा कि भाजपा सरकार की कार्यशैली से अपराधियों के हौसले बढ़ गए हैं। बदहाल कानून व्यवस्था का आलम यह है कि पुलिस के अधिकारियों पर भी हमले होने लगे हैं। सरकार के पास दृढ़ इच्छाशक्ति का अभाव है। भाजपा सरकार सूबे में शांति व्यवस्था कायम करने में पूरी तरह विफल हो गयी है। श्री यादव ने कहा कि समाजवादी सरकार में कानून का शासन बनाये रखने के लिए अनेक सुधार किए गए थे। यूपी डायल 100 द्वारा जनता की समस्याओं का तत्काल समाधान करने की विश्वस्तरीय व्यवस्था थी। महिला हेल्पलाईन 1090 से महिला उत्पीड़न की घटनाओं में लगातार कमी हो रही थीए लेकिन उत्तर प्रदेश में बीते चार वर्ष में भाजपा सरकार के कार्यकाल में पुलिस मशीनरी शिथिल हो गई है। पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने यूपी की बिगड़ती छवि पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार को प्रदेश की जनता को शांत और भयमुक्त बनाने की दिशा में कठोर फैसले लेने चाहिए। अराजकता और अपराध में संलिप्त दाषियों को दण्डित कर कानून को प्राथमिकता देना सरकार का लक्ष्य होना चाहिए।

## पंचायत चुनाव व बोर्ड परीक्षा ने रोकी अंतरजनपदीय तबादलों की राह

**लखनऊ।** पंचायत चुनाव की रणभेरी व आने वाले दिनों में नए शैक्षिक सत्र व यूपी बोर्ड की परीक्षाओं ने बेसिक शिक्षा परिषद की अंतर्जनपदीय तबादलों की राह रोक रही है। ऐसे में इस साल भी जिले के अंदर फेरबदल होने के आसार नहीं दिख रहे हैं। जबकि शासन स्तर पर इसी माह प्रक्रिया पूरी करने के निर्देश दिए गए थे। परिषद के प्राथमिक व उच्च प्राथमिक स्कूलों में तैनात लाखों शिक्षक लंबे समय से जिले के अंदर फेरबदल की उम्मीदें संजोए हैं। दरअसल एक ओर जहां विद्यालयों में छात्र शिक्षक अनुपात गड़बड़ है तो वहीं बड़ी संख्या में शिक्षक भी दूसरे स्कूलों में जाना चाहते हैं। आवंटन के बाद पारस्परिक अंतर जिला तबादले की सूची जारी होगी। ऐसे में पंचायत चुनाव की अधिसूचना किसी भी दिन जारी हो सकती है। यूपी बोर्ड और फिर सीबीएसई बोर्ड की हाईस्कूल ब इंटर की परीक्षाओं की समय सारिणा जारी हो चुकी है। यूपी बोर्ड की परीक्षा में परिषदीय विद्यालयों के शिक्षक भी तैनात किए जाते हैं, तब तक नया शैक्षिक सत्र शुरू हो जाएगा। ऐसे में उम्मीद कम ही दिखाई दे रही है। फिलहाल इस बारे में अधिकारी कुछ भी कहने से बच रहे हैं।

## पेपर लेस बजट पेश करने वाला पहला राज्य बनेगा यूपी

● विधान सभा के सदस्यों के प्रशिक्षण सत्र का हुआ समापन

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**उप्र विधान** मण्डल की कार्यप्रणाली के पेपरलेस एवं सुगम संचालन के लिए विधान मण्डल के सभी सदस्यों के अन्तिम प्रशिक्षण सत्र का समापन सभापति मानवेन्द्र सिंह एवं उप मुख्यमंत्री दिनेश शर्मा ने किया।

विधानमंडल की कार्यवाही के पेपरलेस संचालन एवं आईपैड के सुगम क्रियान्वयन के लिए विधानमंडल के सभी सदस्यों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। केंद्र सरकार की तर्ज पर उत्तर प्रदेश विधानमण्डल भी इस बार पेपर लेस बजट प्रस्तुत करने के साथ–साथ प्रदेश सरकार द्वारा 18 फरवरी से प्रारंभ होने वाली विधानमंडल की कार्यवाही कागज मुक्त संपादित की जाएगी। सदस्यों को विधानमंडल की कार्यवाही के पेपरलेस संचालन एवं आईपैड के सुगम क्रियान्वयन के लिए तीन दिवसीय आईपैड टेबलेट प्रशिक्षण का कार्यक्रम 12 फरवरी से विधान भवन स्थित तिलक हाल में आयोजित किया गया। मानवेन्द्र सिंह ने कहा कि हम सब जानते हैं कि तकनीक ही तरक्की का मार्ग है। उन्होंने कहा कि जितना ज्यादा हमें तकनीकी ज्ञान होगा उतनी ही हमारी तरक्की का रास्ता बेहतर होगा।

मुख्यमंत्री ने पूर्व में ही सभी मंत्रिपरिषद सदस्यों को इस तकनीक प्रयोग के लिए पहले ही प्रशिक्षण दिलाकर कैबिनेट बैठक को पेपर लेस करने का सराहनीय प्रयास किया। सीएम के इसी मनसा के अनुरूप विधान मण्डल के सभी सदस्य भी टेबलेट, आईपैड के माध्यम से बजट सत्र कार्रवाई में प्रतिभाग कर उत्तर प्रदेश को देश का पहला पेपर लेस बजट पेस करने वाला राज्य बनाएंगे। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में इसका बहुत बड़ा उपयोग है, इसकी बहुत बड़ी आवश्यकता है। सभापति विधान परिषद ने कहा कि दुनिया के जितने भी देशों ने तरक्की की उन लोगों ने तकनीकी का सहारा प्राथमिकता के आधार पर लिया। केंद्र सरकार की तर्ज पर ही प्रदेश सरकार ने भी पेपर लेस बजट पेश करने का निर्णय लिया है। पेपर लेस बजट के निर्णय के अनुपालन में ही यह तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। डिप्टी सीएम दिनेश शर्मा ने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान आईपैड का प्रारंभिक ज्ञान सभी सदस्यों को दिया गया। अधिकांश सदस्य स्वयं भी कंप्यूटर, लैपटॉप आईपैड को अपने प्रतिदिन की दिनचर्या में शामिल करते हैं। सदस्यों को प्रशिक्षण के माध्यम से यह जानकारी दी गयी कि वे सूचना को कैसे प्राप्त एवं प्राप्त सूचना को संरक्षित करें तथा आवश्यकता पड़ने पर उस पर टिप्पणी करना और इंफॉर्मेशन को प्रयोग कर आवश्यकता पड़ने पर उसे फॉरवर्ड कर सकें।

## बिना फास्टैग के दोगुना देना होगा टोल चार्ज

**निगोहां।** सोमवार मध्य रात्रि से टोल से निकलने वाले सभी वाहनों को भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के निर्देशानुसार फास्टैग अनिवार्य कर दिया गया है। नगद कैश मंजूर नहीं किया जाएगा। उक्त जानकारी टोल मैनेजर धीरज श्रीवास्तव ने दी है । उन्होंने बताया कि टोल प्लाजा पर 15–16 फरवरी की मध्यरात्रि से टोल फीस केवल फास्टैग से ही स्वीकार की जायेगी अन्यथा कैश देने पर सभी बूथों में टोल फीस का दोगुना टोल लिया जायेगा। वाहन चालकों की सुविधा के लिए निगोहां टोल प्लाजा पर आईसआईसी आई बैंक द्वारा फ्री में फास्टैग दिये जा रहे हैं। इन फ्री फास्टैग को एक्टिवेट करने के लिए न्यूतम 100 रुपये का तुरंत रिचार्ज करना अनिवार्य है। वहीं

## पं. बंगाल के पूर्व राज्यपाल केशरीनाथ त्रिपाठी की हालत गम्भीर

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**पश्चिम बंगाल** के पूर्व राज्यपाल केशरीनाथ त्रिपाठी की तबीयत बिगड़ने पर उन्हें पीजीआई के पल्मोनरी मेडिसिन के आईसीयू में शिफ्ट किया गया है। उनकी हालत गंभीर और अस्थिर बनी हुई है। उन्हें डायबिटीज व दिल की समस्या समेत कई अन्य दिक्कतें हैं। विशेषज्ञ डॉक्टरों की निगरानी में उपचार चल रहा है।

पश्चिमी बंगाल के पूर्व राज्यपाल केसरी नाथ त्रिपाठी को 30 जनवरी को कोविड नेगेटिव होने के पश्चात भी जब उन्हें सांस लेने में दिक्कत हुई तो उन्हें संस्थान के पल्मोनरी वार्ड में डाक्टर आलोक नाथ की देखरेख में रखा गया था। उपचार की प्रक्रिया में होने वाली अनेक जांचों के फल स्वरुप उनके फेफड़ों में फंगल और बैक्टीरियल संकमण का पता चला और उनका उपचार भी शुरू किया गया। संस्थान के निदेशक डॉ आरके धीमान के मुताबिक स्थिति में सुधार न होने के कारण और अधिक मात्रा में ऑक्सीजन की आवश्यकता के कारण उन्हें 11 फरवरी को पल्मोनरी आईसीयू में ट्रांसफर किया गया है। जहां उनकी हालत गंभीर और अस्थिर है।

# असम में सत्ता में आने पर कांग्रेस कभी भी सीएए लागू नहीं करेगी : राहुल गांधी

**भाषा।** शिवसागर (असम)



**भाजपा** और आरएसएस पर असम को विभाजित करने का आरोप लगाते हुए कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को कहा कि उनकी पार्टी असम समझौते के हर सिद्धांत की रक्षा करेगी और अगर राज्य में सत्ता में आती है तो कभी भी संशोधित नागरिकता कानून लागू नहीं करेगी। विधानसभा चुनाव से पहले गांधी ने असम में अपनी पहली रैली में कहा कि राज्य को अपने मुख्यमंत्री की जरूरत है जो लोगों की आवाज सुने, न कि एक ऐसा मुख्यमंत्री जो नागपुर और दिल्ली की आवाज सुने। उन्होंने कहा, असम समझौते से शांति आई है और यह राज्य का रक्षक है। मैं और मेरी पार्टी के कार्यकर्ता समझौते के हर सिद्धांत की रक्षा करेंगे। इससे बिल्कुल नहीं भटकेंगे। गांधी ने कहा कि असम में अवैध आव्रजन एक मुद्दा है और विश्वास जताया कि राज्य के लोगों में वार्ता के माध्यम से मुद्दे के समाधान की क्षमता है।

असम समझौते के मुद्दे पर भाजपा और आरएसएस पर राज्य को विभाजित करने का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा, अगर असम बंटता है तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी या केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर प्रभाव नहीं पड़ेगा, बल्कि असम के लोग और शेष भारत प्रभावित होंगे। विवादास्पद सीएए के बारे में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ने कहा कि अगर उनकी पार्टी राज्य में सत्ता में आती है तो किसी भी स्थिति में यह कानून लागू नहीं किया जाएगा। गांधी सहित पार्टी के सभी नेता गमछा पहने हुए थे, जिसपर सांकेतिक रूप से सीएए शब्द को काटते हुए दिखाया गया, जो विवादास्पद कानून के खिलाफ एक संदेश था। गांधी ने कहा कि असम को उनके अपने लोगों में से एक मुख्यमंत्री की जरूरत है, जो उनके मुद्दों को सुने और उन्हें हल करने की कोशिश करे। उन्होंने कहा, रिमोट कंट्रोल एक टीवी चला सकता है, लेकिन मुख्यमंत्री को नहीं। वर्तमान मुख्यमंत्री नागपुर और दिल्ली की बात सुनते हैं। अगर असम को फिर से इस तरह का मुख्यमंत्री मिलता है, तो इससे लोगों को कोई फायदा नहीं होगा। युवाओं को एक ऐसे मुख्यमंत्री की जरूरत है, जो उन्हें नौकरी दे। प्रधानमंत्री, केंद्रीय गृह मंत्री और उनके करीबी उद्योगपतियों पर कटाक्ष करते हुए गांधी ने कहा, मैंने असम के लिए एक नया नारा तैयार किया है – हम दो, हमारे दोअ असम के लिए हमारे और दो, और सबकुछ लूट लो।



आगरा में वैलेंटाइन-डे पर ताजमहल में भारी संख्या में आये पर्यटक

# महिला की खुदकुशी मामले में महाराष्ट्र पुलिस स्वतः संज्ञान लेकर कार्रवाई करेः फडणवीस

**भाषा। नागपुर**

**वरिष्ठ भाजपा** नेता देवेंद्र फडणवीस ने रविवार को कहा कि महाराष्ट्र पुलिस को पुणे में 23 साल की एक महिला द्वारा की गई कथित खुदकुशी के मामले में स्वत: संज्ञान लेते हुए कार्वाई करनी चाहिए। उन्होंने सवाल किया कि पुलिस इस मामले में किसी प्रकार के दबाव में तो नहीं है। सोशल मीडिया पर की गई कुछ पोस्ट में दावा किया गया है कि पुणे के हदापसार क्षेत्र में आठ फरवरी को एक भवन से गिरकर मरने वाली इस महिला का राज्य में किसी कैबिनेट मंत्री के साथ संबंध था।

वनवाडी पुलिस ने दुर्घटनावश मौत का मामला दर्ज किया है और उसका कहना है कि कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। फडणवीस ने शुक्रवार को कहा था कि उनके कार्यालय को इस महिला की मौत के संबंध में दो व्यक्तियों की बातचीत के 12 क्लिप मिले जिन्हें उन्होंने पुलिस महानिदेशक को भेज दिया।

रविवार को यहां हवाई अड्डे पर संवाददाताओं से कहा कि उन्हें लगता है कि इस मामले में पुलिस की कार्वाई जितनी गंभीर होनी चाहिए, नहीं है। ऐसे में सवाल उठता है कि क्या पुलिस किसी प्रकार के दबाव में तो नहीं है। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि इस मामले से जुड़े क्लिप बहुत स्पष्ट हैं और उनके आधार पर पुलिस को स्वत: संज्ञान लेते हुए कार्वाई करनी चाहिए। उन्होंने किसी का नाम लिए बगैर कहा, इस क्लिप की आवाज बहुत ही आसानी से पहचाने जाने योग्य है और पुलिस को खुलासा करना चाहिए कि क्लिप में किस की आवाज है, जबकि वह इसे छिपा रही है। भाजपा नेता ने कहा कि अपराध दर्ज किया जाना चाहिए और सच्चाई लोगों के सामने आनी चाहिए।

## पेड़ों को काटने से रोकने पर तस्करों ने किया वनकर्मियों पर हमला, तीन घायल

**पन्ना ( भाषा )।** मध्य प्रदेश के पन्ना जिले में सागौन के पेड़ों को काटने से रोकने पर कुछ सागौन तस्करों ने वन विभाग के गश्ती दल पर कुल्हाड़ियों एवं डंडों से कथित तौर पर हमला कर दिया, जिससे तीन वनकर्मी घायल हो गए हैं। यह घटना पन्ना जिले के उत्तर वन मंडल अंतर्गत विश्रामगंज रेंज के कौवा सेहा बीट में शनिवार शाम को हुई। वन विभाग के अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

वन परिक्षेत्र विश्रामगंज के रेंजर अजय बाजपेई ने रविवार को बताया कि शनिवार शाम लगभग पांच बजकर 30 मिनट पर जब यह गश्ती दल कौवा सेहा के पास पटार चौकी क्षेत्र में गश्त कर रहा था, तब इन्हें सागौन के पेड़ कटने की जानकारी मिली। उन्होंने बताया कि इसके बाद गश्ती दल ने मौके पर पहुंचकर जब उन्हें रोकने की कोशिश की तो लगभग 12 लोगों ने कुल्हाड़ी और लाठियों से लैस लोगों ने उन पर कथित तौर पर हमला कर दिया।

# तवांग को भारत का हिस्सा बनाने वाले नायक मेजर खाथिंग को सम्मानित किया गया

**भाषा।** तवांग

**अरुणाचल** के तवांग को भारतीय संघ के अधीन लाने वाले मेजर रालेंगनाओ बॉब खाथिंग को पहली बार रविवार को प्रमुख रक्षा अध्यक्ष बिपिन रावत, दो राज्यों के मुख्यमंत्रियों, केंद्रीय मंत्री एवं राज्यपाल की उपस्थिति में सम्मानित किया गया। पहले नार्थ ईस्ट फ्रंटियर (नेफा) और अब अरुणाचल प्रदेश के सहायक राजनीतिक अधिकारी खाथिंग ने वर्ष 1950 के दशक के शुरुआत में असम के तत्कालीन राज्यपाल जयरामदास दौलतरात के सीधे मार्गदर्शन में तवांग को भारतीय संघ के अधीन लाने के लिए साहसिक अभियान चलाया।

तवांग स्थित कलवांगपो सभागार में मेजर रालेंगनाओ बॉब खाथिंग स्मारक की आधारधशीला रखने के कार्यक्रम में अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू, मेघालय के मुख्यमंत्री कोनराड संगमा, केंद्रीय खेल मंत्री किरण रिजिजू, अरुणाचल प्रदेश के राज्यपाल ब्रिगेडियर (अवकाश प्राप्त) बीडी मिश्रा और जनरल रावत शामिल हुए। रिजिजू ने कहा, खाथिंग के सम्मान में भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। तवांग के नायक के योगदान को भुलाया नहीं जा सकता। खाथिंग को उचित सम्मान दिया गया जिन्हें नजरअंदाज किया गया था।

इस कार्यक्रम में मेजर खाथिंग के परिवार के सदस्य भी मौजूद थे। मेजर खाथिंग मणिपुर के नगा थे जिन्हें 17 जनवरी 1951 में दौलतराम ने असम के तेजपुर के पास चारीदुआर से असम राइफल्स के 200 जवानों एवं 600 पोर्टर के साथ तवांग कूच करने आदेश दिया था। द्वितीय विश्वयुद्ध से पहले तवांग स्वतंत्र तिब्बत सरकार के प्रशासनिक नियंत्रण में था और कई कोशिशों के बावजूद ब्रिटिश उस पर अधिकार नहीं कर सके।

नेफा के इतिहास के मुताबिक खाथिंग जब अपने साथियों के साथ तवांग पहुंचे तो उन्होंने तवांग मठ के पास पठार पर स्थानीय कर अधिकारियों, गावं के बजुर्गों एवं तवांग के अहम लोगों से मुलाकात की। खाथिंग ने अपने कूटनीतिक कौशल से स्थानीय लोगों का दिल जीत लिया।

जल्द ही उन्हें पता लगा कि मोनपा समुदाय तिब्बती प्रशासन के सख्त कर से त्रस्त है। उन्होंने स्थानीय लोगों को भारत एवं यहां की लोकतांत्रिक व्यवस्था की जानकारी दी एवं भरोसा दिया कि भारत उन पर कभी अतार्किक कर नहीं लगएगा। शीघ्र ही असम राइफल्स के जवानों एवं खाथिंग ने तवांग पर नियंत्रण स्थापित कर लिया एवं तवांग एवं बुमला पर तिरंगा फहरा दिया एवं इस तरह से यह भारत का हिस्सा बन गया।

## क्विक न्यूज

### ममता कार्ड मायने रखता है, मोदी का राम कार्ड नहीं: पार्थ चटर्जी

**कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस के महासचिव पार्थ चटर्जी ने रविवार को कहा कि पश्चिम बंगाल में जनता कार्ड और ममता कार्ड मायने रखता है राम कार्ड नही, जिसके बारे मे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बात की थी। ममता मंत्रिमंडल मे वरिष्ठ मंत्री चटर्जी ने दावा किया कि भाजपा नेता टीएमसी सरकार द्वारा उठाए गए कल्याणकारी कदमों के सामने जमीन को खो रहे है और अब वे बयानबाजी मे जुट गए है, जिनका चुनाव पर कोई फर्क नही पड़ेगा। कोलकाता मे टीएमसी मुख्यालय मे संवाददाता सम्मेलन मे कहा, प्रधानमंत्री ने राम कार्ड की बात की, लेकिन पश्चिम बंगाल में विकास का जनता कार्ड और ममता कार्ड मायने रखता है। मोदी ने एक सप्ताह पहले बंगाल के हल्दिया में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा था कि टीएमसी सरकार ने बीते दस साल मे कई गलत काम किए और अप्रैल मई मे होने वाले विस चुनाव में उसे राम कार्ड दिखाने का समय आ गया है।

### पश्चिम बंगाल में डंपर की चपेट में आने से चार लोगों की मौत

**वर्द्धमान (पश्चिम बंगाल)।** पश्चिम बंगाल के पूर्व वर्द्धमान जिले मे राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या-2 पर तेज गति से आ रहे एक डंपर की चपेट में आने से रविवार को एक ही परिवार के तीन सदस्यो समेत चार लोगो की मौत हो गई। यह घटना तब हुई जब दिहाड़ी मजदूर बस पकड़ने के लिए अलिशा क्षेत्र मे सड़क पार कर रहे थे। मजदूर बांकुड़ा जिले जा रहे थे तभी कोलकाता जा रहे एक डंपर की चपेट मे आ गए। अधिकारी ने बताया कि डंपर की चपेट मे आने के बाद एक दंपति और उनकी बहू को सरकारी अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरो ने उन्हे मृत घोषित कर दिया। वही चौथा व्यक्ति इसी परिवार का पड़ोसी था और उनकी मौत एक अन्य अस्पताल मे इलाज के दौरान हो गई।

### पुडुचेरी को 28 तक कोविड-मुक्त बनाने के लिए अभियान शुरू


**पुडुचेरी।** केंद्रशासित प्रदेश पुडुचेरी को इस महीने के अंत तक कोविड-19 मुक्त बनाने के लिए अभियान शुरू किया गया है। यहां दैनिक मामले अब एकल संख्या में ही सामने आ रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग के एक अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण निदेशक एस मोहन कुमार ने बताया कि 28 फरवरी तक कोविड-19 के शून्य मामले नाम से अभियान शुरू किया गया है और इस दौरान संक्रमितों के संपर्क मे आए लोगों की पहचान की जाएगी और उनका इलाज किया जाएगा ताकि संक्रमण के प्रसार को रोका जा सके। उन्होने बताया कि कोविड-19 से मुक्ति के लक्ष्य को हासिल करने के लिए समन्वय के साथ शनिवार को अभियान की शुरुआत की गई। कुमार ने कहा कि पिछले 24 घंटे मे रविवार को सुबह 10 बजे तक संक्रमण के आठ नए मामले सामने आए। वही एक व्यक्ति की मौत हो गई। कुल मृतकों की संख्या बढ़कर 657 हो गई। संक्रमितो की संख्या 39,448 है और अब तक कुल 38,533 लोग स्वस्थ हो चुके हैं। 258 लोगों का उपचार चल रहा है।

### विदिशा में स्थापित की जाएगी सुषमा स्वराज की प्रतिमाः चौहान

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने रविवार को घोषणा की कि पूर्व केन्द्रीय मंत्री सुषमा स्वराज की प्रतिमा प्रदेश के विदिशा में स्थापित की जाएगी। विदिशा लोकसभा सीट से वह भाजपा सांसद थी। चौहान ने रविवार को यहां अपने निवास पर सुषमा स्वराज की जयंती पर उन्हे पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। उनके मंत्रिमंडल के कुछ मंत्री एवं पार्टी के वरिष्ठ नेता मौजूद थे। पुष्पांजलि अर्पित करते हुए चौहान ने कहा, विदिशा के विकास मे सुषमा स्वराज का योगदान अतुलनीय है। हमने तय किया है कि विदिशा स्थित टाउन हॉल मे उनकी प्रतिमा स्थापित की जाएगी। विदिशा मप्र की राजधानी भोपाल से करीब 58 किलोमीटर दूर है और सुषमा स्वराज वर्ष 2009 एवं 2014 मे हुए लोकसभा चुनाव मे वहां से जीत कर दो बार सांसद रही। 67 वर्ष की उम्र मे उनका निधन छह अगस्त 2019 का हुआ। मप्र विसभके प्रोटेम स्पीकर रामेश्वर शर्मा, प्रदेश के चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग एवं भाजपा के नेताओं ने भी स्वराज की जयंती पर उन्हे पुष्पांजलि अर्पित की।

### रिंकू शर्मा के लिए न्याय मांगने पर मुझे जान से मारने की धमकी मिली है : रामेश्वर शर्मा

**भोपाल।** मप्र विस के अस्थाई अध्यक्ष (प्रोटेम स्पीकर) रामेश्वर शर्मा ने रविवार को दावा किया कि रिंकू शर्मा के लिए न्याय की मांग करने पर एक व्यक्ति ने उन्हे जान से मारने की धमकी दी है। दिल्ली मे 10 फरवरी को कुछ लोगो के एक समूह ने रिंकू शर्मा की कथित तौर पर हत्या कर दी थी। रामेश्वर ने शनिवार को फेसबुक पर धमकी भरी इस पोस्ट की स्क्रीन शॉट को ट्वीट भी किया था। रविवार को यहां मीडिया से बात करते हुए कहा, रिंकू शर्मा को न्याय मिलना चाहिए। इसकी मांग करने पर मुझे फेसबुक पर धमकी दी गई है कि जो हाल रिंकू शर्मा का हुआ है, वह मेरा भी हो सकता है। मै इस तरह की धमकियो से डरने वाला नही हूं। उन्होने कहा कि रिंकू शर्मा को न्याय मिलना चाहिए। रिंकू शर्मा के भाई ने आरोप लगाया है कि उसकी हत्या इसलिए कर दी गई, क्योंकि वह अयोध्या मे बन रहे राम मंदिर के लिए चंदा जुटाने के अभियान मे सक्रिय रूप से शामिल था। हालांकि, दिल्ली पुलिस ने इस हत्या के पीछे कोई सांप्रदायिक दृष्टिकोण होने से इनकार किया है।



जम्मू में पुलवामा हमले की बरसी पर हवन करते हुए लोग

# पीएमसीएच की मुख्य इमारत गिराने से बचे सरकार

## पूर्व छात्र संगठनों ने बिहार सरकार से कहा

**भाषा।** पटना

**बिहार** की राजधानी में स्थित 96 साल पुराने पटना मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के पूर्व छात्रों के संगठन ने राज्य सरकार से अपील की है कि वह कम से कम इसकी दो ऐतिहासिक इमारतों को गिराने से बचे क्योंकि यह बिहार एवं ओड़िशा के पहले मेडिकल कॉलेज से जुड़ी है और भावी पीढ़ी के लिए इसका संरक्षण जरूरी है।

पूर्व छात्रों के संगठन ने पटना मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के जिन दो प्रतिष्ठित ढांचों को गिराने से बचने और उनके संरक्षण एवं मरम्मत के लिए अपील की है उनमें प्रशासनिक इमारत शामिल है जहां प्राचार्य का कार्यालय है और पुराना बांकीपुर सामान्य अस्पताल शामिल है जहां हथवा वार्ड और पुराना ऑपरेशन थिएटर है। पटना मेडिकल कालेज एवं अस्पताल को पीएमसीएच के नाम से जाना जाता है और यही नाम लोकप्रिय है। पीएमसीएच की स्थापना 1925 में हुई थी। उस समय इसका नाम प्रिंस ऑफ वेल्स मेडिकल कॉलेज था। पीएमसीएच की विरासत इमारतों को तीन चरणों में गिराए जाने की योजना है और यह वृहद विकास परियोजना का हिस्सा है जिसका शिलान्यास मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आठ फरवरी को पीएमसीएच परिसर में किया था। पीएमसीएच के पूर्व छात्रों के संगठन के अध्यक्ष डा सत्यजीत कुमार सिंह ने बताया, दुनिया भर के सभी ऐतिहासिक संस्थान आगे बढ़ते हुए, अपनी विरासत को संरक्षित करने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे में एशिया के सबसे पुराने और बिहार के पहले मेडिकल कॉलेज की विरासत से राज्य की भावी पीढ़ी को दूर करना ठीक नहीं है।

# प्रधान ने राज्य के कुछ हिस्सों में आंध्र प्रदेश के पंचायत चुनाव कराने पर ओडिशा सरकार को आगाह किया

**भुवनेश्वर।** पड़ोसी आंध्र प्रदेश द्वारा ओडिशा के कुछ गांवों में पंचायत चुनाव कराने के एक दिन बाद रविवार को केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने मामले पर चिंता जताते हुए ओडिशा सरकार को आगाह किया अगर अंतरराज्ईय विवाद को सुलझाने के लिए सक्रिय पहल नहीं की गई तो स्थिति और विकट हो सकती है। प्रधान ने एक बयान में कहा कि हालांकि, ओडिशा सरकार ने सीमा विवाद को सुलझाने के लिए कानूनी रास्ता अख्तियार किया है लेकिन इसे निर्णायक मोड़ तक ले जाना चाहिए। अगर समय से कदम नहीं उठाए गए तो हमें और भी खराब स्थिति का सामना करना पड़ सकता है। प्रधान ने कहा कि आंध्र प्रदेश ने कोरापुट, गंजाम एवं गजपति जिलों के सीमावर्ती गांवों में पंचायत चुनाव कराए, जिससे दोनों राज्यों के रिश्तों में खटास आई। ओडिशा सरकार की आपत्ति को दरकिनार करते हुए आंध्र प्रदेश ने शनिवार को कोरापुट जिले के कोटिया इलाके में पंचायत चुनाव कराए जबकि दोनों राज्य इस इलाके पर अपना-अपना दावा करते हैं। ओडिशा सरकार ने कोटिया में आंध्र प्रदेश द्वारा पंचायत चुनाव कराने के खिलाफ उच्चतम न्यायालय में याचिका दायर की है। शीर्ष न्यायालय ने मामले में शुक्रवार को नोटिस जारी किया और मामले की सुनवाई के लिए 19 फरवरी की तारीख तय कर दी।

# खुदकुशी मामले में सच्चाई और कानून अक्षुण्ण रहेंगेः संजय राउत

**मुम्बई।** महाराष्ट्र के एक मंत्री का पुणे में एक महिला की मौत से संबंध होने के आरोपों के बीच शिवसेना के सांसद संजय राउत ने रविवार को कहा कि राजनीति में चरित्र हनन के दृष्टांत रहे हैं लेकिन इस मामले में सच्चाई एवं कानून अक्षुण्ण रहेंगे। सोशल मीडिया पर किए गए कुछ पोस्ट में दावा किया गया है कि पुणे के हदापसार क्षेत्र में आठ फरवरी को एक भवन से गिरकर मरने वाली 23 वर्षीय इस महिला का राज्य में किसी कैबिनेट मंत्री के साथ संबंध था। भाजपा का भी कुछ ऐसा ही दावा है।

शिवसेना, कांग्रेस और राकांपा की महा विकास अघाड़ी सरकार के अगुवा मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे पहले ही विस्तृत जांच और दोषी के विरूद्ध कार्वाई का वादा कर चुके हैं। राउत ने नासिक में संवाददाताओं से कहा, इस मामले में कानून अपना काम करेगा , न कि वैसा होगा, जैसा विपक्ष चाहता है। सच्चाई हमेशा सर्वोपरि रहेगी। मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे पहले ही कह चुके हैं कि मामले की जांच चल रही है। (शिवसेना के प्रमुख) ठाकरे एक संवेदनशील व्यक्ति हैं और वह कभी कुछ गलत नहीं करेंगे। राज्य के लोग उन पर भरोसा करते हैं।

वनवाडी पुलिस ने दुर्घटनावश मौत का मामला दर्ज किया है और उसका कहना है कि कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। राउत ने कहा कि हाल ही में एक महिला ने राकांपा नेता और मंत्री धनंजय मुंडे पर आरोप लगाए थे और बाद में उसने आरोप वापस ले लिए। उन्होंने कहा, अब अन्य मंत्री संजय राठौड़, जो विदर्भ क्षेत्र (पूर्वी महाराष्ट्र) में शिवसेना के स्तंभों में एक हैं, के विरूद्ध कुछ आरोप लगाए गए हैं। जांच के बाद सच्चाई सामने आएगी। लेकिन राजनीति में राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों के चरित्र हनन एवं छवि भंजन के दृष्टांत रहे हैं। और ऐसा माना जाता है कि व्यक्ति (ऐसे तरीके से) राजनीति में सफलता हासिल कर सकता है। लेकिन सच्चाई नहीं बदलती।

किसी का नाम लिए बगैर भाजपा पर कटाक्ष करते हुए राउत ने कहा कि कथित आत्महत्या में जांच कानून के अनुसार होगी न कि उस तरह जैसा विपक्ष चाहता है। उन्होंने कहा, महाराष्ट्र ऐसा स्थान है जहां कानून का शासन है। इससे पहले दिन में महाराष्ट्र विधानसभा में विपक्ष के नेता देवेंद्र फडणवीस ने कहा था कि महाराष्ट्र पुलिस को पुणे में 23 साल की एक महिला द्वारा की गई कथित खुदकुशी के मामले में स्वत: संज्ञान लेते हुए कार्वाई करनी चाहिए। उन्होंने सवाल किया था कि पुलिस इस मामले में किसी प्रकार के दबाव में तो नहीं है।

शनिवार को एक भाजपा नेता ने मांग की थी कि मुख्यमंत्री ठाकरे इस मामले की जांच के लिए एक आईपीएस अधिकारी एवं सेवानिवृत न्यायाधीश वाला एक विशेष जांच दल बनाएं। जब राउत से पूछा गया कि क्या महा विकास अघाड़ी सरकार और राज्यपाल बी एस कोश्यारी के बीच शीतयुद्ध है तो उन्होंने कहा, यह कोई शीतयुद्ध नहीं बल्कि खुली जंग है। भाजपा राज्यपाल के कंधों का इस्तेमाल करके एमवीए सरकार को निशाना बना रही है। राजभवन का राजनीति के लिए इस्तेमाल किया जा रहा है। शिवसेना नेता ने कहा कि राज्यपाल के लिए राज्य मंत्रिमंडल की सिफारिशें स्वीकार करना अनिवार्य है लेकिन वह राजनीतिक दबाव में हैं। शिवसेना नीत सरकार और कोश्यारी के बीच विभिन्न मुद्दों पर टकराव चलता रहा है। राज्यपाल ने महाराष्ट्र विधानपरिषद के सदस्य के तौर पर नामांकन के लिए सरकार द्वारा भेजे गए 12 नामों को अब तक मंजूरी नहीं दी है। हाल ही में बृहस्पिवार को टकराव तब सामने आया जब राज्यपाल को मुम्बई से बाहर की यात्रा करने के लिए आखिरी घड़ी में राज्य सरकार के विमान का उपयोग नहीं करने दिया गया।



अमृतसर में पंजाब नगर पालिका चुनाव के दौरान मतदान के लिए लाइन में लगे अपने पहचान पत्र दिखाते हुए स्थानीय निवासी।

# प्रधानमंत्री ने श्रीलंकाई तमिलों के लिए भारत का समर्थन दोहराया

भाषा। चेन्नई

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने रविवार ने कहा कि उनकी सरकार ने श्रीलंकाई तमिलों के कल्याण का हमेशा ध्यान रखा है और उनके अधिकारों के मुद्दे को लगातार द्वीपीय देश के नेताओं के साथ उठाया है। मोदी ने रेलवे और रक्षा क्षेत्रों में विभिन्न सरकारी परियोजनाओं की शुरुआत करने के बाद कहा कि भारत हमेशा यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध रहा है कि वहां तमिल समानता, न्याय, शांति और सम्मान के साथ जीवन यापन करें।

मोदी ने आवास और स्वास्थ्य क्षेत्रों में केंद्र द्वारा उठाए गए विभिन्न कल्याणकारी प्रयासों को याद किया, जिनका उद्देश्य श्रीलंकाई तमिलों को लाभ पहुंचाना था और कहा कि वह उत्तरी श्रीलंका में जाफना (2015 में) का दौरा करने वाले पहले भारतीय प्रधानमंत्री थे। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने श्रीलंका में तमिल भाइयों और बहनों के कल्याण और आकांक्षाओं का हमेशा ध्यान रखा है। मेरे लिए यह सम्मान की बात है कि मैं जाफना का दौरा करने वाला एकमात्र भारतीय प्रधानमंत्री हूं। विकास कार्य के माध्यम से, हम तमिल समुदाय का कल्याण सुनिश्चित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत ने उत्तर पूर्वी श्रीलंका में विस्थापित तमिलों के लिए 50,000 घरों का निर्माण किया है और बागान क्षेत्रों में और 4,000 मकानों का निर्माण किया है। हम जाफना संस्कृति केंद्र जल्द खोलने की उम्मीद करते हैं। मोदी ने कहा कि तमिल अधिकारों का मुद्दा भी श्रीलंका के नेताओं के साथ लगातार उठाया गया है। हम हमेशा यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध रहे हैं कि वे (तमिल) समानता, न्याय, शांति और गरिमा के साथ रहें। श्रीलंकाई तमिलों का मुद्दा तमिलनाडु में हमेशा से एक भावनात्मक मुद्दा रहा है और यह यहां की राजनीति पर अक्सर हावी रहा है। मोदी ने जाफना और मन्नार के लिए रेलवे परियोजनाओं में भारत के प्रयासों, चेन्नई से जाफना के लिए हवाई संपर्क और स्वास्थ्य क्षेत्र में पहलों का भी उल्लेख किया।

## खाड़ी देशों में काम करने वाले भारतीय समुदाय पर देश को गर्व



भाषा। कोच्चि

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि खाड़ी देशों में काम करने वाले भारतीय समुदाय पर देश को गर्व है तथा भारत सरकार उनकी पूरी मदद करेगी।

मोदी ने यहां विभिन्न अवसंरचना परियोजनाओं के उद्घाटन के बाद एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए खाड़ी देशों में जेलों में बंद भारतीय लोगों की व्यथा का जिक्र किया और कहा कि उनकी सरकार के हस्तक्षेप के बाद खाड़ी देशों ने पिछले कुछ वर्षों में ऐसे अनेक भारतीयों को रिहा किया है। प्रधानमंत्री ने कहा, हमारी सरकार ऐसे लोगों के लिए हमेशा आवाज उठाएगी। मोदी ने इस विषय पर संवदेनशील रवैया अपनाने के लिए विभिन्न खाड़ी देशों की सरकारों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि खाड़ी देशों की सरकारों ने मेरी व्यक्तिगत अपील को माना और हमारे समुदाय की विशेष देखरेख की। सऊदी अरब, कतर, संयुक्त अरब अमीरात और बहरीन सहित खाड़ी देशों की अपनी यात्राओं को याद करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्होंने वहां भारतीय समुदाय के लोगों के साथ भोजन किया और उनसे बातचीत की।

मोदी ने कहा कि भारत को खाड़ी देशों में काम करनेवाले अपने समुदाय पर गर्व है। उन्होंने कहा कि कोविड-19 महामारी की वजह से विदेश में फंसे 50 लाख से अधिक भारतीय वंदे भारत मिशन के तहत घर वापस आए। प्रधानमंत्री ने कहा कि इन लोगों में से अनेक केरल से थे। ऐसे संवेदनशील समय में उनकी सेवा करना हमारी सरकार के लिए सम्मान की बात थी। मोदी ने कहा कि खाड़ी देश क्षेत्र में वापसी के लिए भारतीयों को प्राथमिकता दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमने प्रक्रिया को सुगम बनाने के लिए एअर बबल स्थापित किए हैं। खाड़ी देशों में काम कर रहे भारतीयों को पता होना चाहिए कि उन्हें हमारी सरकार का पूरा समर्थन प्राप्त है।

## गुजारा भत्ते में समान आधार तय करने की मांग वाली याचिका के खिलाफ न्यायालय पहुंचा एआईएमपीएलबी

**नई दिल्ली।** ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड ने वैवाहिक विवादों से संबंधित मामलों में सभी नागरिकों के लिए अंतरराष्ट्रीय संधियों एवं संविधान के तहत लैंगिक और धर्म के आधार पर भेदभाव के बगैर गुजारा भत्ता निर्धारित करने के वास्ते समान आधार प्रतिपादित करने को लेकर दायर एक याचिका के खिलाफ उच्चतम न्यायालय का रुख किया है। बोर्ड ने अधिवक्ता एवं भाजपा नेता अश्विनी कुमार उपाध्याय द्वारा दायर याचिका का विरोध किया है। उपाध्याय द्वारा जारी याचिका में गुजारा भत्ता के आधारों में व्याप्त विसंगतियों को दूर करने और उन्हें भेदभाव के बिना सभी नागरिकों के लिए एक समान बनाने के लिए सरकार को उचित कदम उठाने के वास्ते निर्देश देने का भी अनुरोध किया गया है। ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड (एआईएमपीएलबी) की याचिका में कहा गया है, आवेदक यह बताना



मुंबई के बायकुला चिड़ियाघर में रविवार को कोरोना वायरस महामारी के कारण 11 महीनों से बंद होने के बाद फिर से अपने बाड़े में खोला गया रॉयल बंगाल टाइगर जो पेड़ के साथ अटखेलिया करता हुआ दिखा।

## मथुरा के गिरिराज पर्वत की शिला बेचने के मामले में चेन्नई से कंपनी मालिक गिरफ्तार

**मथुरा।** उत्तर प्रदेश के मथुरा जनपद में स्थित गिरिराज पर्वत की शिलाएं ऑनलाइन बेचने के आरोप में ई-कॉमर्स कंपनी के मालिक को पुलिस चेन्नई से गिरफ्तार कर यहां ले आई है। शिलाओं की बिक्री का ऑनलाइन विज्ञापन देखने के बाद कई लोगों ने थाना गोवर्धन में शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस के अनुसार हाल ही में फेसबुक पर चेन्नई की कंपनी लक्ष्मी डिवाइन और आर्टिकल स्टोर्स ने गिरिराज की शिला बेचने का विज्ञापन पोस्ट किया था। विज्ञापन में नेचुरल गिरि गोवर्धन शिला, गोवर्धन स्टोन, गिरिराज कृष्ण शिला लिखा हुआ था। इस मामले में गोवर्धन निवासी केशव मुखिया ने इण्डिया मार्ट के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ब्रजेश अग्रवाल और दिनेश अग्रवाल निवासी सेक्टर 135 नोएडा और एजेंट अंकुर अग्रवाल निवासी मथुरा को नामजद करते हुए सात फरवरी को थाना गोवर्धन में शिकायत दर्ज कराई थी।

# त्रिवेदी को उनके कुटिल राजनीतिक उद्देश्य के लिए सदन का इस्तेमाल करने दिया गयाः टीएमसी

भाषा। नई दिल्ली

**तृणमूल** कांग्रेस (टीएमसी) ने रविवार को आरोप लगाया कि शुक्रवार को राज्यसभा की सदस्यता से इस्तीफा देने वाले दिनेश त्रिवेदी ने सदन का इस्तेमाल किया और उन्हें उनके कुटिल राजनीतिक उद्देश्य के लिए सदन का दुरुपयोग करने दिया गया।

त्रिवेदी के इस्तीफा देने की घोषणा करने के बाद तृणमूल कांग्रेस ने उनकी आलोचना की और उन्हें कृतघ्न करार दिया वहीं भाजपा ने कहा कि भगवा दल में शामिल होने पर उनका स्वागत किया जाएगा। गौरतलब है कि पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव के पहले बड़ी संख्या में नेताओं के ममता बनर्जी की पार्टी छोड़ने की बीच त्रिवेदी ने इस्तीफा दिया है। त्रिवेदी तृणमूल कांग्रेस के उम्मीदवार के रूप में तीन अप्रैल 2020 को उच्च सदन के सदस्य बने थे और उनका वर्तमान कार्यकाल दो अप्रैल 2026 तक है। संप्रग शासनकाल में त्रिवेदी रेलमंत्री थे और उन्होंने 2012 में रेल मंत्री के पद से इस्तीफा दे दिया था। वह दो बार लोकसभा के सदस्य रह चुके हैं और 2019 के लोकसभा चुनाव में मिली हार के बाद पार्टी ने उन्हें राज्यसभा में भेजा था।

राज्यसभा में तृणमूल कांग्रेस के मुख्य सचेतक सुखेंदु शेखर राय ने सभापति को पत्र लिख कर कहा कि पार्टी ने केन्द्रीय बजट 2021-22 पर चर्चा के लिए वक्ताओं के तौर पर केवल दो नामों की अनुशंसा की थी और त्रिवेदी उनमें शामिल नहीं थे। उन्होंने कहा कि तृणमूल पार्टी को दिया गया वक्त दो वक्ताओं के निर्धारित दिन बोलने के बाद समाप्त हो गया था,इसके बावजूद त्रिवेदी को बोलने क्यों दिया गया। राय ने कहा कि 12 फरवरी 2021 को अपराह्न करीब एक बजकर 25 मिनट पर जब वित्त मंत्री बजट चर्चा पर जवाब देने जा रही थीं, उस वक्त तृणमूल कांग्रेस के एक सदस्य दिनेश त्रिवेदी को अपराह्न एक बजकर 25 मिनट से करीब चार मिनट तक बोलने की अनुमति दी गई, जबकि एआईटीसी ने बजट पर चर्चा के लिए उनका नाम वक्ता के तौर पर पेश नहीं किया था और पार्टी का वक्त भी समाप्त हो गया था। राय के पत्र की प्रति पीटीआई-भाषा के पास उपलब्ध है।

इस्तीफा देते वक्त त्रिवेदी ने कहा था कि पश्चिम बंगाल में हो रही हिंसा और कुछ नहीं कर पाने से उन्हें घुटन महसूस हो रही है। राय ने कहा कि त्रिवेदी की सीट राज्यसभा की दीर्घा में आवंटित है लेकिन वह नीचे परिषद चेंबर के अंदर आए और अपनी पसंद की सीट से असंबद्ध विषय पर बोलना शुरू कर दिया। राय ने आरोप लगाया , बजट पर चर्चा के दौरान इस प्रकार के अनधिकृत हस्तक्षेप को रोकने के लिए आसन ने कोई कार्वाई नहीं की, उन्होंने उसी पार्टी के खिलाफ बोला जिसमें वह थे।

# बदरुद्दीन अजमल असम के दुश्मनः सरमा

**● कहा, भारतीय एवं असमी संस्कृति की रक्षा के लिए मैं अतिवादी हूं**



हिमंत बिस्व सरमा

भाषा। गुवाहाटी

**एआईयूडीएफ** प्रमुख बदरुद्दीन अजमल को असम का दुश्मन करार देते हुए असम के मंत्री हिमंत बिस्व सरमा ने कहा कि वह भारतीय एवं असमी संस्कृति की रक्षा के लिए एक अतिवादी हैं। पूर्वोत्तर जनतांत्रिक गठबंधन (एनईडीए) के समन्वयक सरमा ने अजमल पर असम की संस्कृति के विरुद्ध काम करने का आरोप लगाते हुए कहा कि वह तबतक पहचान की राजनीति की बात करते रहेंगे जबतक लोकसभा सदस्य एवं विपक्षी नेता राजनीति परिदृश्य में रहेंगे। आल इंडिया यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (यूआईयूडीएफ) प्रमुख अजमल धुबरी सीट से लोकसभा सदस्य हैं और उनकी पार्टी के 14 विधायक विधानसभा में हैं जिनमें अधिकतर असम के अल्पसंख्यक बहुल सीटों से जीत कर आते हैं।

आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा का मुकाबला करने के लिए यूआईयूडीएफ ने कांग्रेस एवं चार अन्य पार्टियों के साथ मिलकर महागठबंधन बनाया है। सरमा ने कहा कि हां, मैं इस धरती पर भारतीय एवं असमी संस्कृति की रक्षा के लिए अतिवादी हूं। अगर किसी ने मुझे यह तमगा दिया है तो कृपया करके मेरा आभार एवं धन्यवाद उन लोगों तक पहुंचा दें। जब उनसे पूछा गया कि क्या ध्रुवीकरण की राजनीति में वह और अजमल बराबर हैं तो असम के वित्तमंत्री ने कहा कि एआईयूडीएफ प्रमुख कुछ ऐसा कर रहे हैं जो असमी संस्कृति के विपरीत है जबकि वह तो असमी संस्कृति की रक्षा करने का प्रयास कर रहे हैं। सरमा ने कहा कि मैं भारतीय राष्ट्रवाद की रक्षा करने का प्रयास कर रहा हूं। दो अतिवादी होने चाहिए, इसलिए अगर उत्तरी ध्रुव है तो दक्षिण ध्रुव भी होगा। अगर बदरुद्दीन अजमल गायब हो जाते हैं तो हम भी गायब हो जाएंगे। तब हम विकास की तथा कुछ और बात करेंगे। उन्होंने कहा कि लेकिन जबतक बदरुद्दीन अजमल होंगे, तबतक हम विकास एवं पहचान की राजनीति की बात करेंगे। अगर यह मुझे अतिवादी बनाता है तो मैं इससे खुश हूं। जब उनसे पूछा गया कि क्या अजमल बांग्लादेशी अवैध घुसपैठियों के मसीहा हैं? तो वरिष्ठ भाजपा नेता ने व्यक्तिगत रूप से उन पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया लेकिन अजमल के संस्थान के तौर पर या जिनका वह प्रतिनिधित्व करते हैं उसपर अपनी राय व्यक्त की।

सरमा ने कहा कि संभवत: यह असम की राजनीति का सबसे खतरनाक दौर है। वह (अजमल) कट्टरपंथी संगठनों से पैसा ला रहे हैं। समाज सेवा के नाम पर वह नेटवर्क बना रहे हैं जो असम की संस्कृति के हित में नहीं है। उन्होंने कहा कि इसलिए, मैं उन्हें एक व्यक्ति नहीं बल्कि ऐसे लोगों का प्रतीक मानता हूं जो हमारे दुश्मन हैं। 126 सदस्ईय विधानसभा के आगामी चुनाव में भाजपा की प्रचार रणनीति के बारे में पूछे जाने पर असम सरकार में मंत्री सरमा ने कहा कि पार्टी चुनाव समिति को अबतक अंतिम रूप नहीं दिया गया है। हालांकि, उन्होंने कहा कि प्रचार करने का उनकी अपनी थीम है। सरमा ने कहा कि प्रचार का मेरा व्यक्तिगत थीम सांस्कृतिक द्वंद्व है। जाती-माटी-भेटी एक रक्षात्मक बयान था। अब, समय अगले पांच साल के लिए आक्रमक होने का है, संस्कृति की जीत होनी चाहिए।


उल्लेखनीय है कि वर्ष 2016 के चुनाव में भाजपा का नारा बांग्लादेशी घुसपैठियों से असमी लोगों की जाति-माटी-भेटी की रक्षा था। सरमा ने कहा कि यह रुख हमारे विधानसभा क्षेत्रों के परिसीमन कार्यों के अनुरूप भी होगा। मैंने वर्ष 2026 तक के लिए अपनी रणनीति तैयार की है।

## मास्क किस वस्तु से बना है इससे अधिक अहम है कि उसे सही तरीके से पहना जाए

**नई दिल्ली ( भाषा )।** एक अध्ययन में वैज्ञानिकों ने दावा किया है कि कुछ मामलों में कोविड-19 से बचने के लिए पहना जाने वाला मास्क किस चीज से बना है इससे अधिक यह मायने रखता है कि उसे सही ढंग से पहना जाए। कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं ने कहा कि इस महामारी के बीच तमाम अध्ययनों में बताया गया है कि मास्क पहनने से कोरोना वायरस के प्रसार में कमी आती है लेकिन उचित तरीके से मास्क पहनने के प्रभाव के बारे में हमारी समझ बहुत सीमित है। पीएलओएस वन पत्रिका में प्रकाशित लेख में चेहरे पर मास्क पहनने को लेकर अध्ययन किया गया और पाया गया कि बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले मास्क-जैसे एन-95 को भी अगर ठीक ढंग से न पहना जाए तो वे भी कपड़े के मास्क से बेहतर साबित नहीं होते। शोधकर्ताओं के मुताबिक चेहरे की हल्की बनावट में अंतर-जैसे त्वचा में वसा का जमाव-भी मास्क के सटीक तरीके से पहनने में अंतर पैदा कर देता है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा नियमित तौर पर मास्क के सटीक होने की जांच की जाती है लेकिन इस जांच के असफल होने की दर अधिक है क्योंकि पहनने वाले द्वारा मामूली लीक का पता लगाना असंभव होता है। वैज्ञानिकों को आशा है कि इस अध्ययन से भविष्य में ऐसी स्वास्थ्य आपात स्थिति आने पर त्वरित एवं भरोसेमंद फिट टेस्ट विकसित हो सकेगी। शोधपत्र की प्रथम लेखिका कैम्ब्रिज विवि की यूजेनिया ओ केली ने कहाकि जब तक मास्क और पहने वाले की त्वचा के बीच की जगह सील नहीं होगी, तब तक कई बूंदों का रिसाव मास्क के ऊपर एवं किनारे से होगा। कई लोग जो चश्मा पहनते हैं उन्हें इसकी जानकारी है।

# भारत में कोरोना से ठीक होने की राष्ट्रीय दर सबसे अधिक

भाषा। नई दिल्ली



**केंद्रीय** स्वास्थ्य मंत्रालय ने रविवार को कहा कि भारत में एक अक्टूबर 2020 से लगातार कोविड-19 से होने वाली दैनिक मौतों की संख्या में गिरावट आ रही है जबकि मरीजों के ठीक होने की दर दुनिया में सबसे बेहतर दरों में एक है। भारत में कोरोना वायरस संक्रमण के 12,194 नए मामले सामने आने के बाद संक्रमण के मामलों की कुल संख्या बढ़कर 1.09 करोड़ हो गई है। वहीं 92 और रोगियों की मौत के बाद मृतकों की संख्या बढ़कर 1,55,642 हो गई है। मंत्रालय ने कहा, एक अक्टूबर 2020 से देश में कोविड-19 से मृत्युदर में लगातार गिरावट आ रही है। आज की तारीख तक मृत्युदर 1.5 प्रतिशत (1.43 प्रतिशत) से कम है। भारत में संक्रमितों के अनुपात में मृत्यु दर दुनिया की सबसे कम मृत्यु दर में एक है। मंत्रालय ने बताया कि कोविड-19 से ठीक होने वालों की संख्या 1,06,11,731 हो गई है जिनमें से 11,016 मरीज गत 24 घंटे में ठीक हुए हैं। मंत्रालय ने रेखांकित किया, भारत में कोविड-19 से ठीक होने की दर 97.31 प्रतिशत है जो दुनिया में सबसे उच्च दरों में से एक है। रविवार तक कोविड-19 के उपचाराधीन मरीजों एवं ठीक होने वाले मरीजों की संख्या में अंतर 1,04,74,164 रहा। मंत्रालय ने बताया कि अब तक 82 लाख से अधिक स्वास्थ्य कर्मियों एवं फ्रंटलाइन कर्मियों का कोविड-19 से बचाव के लिए टीकाकरण किया गया है। मंत्रालय ने बताया कि रविवार सुबह आठ बजे तक 1,72,852 टीकाकरण सत्रों में कुल 82,63,858 लाभार्थियों को टीका लगाया गया है जिनमें 59,84,018 स्वास्थ्यकर्मियों को टीके की पहली खुराक जबकि 23,628 स्वास्थ्य कर्मियों को दूसरी खुराक दी गई है। वहीं 22,56,212 फ्रंटलाइन कर्मियों को भी टीके की पहली खुराक दी जा चुकी है। टीके की पहली खुराक देने के 28 दिन बाद दूसरी खुराक देने की शुरुआत शनिवार को की गई। टीकाकरण अभियान के 29वें दिन (13 फरवरी को) कुल 2,96,211लाभार्थियों को टीका लगाया गया। कुल 8,071 सत्र में 2,72,583 लाभार्थियों को पहली खुराक दी गई जबकि 23,628 स्वास्थ्य कर्मियों को टीके की दूसरी खुराक दी गई। मंत्रालय ने बताया, प्रत्एक दिन देश में टीकाकरण में प्रगति हो रही है और टीकाकरण के 68.55 फीसदी लाभार्थी 10 राज्यों के हैं। मंत्रालय ने बताया कि कोरोना वायरस से गत 24 घंटे में ठीक हुए मरीजों में 81.58 प्रतिशत छह राज्यों में सीमित हैं। केरल में एक दिन में सबसे अधिक 5,835 मरीज संक्रमण मुक्त हुए जबकि गत 24 घंटे में 1,773 मरीजों के ठीक होने के साथ महाराष्ट्र दूसरे स्थान पर रहा। इस अवधि में तमिलनाडु में 482 मरीजों ने बीमारी को मात दी। मंत्रालय ने बताया कि भारत में इस समय उपचाराधीन मरीजों की संख्या 1.37 लाख है जो कुल संक्रमितों का 1.26 प्रतिशत है। मंत्रालय ने बताया कि गत 24 घंटे में सामने आए नए मामलों में 86.25 प्रतिशत छह राज्यों में सीमित हैं। केरल में सबसे अधिक नए मामले आने का क्रम जारी है और गत 24 घंटे में 5,471 और लोगों के संक्रमित होने की पुष्टि हुई है जबकि महाराष्ट्र एवं तमिलनाडु क्रमशः 3,611 और 477 नए मामलों के साथ दूसरे एवं तीसरे स्थान पर हैं।

# पेज 1 का शेष

## पुलवामा हमले...

काम पूरा करने के बाद एक उड़ान से श्रीनगर जाना था। सिंह ने बताया कि अल बद्र का सक्रिय सदस्य अतहर शकील खान उसे श्रीनगर हवाई अड्डे पर लेने आता। खान को गिरफ्तार कर लिया गया है। आईजी ने बताया कि कश्मीर के उसके साथी छात्र काज़ी वसीम को इस साजिश के बारे में पता था और उसे चंडीगढ़ से हिरासत में ले लिया गया है, जबकि उसके एक अन्य सहयोगी आबिद नबी को श्रीनगर से गिरफ्तार किया गया है।' उन्होंने बताया कि बम निष्क्रिय दस्ता आईईडी की जांच कर रहा है और अभी यह स्पष्ट नहीं है कि उपकरण बनाने में आरडीएक्स का इस्तेमाल किया गया है या नहीं। बहरहाल, उन्होंने कहा कि वक्त पर आईईडी की बरामदगी से जम्मू क्षेत्र में बड़ी घटना टल गई है। सिंह ने बताया कि एक अन्य सफल अभियान में, पुलिस ने 13 और 14 फरवरी की दरमियानी रात को सांबा जिले में रामगढ़ के जंग इलाके में गश्त के दौरान छह पिस्तौल, बड़ी मात्रा में गोला-बारूद और 15 छोटे आईईडी जब्त किए हैं। उन्होंने कहा कि वे इस बात की जांच कर हैं कि यह हथियार और गोला-बारूद कहां से आए थे और कहां जा रहे थे। आईईडी की बरामदगी से कुछ दिन पहले ही जम्मू के कुंजवानी और सांबा के बारी ब्राह्मना से दो शीर्ष आतंकवादियों की गिरफ्तारी की गई थी। गौरतलब है कि 'द रिजस्टिन्स फ्रंट' (टीआरएफ) के शीर्ष आतंकवादी जहूर अहमद राठेर को शनिवार को सांबा के बारी ब्राह्मना से गिरफ्तार किया गया। वह पिछले साल भाजपा के तीन नेताओं और एक पुलिस कर्मी की हत्या के सिलसिले में वांछित था। इससे पहले छह फरवरी को पुलिस ने लश्कर-ए-मुस्तफा के स्वयंभू कमांडर हिदायतुल्लाह मलिक उर्फ हसनैन को जम्मू के कुंजवानी से गिरफ्तार किया था। 14 फरवरी 2019 को पाकिस्तान प्रायोजित जैश-ए-मोहम्मद के आतंकवादियों ने पुलवामा में सीआरपीएफ के काफिले पर हमला कर दिया था जिसमें 40 जवान शहीद हो गए थे। इसके अलावा डीजीपी ने कहा कि मलिक बिहार में आतंकी साथियों के संपर्क में था, जहां से वह पिस्तौल की तस्करी करता था। अभी तक सात पिस्तौल बिहार में वाया छपरा होते हुए कश्मीर पहुंची हैं।' डीजीपी ने कहा कि हिदायतुल्लाह मलिक ने पंजाब के विभिन्न शहरों में पढ़ रहे कश्मीरी छात्रों का नेटवर्क बनाया था और उनका इस्तेमाल इन हथियारों को कश्मीर पहुंचाने के लिए करता था। आतंकी संगठनों द्वारा सुरंगों के इस्तेमाल के बारे में जानकारी देते हुए डीजीपी ने बताया कि पूछताछ के दौरान मलिक ने बताया कि सक्रिय आतंकी आशिक नगरू रोड के जरिये कश्मीर घाटी में आतंकियों की घुसपैठ कराता था जबकि वह खुद सुरंग के जरिये अपने परिवार के साथ पाकिस्तान लौटा था।

## मुझे और...

बरसी है। जमीनी स्तर पर कोई आरओपी नहीं होगा। विपरित खुफिया जानकारी की वजह से गणमान्य और सुरक्षा घेरे में आने वाले लोगों की गतिविधियों को हतोत्साहित किया जाता है और सभी संबंधित लोगों को अग्रिम तौर पर सूचना दी जाती है कि वे आज यात्रा से संबंधित कोई योजना नहीं बनाएं। हालांकि इस पर उमर ने पुलिस से पूछा, कृपया मुझे बताएं कि आपने मुझे मेरे घर में किस कानून के तहत नजरबंद किया है? आप मुझे सलाह दे सकते हैं कि मैं घर से नहीं निकलूं लेकिन आप मेरी सुरक्षा का बहाना बनाते हुए मुझे घर में रहने को मजबूर नहीं कर सकते हैं। उन्होंने एक अन्य ट्वीट में कहा, कृपया कर पूर्व में मेरे पते पर लिखित में दी गई इसकी जानकारी एवं उसे मेरे द्वारा स्वीकार करने की पावती साझा करें। निश्चित तौर पर यह बरसी प्रशासन के लिए अचानक तो नहीं है। नेशनल कांफ्रेंस ने पार्टी के नेताओं और उनके परिवार को मनमाने तरीके से नजरबंद किए जाने की निंदा की है। पार्टी ने ट्वीट किया, जेकेएनसी पार्टी अध्यक्ष डॉ. फारूक अब्दुल्ला, उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला और उनके परिवार को श्रीनगर के गुपकर आवास में नजरबंद किए जाने की निंदा करती है। पार्टी तत्काल प्रभाव से इन गैरकानूनी कदमों को वापस लिए जाने की मांग करती है।

## आंध्र प्रदेश...

के परिजनों को दो-दो लाख रुपए की अनुग्रह राशि और घायलों को एक-एक लाख रुपए देने की घोषणा की है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि प्रारंभिक जांच से लगता है कि चालक ने वाहन पर से नियंत्रण खो दिया और वाहन पहले डिवाइडर से टकराया और फिर इसके बाद पलटते हुए सड़क के दूसरी तरफ एक लॉरी से टकरा गया। पुलिस अधिकारी ने कहा, घटना मिनी बस के तेज रफ्तार में होने अथवा चालक को झपकी आ जाने की वजह से हुई हो सकती है। चौदह लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई और चार (घायलों) लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एक बच्चे की हालत गंभीर बताई जा रही है। कुर्नूल के जिलाधिकारी जी वीरपांडियन ने कहा कि प्रशासन इस बात की जांच करेगा कि कहीं वाहन में कोई खराबी तो नहीं थी। प्रधानमंत्री कार्यालय के हैंडल से किए गए एक ट्वीट में कहा गया, आंध्र प्रदेश के कुर्नूल जिले में हुई सड़क दुर्घटना दुखद है। दुख की इस घड़ी में मेरी संवेदनाएं उन लोगों के साथ हैं, जिन्होंने अपने प्रियजनों को खोया है। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की उम्मीद करता हूं। राज्य के मुख्यमंत्री ने भी घटना पर दुख व्यक्त करते हुए अधिकारियों को घायलों को जरूरी चिकित्सा सहायता मुहैया कराने के निर्देश दिए हैं।

## कार्यकर्ता दिशा...

देने पर पता चला है कि टूलकिट में बताई गई योजना का अक्षरश: क्रियान्वयन किया गया है। इसका लक्ष्य भारत सरकार के खिलाफ सामाजिक, सांस्कृतिक और आर्थिक युद्ध छेड़ना है। पुलिस के अनुसार, टूलकिट में एक खंड है, जिसमें कहा गया है, 26 जनवरी से पहले हैशटैग के जरिए डिजिटल हमला, 23 जनवरी और उसके बाद ट्वीट के जरिए तूफान खड़ा करना, 26 जनवरी को आमने-सामने की कार्रवाई और फिर दिल्ली में और उसकी सीमाओं पर किसानों के मार्च में शामिल हों। पुलिस ने बताया कि दस्तावेज टूलकिट का लक्ष्य भारत सरकार के प्रति वैमनस्य और गलत भावना फैलाना और विभिन्न सामाजिक, धार्मिक और सांस्कृतिक समूहों के बीच वैमनस्य की स्थिति पैदा करना है।

## राष्ट्रीय राजमार्गों...

2016 से किया गया था। अनिवार्य रूप से टैग लगने से वाहनों को अनिवार्य रूप से टोल प्लाजा से जाने में मदद मिलेगी और इसके साथ ही भुगतान इलेक्ट्रानिक माध्यम से स्वत: हो जाएगा। नागपुर एयरपोर्ट पर फास्टैग के सवालों का जवाब देते हुए सड़क परिवहन मंत्री नीतिन गडकरी ने कहा कि सरकार ने फास्टैग पंजीकरण के लिए समय सीमा को दो से तीन बार पहले भी बढ़ाया है, लेकिन यह अब और नहीं बढ़ाया जाएगा। इसलिए अब सभी को तत्काल फास्टैग खरीदना होगा। फास्टैग को अधिकृत बैंक या अमेजन जैस रिटेलर से ऑनलाइन खरीदा जा सकता है। वाहन स्वामी 23 अधिकृत बैंकों के ब्रिकी वाले किसी भी केंद्र या परिवहन कार्यालय से जाकर फास्टैग खरीद सकता है। उपभोक्ताओं को सलाह दी जाती है कि फास्टैग वहीं से खरीदें जहां उनका बैंक खाता है। राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण आईएचसीएमएल टैग की बिक्री कर रहा है जो पहले से बैंक द्वारा जारी हुए हैं।

## चुनावी राज्य...

जहाज भी बनाएं जो दुनिया को हिलाए। उन्होंने कहा कि सुब्रण्यिम भारती के नजरिये प्रेरित भारत रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता हासिल करने के लिए भारी प्रयास किया है। बाद में प्रधानमंत्री ने चेन्नई मेट्रो रेल फेज-1 एक्सटेंशन का उद्घाटन किया। पीएम ने ग्रैंड एनीकट कैनाल सिस्टम के विस्तार और आधुनिकीकरण का शिलान्यास किया। इसका लाभ कावेरी तट पर बसे पांच जिलों के किसानों को होगा। इसके अलावा प्रधानमंत्री ने विल्लूपुरम-कुड्डालोर-माइलाधुतुराई-तंजावुर और माइलाधुतुराइ-थिरुवारूर के बीच रेलवे ट्रैक के विद्युतीकरण की योजना की भी शुरुआत की। केरल को भी आज कई तोहफे मिले। प्रधानमंत्री ने कोच्चि में पेट्रोकेमिकल रिफाइनरी का लोकार्पण किया। इससे प्रतिवर्ष 4,000 करोड़ रुपये की विदेशी मुद्रा की बचत होगी तथा रोजगार के हजारों अवसर पैदा होंगे। एक्रेलिक एसिड और एक्रेलेट्स हीथर्टेओ बनाने वाली यह देश की पहली इकाई होगी, जिसका अभी महंगा आयात किया जाता है। एक्रेलिक एसिड यूनिट दुनिया की सबसे बड़ी सिंगल ट्रेन यूनिट होगी। ऐतिहासिक विलिंगडन द्वीप उन्होंने रो-रो पोत का उद्घाटन किया। पीएम ने कोच्चि में अंतरराष्ट्रीय क्रूज टर्मिनल की भी शुरुआत की। इस टर्मिनल पर प्रति वर्ष एक लाख सैलानी आएंगे तथा यहां वातानुकूलित लाउंज, कस्टम क्लीयरेंस के लिए 10 काउंटर समेत कई अन्य सुविधाएं है। इसके अलावा मैरिन इंजीनियरिंग इंस्टीट्यूट विज्ञान सागर का भी उन्होंने लोकार्पण किया। इसमें 114 इंजीनियरिंग स्नातकों को नौसेना और आर्किटेक्ट इंजीनियरिंग के विभिन्न पहलुओं का प्रशिक्षण दिया जा सकता है। पीएम ने कोच्चि में साउथ कोल बर्थ का शिलान्यास किया।


## पीएम ने...

हुए, तालियों की गड़गड़ाहट के बीच तुरंत हाथ मिलाए। पूरी हो चुकी अवसंरचना परियोजनाओं तथा नई परियोजनाओं की आधारशिला रखने के लिए आयोजित इस कार्यक्रम के राजनीतिक मायने किसी से भी छिपे नहीं रहे। तमिल भाषा में लिखित प्राचीन काव्य रचना तिरुक्कुल समेत अन्य तमिल रचनाओं को उद्धृत करते हुए मोदी ने कहा, तमिलनाडु की संस्कृति को सहेजने और उसका प्रचार-प्रसार करने की दिशा में काम करना हमारे लिए सम्मान की बात है। उल्लेखनीय है कि तमिलनाडु के अपने हाल के दौरे में कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भाजपा और मोदी पर तमिल संस्कृति को कोई सम्मान नहीं देने का आरोप लगाया था। अन्नाद्रमुक और भाजपा विधानसभा चुनाव मिलकर लड़ने की घोषणा पहले ही कर चुकी हैं। दूसरी ओर, शशिकला और दिनाकरण का खेमा पार्टी पर दावेदारी जता रहा है और फिर से खड़े होने के प्रयास कर रहा है।

# अश्विन का पंजा, भारत ने कसा शिकंजा

## ● भारत ने इंग्लैंड को 134 रन पर आउट करके पहली पारी में 195 रन की बढ़त हासिल की

भाषा। चेन्नई



रविचंद्रन अश्विन के पांच विकेट के दम पर भारत ने इंग्लैंड को पहली पारी में सस्ते में समेटकर रविवार को यहां दूसरे टेस्ट क्रिकेट मैच पर दूसरे दिन ही मजबूत शिकंजा कस दिया।
अश्विन (43 रन देकर पांच विकेट) की घातक गेंदबाजी तथा दूसरे छोर से अक्षर पटेल (40 रन देकर दो) और इशांत शर्मा (22 रन देकर दो) के अच्छे सहयोग से भारत ने इंग्लैंड को 134 रन पर आउट करके पहली पारी में 195 रन की बढ़त हासिल की। अपनी पहली पारी में 329 रन बनाने वाले भारत ने दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक दूसरी पारी में एक विकेट पर 54 रन बनाए हैं और इस तरह से उसकी कुल बढ़त 249 रन की हो गई है। भारत ने सुबह छह विकेट पर 300 रन से आगे खेलना शुरू किया और 29 रन जोड़कर अपने बाकी बचे चारों विकेट गंवाए। ऋषभ पंत 77 गेंदों पर 58 रन बनाकर नाबाद रहे। चेपॉक की पिच पर बल्लेबाजी करना आसान नहीं है और दूसरे दिन कुल 217 रन बने और इस बीच 15 विकेट गिरे। भारत ने दूसरी पारी में शुभमन गिल (14) का विकेट गंवाया जिन्होंने जैक लीच की पगबाधा की सफल अपील पर रिव्यू गंवाया लेकिन पहली पारी के शतकवीर रोहित शर्मा (नाबाद 25) ने डीआरएस का सफल उपयोग करके अपना विकेट बचाया। पहली पारी में हाथ में चोट लगने के कारण क्षेत्ररक्षण नहीं कर पाने वाले चेतेश्वर पुजारा सात रन बनाकर खेल रहे हैं। इशांत के साथ गेंदबाजी का आगाज करने वाले अश्विन ने 29वीं बार पारी में पांच या इससे अधिक विकेट लिए। इंग्लैंड के बल्लेबाजों के पास उनकी बलखाती गेंदों का कोई जवाब नहीं था। भारत इस बीच केवल डीआरएस के मामले में बैकफुट पर रहा। उसने अपने तीनों रिव्यू गंवाए।
बल्लेबाजी के लिए मुश्किल पिच पर विकेटकीपर बल्लेबाज बेन फॉक्स (नाबाद 42) को छोड़कर इंग्लैंड का कोई भी बल्लेबाज भारतीय स्पिनरों को विश्वास के साथ नहीं खेल पाया। उसने लंच से पहले ही 39 रन पर चार विकेट गंवा दिए थे। दूसरे सत्र में भी उसके चार बल्लेबाज पवेलियन पहुंचे जबकि चाय के विश्राम के बाद उसकी पारी सिमटने में देर नहीं लगी। इशांत ने रोरी बर्न्स (शून्य) को आउट करके भारत को पहली सफलता दिलाई। दूसरे सलामी बल्लेबाज डॉम सिब्ली (16) आउट होने वाले अगले बल्लेबाज थे। अश्विन की गेंद पर कप्तान विराट कोहली ने लेग स्लिप में उनका कैच लिया। यहां पर भारत का रिव्यू सही साबित हुआ था। पहले टेस्ट मैच में इंग्लैंड की जीत के नायक रहे जो रूट (छह) का महत्वपूर्ण विकेट अपना पहला टेस्ट मैच खेल रहे पटेल ने लिया। इंग्लैंड के कप्तान ने टर्न लेती गेंद पर स्वीप करने का प्रयास किया।

### स्कोरबार्ड

**भारत पहली पारी:** 329, इंग्लैंड पहली पारी: बर्न्स पगबाधा शर्मा 00, सिब्ली का कोहली बो अश्विन 16,लौरेंस का गिल बो अश्विन 09, रूट का अश्विन बो पटेल 06, स्टोक्स बो अश्विन 18, पोप का पंत बो सिराज 22, फॉक्स नाबाद 42, अली का रहाणे बो पटेल 06,स्टोन का रोहित बो अश्विन 01,लीच का पंत बो इशांत 05, स्टुअर्ट ब्रॉड बो अश्विन 00, **अतिरिक्त** : (बाई 04 , लेग बाई 04, नोबॉल एक) : 09, **कुल**: (59.5 ओवर मे सभी आउट) 134 रन, **विकेट पतन**:1-0, 2-16, 3-23, 4-39, 5-52, 6-87 , 7-105, 8-106, 9-131, **गेंदबाजी**: इशांत 5-1-22-0-2,अश्विन 23.5-4-45-5,अक्षर 20-3-40-2,कुलदीप 6-1-16-0, सिराज 5-4-5-1

**भारत दूसरी पारी:** रोहित खेल रहे है 25, गिल पगबाधा लीच 14,पुजारा खेल रहे है 07, **अतिरिक्त** :(बाई 05, लेग बाई 03): 08, **कुल** (18 ओवर मे एक विकेट पर): 54 रन, विकेट पतन1-42, **गेंदबाजी**: स्टोन 2-0-8-0, लीच 9-2-19-1,मोईन 7-2-19-0

## अश्विन ने भारत में टेस्ट विकेट चटकाने के मामले में हरभजन को पीछे छोड़ा



**चेन्नई।** सीनियर ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन रविवार को हरभजन सिंह को पीछे छोड़कर भारतीय सरजमीं पर सबसे ज्यादा विकेट चटकाने वाले गेंदबाजों की सूची में दूसरे नंबर पर पहुंच गए। अश्विन ने यहां इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट के दूसरे दिन अपनी बेहरतीन ऑफ स्पिन से बेन स्टोक्स को आउट करने के बाद हरभजन को पीछे छोड़ा जिनके नाम 28.76 के औसत से 265 विकेट दर्ज हैं। अश्विन ने अभी तक 76 टेस्ट में 25.26 के शानदार औसत से कुल 391 विकेट चटकाए हैं। 34 वर्षीय अश्विन ने 29 बार पांच विकेट झटकने का कारनामा किया और सात बार उन्होंने 10 विकेट चटकाए हैं जिसमें एक पारी में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 59 रन देकर सात विकेट और मैच में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 140 रन देकर 13 विकेट लेने का रहा है। अश्विन ने घरेलू सरजमीं पर 266 विकेट 22.67 के औसत से चटकाए हैं। महान स्पिनर अनिल कुंबले भारत में सर्वाधिक विकेट चटकाने वाले गेंदबाज हैं जिन्होंने 24.88 के औसत से 350 विकेट लिए हैं। कुंबले भारत के टेस्ट मैचों में सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज भी हैं जिनके नाम 619 विकेट हैं। हरभजन इस सूची में 417 विकेट से तीसरे और 400 विकेट के करीब बढ़ रहे अश्विन चौथे स्थान पर हैं। कपिल देव इस सूची में 434 विकेट से दूसरे नंबर पर हैं।

### मोदी ने विमान से लिया चेपॉक मैदान का फोटो

**चेन्नई।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को इस शहर के दौरे के दौरान विमान से लिया गया एम ए चिदंबरम स्टेडियम का फोटो सोशल मीडिया पर साझा किया। प्रधानमंत्री ने जब यह फोटो साझा किया उस समय चेन्नई के इस मैदान पर भारत और इंग्लैंड के बीच चार टेस्ट मैचों की श्रृंखला के दूसरे मैच के दूसरे दिन का खेल चल रहा था। इस ट्वीट में मैदान का फोटो दिख रहा जिसमें कुछ क्षेत्ररक्षक भी दिख रहे है। उन्होने तस्वीर के साथ भारत और इंग्लैंड के झंडे को साझा करते हुए लिखा, चेन्नई में चल रहे रोमांचक टेस्ट मैच को विमान से देखने का मौका मिला।

### करीबी जीत से शीर्ष पर पहुंचा पीएसजी

**पेरिस।** पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) ने नीस पर 2-1 से करीबी जीत दर्ज करके फ्रांसीसी फुटबॉल लीग में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया जबकि लियोन को मोंटपेलियर के हाथो अपने घरेलू मैदान पर हार का सामना करना पड़ा। इन दोनों परिणामों के बाद लिली को अब शीर्ष पर पहुंचने के लिए ब्रेस्ट के खिलाफ केवल ड्रा की जरूरत पड़ेगी।

### मेस्सी ने रिकार्ड मैच में दागे दो गोल, बार्सिलोना को दिलाई बड़ी जीत

**बार्सिलोना।** लियोनेल मेस्सी ने स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा में अपने रिकार्ड 505वें मैच में दो गोल दागे जिससे बार्सिलोना ने अलावेस पर 5-1 से बड़ी जीत दर्ज की। मेस्सी ने बार्सिलोना की तरफ से लीग मे सर्वाधिक मैच खेलने के झावी हर्नाडिज के रिकार्ड की बराबरी की और इस मैच को यादगार बनाने में कसर नही छोड़ी।

### मैनचेस्टर सिटी की आसान जीत, फिर हारा लिवरपूल

**लंदन।** मैनचेस्टर सिटी ने इलके गुंडोगन के दो गोल की मदद से टोटेनहैम पर 3-0 से जीत दर्ज करके इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) फुटबॉल टूर्नामेंट मे शीर्ष पर अपनी स्थिति मजबूत की जबकि लिवरपूल को लगातार तीसरी हार का सामना करना पड़ा।मैनचेस्टर सिटी ने सभी टूर्नामेंटो में लगातार 16वी जीत हासिल की। जर्मनी के मिडफील्डर गुंडोगन ने अपने दोनों गोल दूसरे हाफ मे किए।

### सीनियर महिला शिविर के लिए हॉकी इंडिया ने 25 खिलाड़ियों की घोषणा की

**नई दिल्ली।** हॉकी इंडिया ने तोक्यो ओलंपिक को ध्यान में रखते हुए सीनियर महिला राष्ट्रीय कोचिंग शिविर के लिए रविवार को 25 संभावित खिलाड़ियों की घोषणा की। अर्जेंटीना दौरे से लौटकर दो सप्ताह के विश्राम के बाद ए खिलाड़ी भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) के बेंगलुरू केंद्र में एकत्रित होकर अनिवार्य पृथकवास पर रहेंगी।

### प्रवीण और निषाद ने एशियाई रिकार्ड के साथ स्वर्ण जीता

**दुबई।** ऊंची कूद के युवा खिलाड़ी प्रवीण कुमार और निषाद कुमार ने अपने सर्वश्रेष्ठ व्यक्तिगत प्रदर्शन से 12वीं फाजा अंतरराष्ट्रीय विश्व पैरा एथलेटिक्स ग्रां प्री में रविवार को एशियाई रिकार्ड कायम करने के साथ अपने -अपने वर्ग में स्वर्ण पदक हासिल किए। प्रवीण और निषाद के स्वर्ण पदक से भारत ने इस प्रतियोगिता में अपने अभियान को 23 पदकों के साथ खत्म किया।

### मनीष ने 35 किमी पैदल चाल का स्वर्ण पदक जीता

**रांची।** ओलंपियन मनीष रावत ने रविवार को यहां राष्ट्रीय ओपन पैदल चाल चैम्पियनशप के दूसरे और अंतिम दिन पुरूष वर्ग की शुरूआती 35 किमी स्पर्धा मे जीत हासिल की। उत्तराखंड के रावत ने तमिलनाडु के गणपति कृष्णन को नौ मिनट के अंतर से आसानी से पीछे छोड़ा दी।

## वेस्टइंडीज 17 रन से जीता, श्रृंखला 2-0 से क्लीन स्वीप की

**ढाका।** वेस्टइंडीज ने रविवार को यहां दूसरे और अंतिम टेस्ट के चौथे दिन बांग्लादेश पर 17 रन की रोमांचक जीत हासिल कर श्रृंखला क्लीन स्वीप की। वेस्टइंडीज ने पहला टेस्ट 395 रन के बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए तीन विकेट से जीता था। ऑफ स्पिनर रहकीम कोर्नवाल ने मैच में अहम भूमिका अदा की जिन्होंने 179 रन देकर नौ विकेट हासिल किए जिससे वेस्टइंडीज ने मेहदी हसन द्वारा दिखाए गए जज्बे के बावजूद श्रृंखला जीत ली। कोर्नवाल ने पहली पारी में 74 रन देकर पांच विकेट चटकाए थे और उन्होंने दूसरी पारी में 105 रन देकर चार विकेट हासिल किए जिससे बांग्लादेश की टीम 231 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 213 रन पर सिमट गई। इस ऑफ स्पिनर ने मैच के विभिन्न चरणों में कई अहम भागीदारियां तोड़ी और अपनी टीम को जीत की ओर बढ़ाया। लेकिन मेहदी हसन (31) ने सुनिश्चित किया कि वेस्टइंडीज को जीत के लिए मशक्कत करनी पड़े। बांग्लादेश का नौंवा विकेट तब गिरा जब टीम लक्ष्य से 43 रन दूर थी। लेकिन हसन बाएं हाथ के स्पिनर जोमेल वारिकन की गेंद पर आउट हुए जिनका कैच कोर्नवाल ने लपका।

## जोकोविच, सेरेना व ओसाका क्वार्टर फाइनल में




### ● आस्ट्रेलियाई ओपन : थीम बाहर

भाषा। मेलबर्न

आठ बार के चैम्पियन नोवाक जोकोविच ने चार सेट तक चले मुकाबले में रविवार को मिलोस राओनिच को हराकर ऑस्ट्रेलियाई ओपन के क्वार्टर फाइनल में जगह पक्की करने के साथ ग्रैंडस्लैम में 300वीं जीत दर्ज की लेकिन लेकिन पुरुष वर्ग में तीसरी वरीयता प्राप्त डोमिनिक थीम का सफर चौथे दौर में थम गया। शीर्ष वरीयता प्राप्त जोकोविच रोजर फेडरर के बाद ग्रैंड स्लैम में 300वीं जीत दर्ज करने वाले सिर्फ दूसरे खिलाड़ी है। जोकोविच टेलर फ्रिट्ज के खिलाफ तीसरे दौर के मैच में कोर्ट पर गिरने से चोटिल हो गए थे।
पेट की मांसपेशियों में खिंचाव के कारण उन्होंने शनिवार को अभ्यास नहीं किया था। उन्होंने हालांकि इस मैच में चोटिल होने का कोई लक्षण नहीं दिखाया और 7-6 , 4-6, 6-1, 6-4 से जीत दर्ज की। राओनिच के खिलाफ यह उनकी लगातार 12वीं जीत है। अगले दौर में उनका सामना अलेक्जेंडर ज्वेरेव से होगा।

**PUBLIC NOTICE**

This is to notify the public at large that our client, Mr. Abdul Saber Barak, son of Sh. Abdul Jalil is applying to the Secretary to the Government of India in the Ministry of Home Affairs for citizenship by naturalization and that any person who knows any reason why citizenship by naturalization should not be granted send a written signed statement of the facts to the said Secretary.
Rohit Yadav (Advocate)
Ch.No.728, Lawyers Chamber Block, Rohini District Courts, Rohini Delhi-85
(M): 9266130562, 8383002256

**PUBLIC NOTICE**

This is to notify the public at large that our client, Mrs. Mahboba Barak, wife of Sh. Abdul Saber Barak is applying to the Secretary to the Government of India in the Ministry of Home Affairs for citizenship by naturalization and that any person who knows any reason why citizenship by naturalization should not be granted send a written signed statement of the facts to the said Secretary.
Rohit Yadav (Advocate)
Ch.No.728, Lawyers Chamber Block, Rohini District Courts, Rohini Delhi-85
(M): 9266130562, 8383002256

**PUBLIC NOTICE**

To be known to all that I, NALINI MALHOTRA alongwith my son CHANCHAL MALHOTRA are the joint owners of FLAT No. 1175 ON THIRD FLOOR CAT-SFS-II, SECTOR-C, POCKET-1, VASANT KUNJ, NEW DELHI-110070. Vide DDA's File No.125(2803)83/SFS/VK/II. The original documents viz.1.Allocation Letter 2.Fifth & Final Demand Letter, 3.Possession Letter 4.NOC for electric & water connection, 5.Possession Slip, 6. Mutation Letter, 7.Conveyance Deed, 8.All Bank Challans/Receipts and 9. Correspondence Letters from DDA in respect of the said property have been misplaced. An Information Report of this effect has been lodged in Police Station, Crime Branch,Delhi vide LR No:127741/2021 on 11/02/2021.
Any person(s) claiming any right, Interest having any objection or found in possession of original Documents may Write/ Contact with above named person at above address/phone No. 9999772919 within 7 days from the date of publication of this notice. The person claiming any right, interest, objections with respect to this property can personally inform or write to Dy. Director, LAB (H) or Director (H)-1, D- Block, 3rd Floor, Vikas Sadan, INA, New Delhi-110023

**PUBLIC NOTICE**

To be known to all that I, SUBHASH NAGPAL, the allottee/ mutatee of FLAT No. 6247 ON THIRD FLOOR CAT-SFS-II, SECTOR-B, POCKET-9, VASANT KUNJ, NEW DELHI-110070 . Vide DDA's File No.125(9592)83/SFS/VK/II. My original documents viz. 1. Fifth and Final Demand Letter, 2.Possession Letter, 3.NOC for electric & water connection, 4.Possession Slip, 5. Correspondence Letters from DDA 6. All Bank Challans/ Receipts in respect of the said property have been misplaced. An Information Report of this effect has been lodged in Police Station, Crime Branch, Delhi vide LR No:119876/2021 on 09/02/2021.
Any person(s) claiming any right, Interest having any objection or found in possession of the said original Documents may Write/ Contact with above named person at above address/phone No. 9891272788 within 15 days from the date of publication of this notice. The person claiming any right, interest, objections with respect to this property can personally inform or write to Dy.Director, LAB (H) or Director (H)-1, D- Block, 3rd Floor, Vikas Sadan, INA, New Delhi-110023

**ZEL JEWELLERS LIMITED**

REGD. OFFICE : E-5, South Extension, Part-II, New Delhi-110 049
CIN:- L74899DL1994PLC058832 Website:www.rkjwellers.in
Landline: (91)-11-26252416, 011-22625988, FAX:011-41640689
Email ID:zeljewellers@yahoo.co.in
Extract of Unaudited Standalone Financial Results for the Third Quarter Ended December 31, 2019
(Rs in Lacs, except per share data)

| PARTICULARS | QUARTER ENDED 31-12-2020 UN-AUDITED | QUARTER ENDED 31-12-2019 UN-AUDITED | NINE MONTHS ENDED 31-12-2020 UN-AUDITED |
|---|---|---|---|
| Total Income from operations | 1504.42 | 1181.31 | 2045.84 |
| Net Profit/(Loss) for the Period (before Tax, Exceptional and/or Extraordinary Items) | 89.87 | 48.22 | 148.61 |
| Net Profit/(Loss) for the period before tax (after Exceptional and/or Extraordinary Items) | 89.87 | 48.22 | 148.61 |
| Net Profit/(Loss) for the period after tax (after Exceptional and/or Extraordinary Items) | 66.73 | 37.29 | 110.34 |
| Total Comprehensive Income for the Period (Comprising Profit/(Loss) for the period (after tax) and Other Comprehensive Income (after tax) | 66.73 | 37.29 | 110.34 |
| Equity Share Capital (In Qty.) | 355.00 | 355.00 | 355.00 |
| Earnings Per Share (of Rs. 10/- each) (for continuing and discontinued operations) | | | |
| Basic | 1-88 | 0.67 | 3.10 |
| Diluted | 1-88 | 0.67 | 3.10 |

NOTES:
1. The above is an extract of the detailed format of Unaudited Financial Results for the third quarter ended and nine months ended December 31, 2020, filed with the Stock Exchange under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Other Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The Full format of the Financial Results for the third quarter and nine months ended December 31, 2020 is available on the Stock Exchange website (www.msei.in) and Company's website (www.rkjewellers.in).
2. The above un-audited financial results for the third quarter and nine months ended on December 31, 2020 have been reviewed by the Audit Committee and have been approved by the Board of Directors in its meeting held on 14/02/2021.
3. The above results have been prepared in accordance with Ind-AS notified under the Companies (Indian Accounting Standard) Rules, 2015 and relevant amendments thereafter.

Place: New Delhi
Date: 14th February, 2021

Zel Jewellers Limited
Sd/-
Rakesh Sharma
Chairman
Din:00122870

**TECHNO ELECTRIC & ENGINEERING COMPANY LIMITED**
(Formerly Simran Wind Project Limited)
CIN No :L40108UP2005PLC094368
Corporate Office : " Park Plaza " 71, Park Street, Kolkata - 700 016
Email : desk.investors@techno.co.in : Website: www.techno.co.in

Extract of Statement of Consolidated Unaudited Financial Results for the Quarter and Nine Months ended 31st December, 2020
(₹ in Lakhs)

| PARTICULARS | Quarter ended | | Nine Months Ended | | Year ended |
|---|---|---|---|---|---|
| | 31st December 2020 Unaudited | 31st December 2019 Unaudited | 31st December 2020 Unaudited | 31st December 2019 Unaudited | 31st March 2020 Audited |
| Total income from operations (net) | 24756.21 | 26,084.00 | 67,443.07 | 76,208.61 | 87,616.61 |
| Net Profit / (Loss) for the year (before Tax, Exceptional and/or Extraordinary items) | 7571.06 | 4,373.86 | 21,927.47 | 21,299.47 | 21,498.31 |
| Net Profit / (Loss) for the year before tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | 7571.06 | 4,373.86 | 21,927.47 | 21,299.47 | 21,498.31 |
| Net Profit / (Loss) for the year after Tax (after Exceptional and /or Extraordinary items) | 5663.64 | 3,284.88 | 17,088.78 | 17,587.40 | 17,765.46 |
| Total Comprehensive Income for the year | 6333.32 | 3,018.83 | 18,050.17 | 17,557.70 | 18,021.72 |
| Equity Share Capital | 2,200.00 | 2,200.00 | 2,200.00 | 2,200.00 | 2,200.00 |
| Other Equity (excluding Revaluation Reserves) | | | | | 1,47,446.96 |
| Earnings Per Share (After tax and before Exceptional items) (of ₹ 2/- each) | | | | | |
| Basic : | 5.09 | 2.74 | 15.67 | 15.93 | 16.26 |
| Diluted: | 5.09 | 2.74 | 15.67 | 15.93 | 16.26 |

Key numbers of Standalone Financial Results:
(₹ in Lakhs)

| PARTICULARS | Quarter ended | | Nine Months Ended | | Year ended |
|---|---|---|---|---|---|
| | 31st December 2020 Unaudited | 31st December 2019 Unaudited | 31st December 2020 Unaudited | 31st December 2019 Unaudited | 31st March 2020 Audited |
| Total income from operations (net) | 24756.21 | 26,084.00 | 67,443.07 | 76,208.61 | 87,616.61 |
| Profit before Tax | 7,570.45 | 4,260.63 | 23,583.63 | 20,969.30 | 21,354.53 |
| Net Profit after Tax | 5,665.25 | 3,203.99 | 18,752.31 | 17,352.11 | 17,669.08 |

Note : The above is an extract of the detailed format of Financial Results for the Quarter and Nine Months ended December, 2020 filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing and Other Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Financial Results are available on the Stock Exchange websites, www.nseindia.com and www.bseindia.com and on the Company's website www.techno.co.in.

For and on behalf of the Board of Directors
( P. P. Gupta )
Managing Director

Date :- The 13th February, 2021

# दस कंपनियों की बाजार हैसियत 1.40 लाख करोड़ बढ़ी

## ● शेयरों में उछाल का असर

भाषा। नई दिल्ली



शेयर बाजारों में पिछले सप्ताह तेजी का सिलसिला बने रहने के साथ शीर्ष दस में से सात कंपनियों की बाजार हैसियत कुल मिला कर1,40,430.45 करोड़ रुपए बढ़ गई। इनमें सबसे ज्यादा लाभ रिलायंस इंडस्ट्रीज को हुआ। सप्ताह के दौरान बीएसई30 सेंसेक्स कुल मिला कर 812.67 अंक यानी 1.60 प्रतिशत चढ़ गया। लाभ में रहे प्रमुख शेयरों में रिलायंस इंडस्ट्रीज, टीसीएस, इन्फोसिस, एचडीएफसी, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक और बजाज फाइनेंस शामिल है।
एचडीएफसी बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर और कोटक महिंद्रा में गिरावट रही। रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार मूल्यांकन 74,329.95 करोड़ बढ़ कर 12,94,038.34 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। आईसीआईसीआई बैंक के बाजार पूंजीकरण में 22,943.86 करोड़ की वृद्धि दर्ज की गई और कंपनी की शेयर भाव के हिसाब से हैसियत 4,47,323.82 करोड़ रुपए पर पहुंच गई। इन्फोसिस का बाजार पूंजीकरण 15,888.27 करोड़ रुपए उछल कर 5,57,835.85 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। एचडीएफसी की हैसियत 12,439.33 करोड़ रुपए सुधर कर 5,02,316.66 करोड़ रुपए, टीसीएस की 12,420.4 करोड़ रुपए बढ़ कर 11,97,442.25 करोड़ रुपए पर पहुंच गई। बजाज फाइनेंस की बाजार हैसियत 2,274.77 करोड़ रुपए चढ़ कर 3,36,032.83 करोड़ रुपए और भारतीय स्टेट बैंक की बाजार हैसियत 133.87 करोड़ रुपए के सुधार के साथ 3,50,915.73 करोड़ रुपए हो गई। इसके विपरीत एचडीएफसी बैंक का शेयर भाव के हिसाब से मूल्यांकन 8,015.87 करोड़ रुपए गिर कर 8,71,719.64 करोड़ रुपए, हिंदुस्तान यूनीलीवर का 6,684.48 की हानि के साथ 5,26,747.02 करोड़ रुपए और कोटक महिंद्रा बैंक का बाजार पूंजीकरण 6,160.88 रुपए संकुचित हो सप्ताहांत 3,86,580.16 करोड़ रुपए पर आ गया। मूल्यांकन के हिसाब से रिलायंस इंडस्ट्रीज बाजार की सबसे बड़ी कंपनी रही। उसके बाद टीसीएस और एचडीएफसी बैंक का स्थान है।

### स्थानीय शेयर बाजारों की चाल वैश्विक संकेतों से तय हो सकती है इस सप्ताह

**नई दिल्ली।** स्थानीय शेयर बाजारो की चल आगामी सप्ताह के दौरान वैश्विक संकेतो से तय हो सकती है। विश्लेषको ने यह राय देते हुए कहा कि कंपनियो के तिमाही परिणामो की घोषणा का दौर करीब करीब पूरा होने को है, ऐसे में बाजार मे कुछ समायोजन (गिरावट) भी देखने को मिल सकता है। उनकी राय मे रुपए की विनिमय दर और विदेशी संस्थागत निवेशको के निवेश के रुझानो से भी बाजार प्रभावित हो सकता है। रेलीगेयर ब्रोकिंग लि. के उपाध्यक्ष (अनुसंधान) अजित मिश्रा ने कहा, शेयर सूचनकांको में हाल मे दिखा समायोजन (गिरावट) अनुमानो के अनुसार है पर बाजार मे थाकान जैसा कोई संकेत नही दिख रहा है। तिमाही परिणामो की घोषणा का मौसाम अब करीब करीब बीत चुका है। बाजार के आगे की दिशा वैश्विक बाजारो के रुझान से प्रभावित हो सकती है। सैमको सिक्यूरिटीज के शेयर बाजार अनुसंधान प्रभाग की प्रमुख निराली शाह ने कहा , बाजार ने अब तक सभी प्रमुख घटानाओ के अनुमानो के अनुसार अपना गुणा-भाग कर चुका है। आने वाले सप्ताह मे समायोजन या कीमतो मे एक स्वस्थ गिरावट दिख सकती है। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के अनुसंधान प्रमुख विनोद नायर का भी मानना है कि एक सुधारवादी बजट के बाद आई भारी तेजी के बाद बाजार मे अब थोड़ी गिरावट दिख सकती है। उन्होने कहा कि बाजार की धारणा सकारात्मक बनी रहेगी पर वैश्विक बाजारो के रुझान का बाजार पर असर पड़ सकता है।

### रिलायंस के तर्ज पर गैस कारोबार की अलग कंपनी बना रही ओएनजीसी

**नई दिल्ली।** सरकारी क्षेत्र की कंपनी तेल एवं प्राकृतिक गैस निगम (ओएनजीसी) गैस कारोबार के लिए एक अलग अनुषंगी कंपनी का गठन कर रही है। यह कंपनी उसकी (ओएनजीसी की) परियोजनाओं की गैस खरीद सकती है।
ओएनजीसी के निदेशक मंडल ने नई कंपनी के गठन के प्रस्ताव को 13 फरवरी को मंजूरी दी। इसके शत प्रतिशत शेयर ओएनजीसी के पास होंगे। यह जानकारी कंपनी की तिमाही वित्तीय रपट में दी गई है।

# पेट्रोल, डीजल और महंगे हुए

## राजस्थान में पेट्रोल 99 रुपए, डीजल 91 रुपए लीटर पर

भाषा। नई दिल्ली



पेट्रोलियम का खुदरा कारोबार करने वाली सरकारी कंपनियों ने पेट्रोल और डीजल के भावों में लगातार छठे रविवार को वृद्धि की। ताजा बोढोतरी से राजस्थान में पेट्रोल और डीजल के भाव क्रमश: 99 रुपए और 91 रुपए प्रति लीटर से अधिक हो गए हैं। वैश्विक बाजारों में तेजी के बाद स्थानीय कंपनियों ने रविवार को पेट्रोल 29 पैसे और डीजल 32 पैसे प्रति लीटर महंगा कर दिया। इसके साथ राज्यस्तरीय करों को मिला कर ईंधन की खुदरा कीमतें नए रिकार्ड स्तर पर पहुंच गई हैं। दिल्ली में पेट्रोल 88.73 और डीजल 79.06 के भाव पर पहुंच गया है। राजस्थान में पेट्रोलियम उत्पादों पर वैट की दरें सबसे अधिक है। इसके असर से श्रीगंगानगर में पेट्रोल 99.29 और डीजल 91.17 रुपए प्रति लीटर पर पहुंच गया।
राजस्थान ने पिछले महीने के अंतिम दिनों में पेट्रोल और डीजल पर वैट दो रुपए प्रतिलीटर कम किया था। इसके बावजूद वहां राज्य में वैट की दर 36 प्रतिशत और प्रति किलो लीटर 1500 रुपए के सड़क उपकर के चलते सबसे अधिक है।

# कैपिटल में छह जनवरी की हिंसा को लेकर डोनाल्ड ट्रंप बरी

● ट्रंप के खिलाफ सीनेट में महाभियोग के पक्ष में 57 मत और इसके विरोध में 43 मत पड़े। ट्रंप को दोषी साबित करने के लिए जरूरी दो तिहाई बहुमत के लिए 10 और मतों की आवश्यकता थी। रिपब्लिकन पार्टी के सात सदस्यों ने भी ट्रंप के खिलाफ मतदान किया

**भाषा।** वाशिंगटन

**अमेरिका** की सीनेट देश के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव पारित करने के लिए आवश्यक दो-तिहाई बहुमत हासिल नहीं कर पाई और इसी के साथ उन्हें शनिवार को बरी कर दिया गया। रिपब्लिकन पार्टी से जुड़े ट्रंप पर छह जनवरी को अमेरिकी कैपिटल (संसद भवन) में हिंसा भड़काने के आरोप थे जिसमें एक पुलिस अधिकारी सहित पांच व्यक्तियों की मौत हो गई थी। ट्रंप के खिलाफ सीनेट में महाभियोग के पक्ष में 57 मत और इसके विरोध में 43 मत पड़े। ट्रंप को दोषी साबित करने के लिए जरूरी दो तिहाई बहुमत के लिए 10 और मतों की आवश्यकता थी। रिपब्लिकन पार्टी के सात सदस्यों ने भी ट्रंप के खिलाफ मतदान किया।

ट्रंप (74) पर आरोप था कि अमेरिकी कैपिटल में छह जनवरी को उनके समर्थकों ने जो हिंसा की थी, वह उन्होंने भड़काई थी। उक्त हिंसा में एक पुलिस अधिकारी सहित पांच व्यक्तियों की मौत हो गई थी। ट्रंप अमेरिकी इतिहास में पहले ऐसे राष्ट्रपति हैं जिनके खिलाफ प्रतिनिधि सभा द्वारा दो बार महाभियोग की कार्वाई शुरू की गई है। वह पहले ऐसे राष्ट्रपति हैं, जिन्होंने पद छोड़ने के बाद महाभियोग की कार्वाई का सामना किया। उन्हें पहली बार सीनेट ने पांच फरवरी 2020 को इन आरोपों से बरी किया था कि उन्होंने अपने पद का दुरुपयोग किया। डेमाक्रेटिक पार्टी के सदस्यों ने ट्रंप पर आरोप लगाया था कि उन्होंने दिसम्बर 2019 में नवम्बर के चुनाव में अपने प्रतिद्वंद्वी जो बाइडन की छवि धूमिल करने के लिए यूक्रेन पर दबाव डाला था। सात रिपब्लिकन सीनेटरों - बिल कैसिडी, रिचर्ड बर, मिट रोमनी, सुसान कोलिन्स, लिसा मुर्कोव्स्की, बेन सासे और पैट टूमी ने ट्रंप के खिलाफ महाभियोग के पक्ष में वोट दिया।यदि उन्हें दोषी ठहराया गया होता तो सीनेट उन पर फिर से पद के लिए चुनाव लड़ने पर रोक लगा देती। ट्रंप ने अभी तक बाइडन से अपनी पराजय स्वीकार नहीं की है। रिपब्लिकन पार्टी के सात सीनेटरों द्वारा ट्रंप के खिलाफ महाभियोग के समर्थन में मतदान करने के बावजूद डेमोक्रेटिक पार्टी पूर्व राष्ट्रपति को दोषी ठहराने के लिए आवश्यक 67 मत हासिल नहीं कर पाई। ट्रंप ने उन्हें बरी किए जाने के बाद एक बयान जारी करके कहा, किसी भी राष्ट्रपति को पहले कभी यह नहीं झेलना पड़ा। उन्होंने कहा, यह बहुत दुखद है कि एक राजनीतिक दल को कानून के शासन को कलंकित करने, कानून लागू कराने वालों का अपमान करने, भीड़ को बढ़ावा देने, दंगाइयों को माफ करने और न्याय को राजनीतिक प्रतिशोध के माध्यम के रूप में बदलने की खुली छूट दी गई। उसे उन सभी विचारों एवं लोगों के खिलाफ अभियोग चलाने, उन्हें काली सूची में डालने, रद्द करने या दबाने की अनुमति दी गई, जिनसे वे असहमत हैं। ट्रंप ने कहा, मैं हमेशा कानून के शासन, कानून लागू कराने वाले नायकों और बिना द्वेष के मामलों पर शांतिपूर्ण एवं सम्माजनक तरीके से बहस करने के अमेरिकियों के अधिकारों का समर्थक रहा हूं और रहूंगा। ट्रंप अब फ्लोरिडा में अपने रिजॉर्ट में रह रहे हैं। उन्होंने न्याय कायम रखने और सच का बचाव करने की खातिर अथक काम करने के लिए अपने वकीलों एवं अन्य को धन्यवाद दिया। ट्रंप के वकीलों ने सीनेट में कहा था कि रिपब्लिकन नेता पर लगे राजद्रोह भड़काने के आरोप सरासर झूठे हैं और उनके खिलाफ महाभियोग की कार्यवाही राजनीति से प्रेरित है।अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने इस घटनाक्रम पर अपनी पहली टिप्पणी में कहा कि सीनेट द्वारा पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को कैपिटल (संसद भवन) में छह जनवरी को हुई हिंसा मामले में बरी किया जाना यह याद दिलाता है कि लोकतंत्र नाजुक है और सच्चाई की रक्षा करना हर अमेरिकी नागरिक का दायित्व है। बाइडन ने जारी एक बयान में कहा, हमारे इतिहास का दु:खद अध्याय हमें याद दिलाता है कि लोकतंत्र नाजुक है, इसकी हमेशा रक्षा की जानी चाहिए, हमें सतर्क रहना चाहिए, हिंसा एवं कट्टरवाद की अमेरिका में कोई जगह नहीं है और सच का बचाव करना एवं झूठ को हराना अमेरिकी, खासकर नेताओं के तौर पर हम सबकी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि भले ही अंतिम मतदान में उनका दोष सिद्ध नहीं हुआ हो, लेकिन इस बात पर कोई विवाद नहीं है, उन पर लगे आरोप सही थे। बाइडन ने कहा, सीनेट में अल्पमत के नेता मैक्कोनल समेत दोषसिद्धि का विरोध करने वाले नेताओं का भी मानना है कि ट्रंप कर्तव्य का अपमानजनक तरीके से त्याग करने के दोषी हैं और कैपिटल में हुई हिंसा को भड़काने के लिए व्यावहारिक एवं नैतिक रूप से जिम्मेदार हैं। डेमोक्रेटिक पार्टी ने ट्रंप को दोषमुक्त करने के लिए रिपब्लिकन सीनेटरों की आलोचना करते हुए कहा कि उन्हें दोषमुक्त करने के लिए उनका वोट अमेरिकी सीनेट के इतिहास में बदनामी के वोट के रूप में याद रहेगा। सीनेट के बहुमत के नेता चक शूमर ने कहा, छह जनवरी अमेरिका के इतिहास में बदनामी के दिन के रूप में रहेगा।



### ट्रंप ने सार्वजनिक जीवन में सक्रिय होने का दिया संकेत

**वाशिंगटन (भाषा)।** अमेरिकी सीनेट से दूसरे महाभियोग मुकदमे में बरी होने के बाद पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने लाखों समर्थकों से कहा है कि वह सक्रिय सार्वजनिक जीवन के एक और चरण के लिए तैयार हैं। ट्रंप ने एक बयान में कहा, अमेरिका को फिर से महान बनाने के हमारे ऐतिहासिक, देशभक्त और खूबसूरत आंदोलन की सिर्फ शुरुआत है। आने वाले महीनों में मेरे पास आपसे साझा करने के लिए बहुत कुछ होगा और मैं अपने सभी लोगों के लिए अमेरिका की महानता हासिल करने के वास्ते अपनी अविश्वसनीय यात्रा को जारी रखने के लिए तत्पर हूं। ऐसा कुछ कभी नहीं हुआ। उन्होंने कहा, हमें आगे बहुत सा काम करना है और जल्द हम उज्ज्वल और असीम अमेरिकी भविष्य के लिए एक दृष्टिकोण लेकर आएंगे।



म्यामार में सैन्य तख्तापलट के बाद टोकियो में रह रहे म्यांमार के नागरिक आंग सान सूची के पक्ष में प्रदर्शन करते हुए

# उत्तरी इराक में आतंकवादियों ने 13 तुर्कों की हत्या की: तुर्की

**एपी।** अंकारा

● पीकेके से जुड़े समाचार एजेंसी फिरात के अनुसार, पीकेके ने कहा कि तुर्क सुरक्षा बलों और खुफिया विभाग के लोगों सहित युद्ध बंदी तुर्की के हमले में मारे गए है

**तुर्की के** रक्षा मंत्री ने रविवार को बताया कि कुर्दिश चरमपंथियों द्वारा अपहृत 13 तुर्क नागरिकों के शव उत्तरी इराक के एक परिसर से बरामद हुए हैं। रक्षा मंत्री हुलुसी अकर ने बताया कि 12 लोगों के सिर में गोली मारी गई है जबकि एक व्यक्ति के कंधे पर गोली लगने का जख्म है। सभी शव तुर्की की सीमा पर कुर्दिस्तान वर्कर्स पार्टी या पीकेके के खिलाफ 10 फरवरी को चलाए गए अभियान के दौरान गारा क्षेत्र से बरामद हुए।अकर ने बताया कि ऑपरेशन क्लॉ-ईगल-2 में पीकेके के तीन वरिष्ठ सदस्यों सहित 48 आतंकवादी मारे गए हैं जबकि दो चरमपंथी पकड़े गए हैं।चीफ ऑफ जनरल स्टाफ जनरल यासर गुलेर ने बताया कि अभियान 75 किलोमीटर लंबे, 25 किलोमीटर चौड़े क्षेत्र में चलाया गया। यह हाल में पीकेके के खिलाफ सबसे विस्तृत क्षेत्र में चलाया गया अभियान है। सिरनाक सीमा पर तुर्की की ओर स्थित ऑपरेशन केन्द्र से अकर ने कहा, सघन संघर्ष के बाद एक गुफा परिसर पर नियंत्रण किया गया। उसकी तलाशी के दौरान हमारे 13 अपहृत नागरिकों के शव बरामद हुए। अकर ने बताया कि अभियान की शुरुआत में ही गुफा परिसर पर कब्जा करने से लक्ष्य से पीड़ितों की हत्या कर दी गई थी। उन्होंने कहा कि गुफा में मौजूद सभी आतंकवादियों को मार गिराया गया है। तुर्क नागरिकों की पहचान जाहिर नहीं की गई है। अकर ने बताया कि सुरक्षा कारणों से उनके अपहरण की सूचना पहले सार्वजनिक नहीं की गई थी।पीकेके से जुड़े समाचार एजेंसी फिरात के अनुसार, पीकेके ने कहा कि तुर्क सुरक्षा बलों और खुफिया विभाग के लोगों सहित युद्ध बंदी तुर्की के हमले में मारे गए हैं।

## पाकिस्तान मोटर-वे एवं राजमार्ग की निगरानी के लिए ड्रोन का इस्तेमाल करेगा

**इस्लामाबाद ।** पाकिस्तान देश में मोटर-वे एवं राजमार्ग की निगरानी करने एवं 24 घंटे सड़कों पर आवाजाही का रिकॉर्ड रखने के लिए ड्रोन का इस्तेमाल करेगा। द न्यूज में रविवार को प्रकाशित खबर के मुताबिक इस प्रौद्योगिकी से न केवल पूरे मोटर-वे एवं राजमार्ग पर सुरक्षित आवाजाही के लिए यातायात का नियंत्रण एवं प्रबंधन हो सकेगा बल्कि समय पर एवं प्रभावी तरीके से अपराधों को भी रोका जा सकेगा। ड्रोन से एकत्र सूचना का इस्तेमाल अपराधियों को पकड़ने में किया जा सकेगा। अखबार के मुताबिक कुछ हफ्तों में ही निगरानी की यह व्यवस्था लागू की जाएगी। खबर के मुताबक इस महीने के आखिर में मोटरवे के कुछ हिस्सों में ड्रोन प्रौद्योगिकी का प्रदर्शन किया जाएगा। अखबार के मुताबिक इस योजना पर चर्चा शुक्रवार को नेशनल हाई-वे ऐंड मोटरवेज पुलिस (एनएचएमपी) के मुख्यालय में हुई और वीडियो कांफ्रेंस के जरिए पूरे देश से बल के अधिकारी बैठक में शामिल हुए।

# जापान ने कोविड-19 के पहले टीके को औपचारिक मंजूरी दी

**एपी।** तोक्यो

● आशा है कि जून तक देश में टीका लगवाने के पात्र सभी लोगों को कोविड-19 का टीका लग जाएगा

**जापान ने** रविवार को कोविड-19 के अपने पहले टीके को औपचारिक मंजूरी दे दी और जल्द ही वह राष्ट्रव्यापी टीकाकरण अभियान शुरू करेगा। जापान के स्वास्थ्य मंत्रालय का कहना है कि उसने फाइजर इंक द्वारा विकसित और आपूर्ति किए जाने वाले टीके को मंजूरी दी है।सरकारी पैनल ने शुक्रवार को कहा था कि जापान में हुए क्लिनिकल ट्रायल में पुष्टि हुई है कि टीके का प्रभाव जापान में भी उतना ही अच्छा है जितना विदेशों में है। इसके बाद यह घोषणा की गई है। कई देशों ने पिछले साल दिसंबर में ही टीकाकरण अभियान शुरू कर दिया था। अन्य कई देशों ने जनवरी में अभियान शुरू कर दिया था। मौजूदा योजना के तहत जापान में टीकाकरण बुधवार से शुरू होगा और करीब 20,000 मेडिकल कर्मियों को टीका लगेगा। उसके बाद करीब 37 लाख स्वास्थ्यकर्मियों की बारी आएगी, फिर देश के बुजुर्गों को अप्रैल से टीका लगना शुरू होने की संभावना है। आशा है कि जून तक देश में टीका लगवाने के पात्र सभी लोगों को कोविड-19 का टीका लग जाएगा। टीकाकरण को इस साल गर्मियों में राजधानी तोक्यो में होने वाले ओलिंपिक खेलों के लिए बहुत महत्वपूर्ण माना जा रहा है।जापान को फाइजर से 14.4 करोड़ डोज, एस्ट्राजेनेका से 12 करोड़ डोज और मॉडर्ना से करीब पांच करोड़ डोज इस साल के अंत तक मिलने की संभावना है। यह जापान में सभी लोगों को टीका लगाने के लिए पर्याप्त है।



सोमा : उत्तरी जापान में स्थित एक हाईवे पर गत दिनों आए भूकंप के बाद मलबे से जाम सड़क को साफ करते कर्मचारी

## क्विक न्यूज

### भूकंप के बाद भूस्खलन की वजह से कई लोग घायल

**तोक्यो।** जापान के उत्तर-पूर्वी भाग मे भूकंप के तेज झटकों की वजह से राजमार्ग पर भूस्खलन के बाद यहां के घरों एवं दुकानों में मलबे भर गए थे, जिसे अब साफ कर लिया गया है। भूकंप की घटना से कुछ इमारतों और बुलेट ट्रेन लाइन के हिस्सों को नुकसान पहुंचा और हजारों लोगों के घरों में बिजली की आपूर्ति ठप पड़ गई। शनिवार देर रात जापान में 7.3 तीव्रता के भूकंप के जोरदार झटके फुकुशिमा, मियागी प्रांत के इलाकों में महसूस किए गए। इससे 10 साल पहले भी यहां जोरदार भूकंप आने के बाद सुनामी की वजह से परमाणु संयंत्र को बेहद नुकसान पहुंचा था। मुख्य कैबिनेट सचिव कत्सूनोबा कातो ने यहां संवाददाताओं से कहा कि 120 से ज्यादा लोगों को आंशिक चोटें आई है और इनमें से ज्यादातर टूटे शीशे की चपेट में आने और सामानों के गिरने की वजह से घायल हुए है। वही तीन लोगों के गंभीर रूप से घायल होने की पुष्टि हुई है। अभी तक किसी भी व्यक्ति की मौत की खबर नही है। भूकंप का केंद्र समुद्र से 55 किलोमीटर की गहराई मे था। रविवार तड़के बिजली आपूर्ति बहाल हो गई लेकिन बुलेट ट्रेन सेवा अब भी निलंबित है।

### बांग्लादेश में 28 फरवरी तक बंद रहेंगे स्कूल

**ढाका।** बांग्लादेश में लगातार सामने आ रहे कोरोना वायरस संक्रमण के मामलों के कारण देश भर में सभी शैक्षिक संस्थानों को इस महीने की 28 तारीख तक बंद रखने का निर्देश दिया गया है। हालांकि, मदरसों को इससे बाहर रखा गया है। मीडिया में आई खबरों में इसकी जानकारी दी गई है।ढाका ट्रिब्यून की खबरों के अनुसार कोरोना वायरस महामारी के मद्देनजर सरकार ने पिछले साल 17 मार्च को सभी शैक्षणिक संस्थानों को बंद कर दिया था। शिक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता एम ए खैर के हवाले से खबर में कहा गया है, सरकार ने देश भर के कौमी मदरसों को छोड़कर सभी शैक्षणिक संस्थानों को 28 फरवरी तक बंद रखने का निर्णय किया है। इससे पहले 29 जनवरी को सभी शैक्षणिक संस्थानों को 14 फरवरी तक बंद रखने का निर्देश दिया था। इस बीच बांग्लादेश में शनिवार की सुबह तक पिछले 24 घंटे में कोरोना वायरस संक्रमण के 291 नए मामले सामने आए जो पिछले दस महीने में सबसे कम है।

### बाइडन प्रशासन ने भारतीय मूल के दो विशेषज्ञों को प्रमुख पदों पर नियुक्त किया

**ह्यूस्टन।** अमेरिका में जो बाइडन प्रशासन ने जन सेवा क्षेत्र के दो भारतीय मूल के विशेषज्ञों को स्वयंसेवा एवं सेवा के लिए संघीय एजेंसी अमेरिकॉर्प्स में प्रमुख पदों पर नियुक्त किया है।सोनाली निझावन को अमेरिकॉर्प्स स्टेट एंड नेशनल की निदेशक और श्री प्रेस्टन कुलकर्णी (42) को विदेश मामलों का नया प्रमुख नियुक्त किया गया है।कुलकर्णी टेक्सास से दो बार कांग्रेस के लिए चुनाव लड़ चुके है जिसमें वह असफल रहे थे। अमेरिकॉर्प्स द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार निझावन और डैन कोल के साथ कुलकर्णी की नियुक्ति, विविध नेतृत्व के लिए बाइडन प्रशासन की प्रतिबद्धता झलकती है। अमेरिकॉर्प्स ने कहा कि ए नेता अपनी भूमिकाओं में प्रशासन के एजेंडे का समर्थन करने के लिए सेवा का उपयोग करेंगे और हमारे समय की सबसे प्रमुख चुनौतियों में से चार पर ध्यान केंद्रित करेंगे जिनमें कोविड-19, आर्थिक सुधार, नस्ली समानता और जलवायु परिवर्तन शामिल है।कुलकर्णी अमेरिकॉर्प्स में अपनी सेवा और सार्वजनिक मामलों में विभिन्न प्रकार के अनुभव का इस्तेमाल करेंगे। इसमें 14 साल तक विदेश विभाग के अधिकारी के रूप में उनकी सेवा शामिल है।निझावन विभिन्न नेताओं के लिए काम कर चुकी है। वह स्टॉक्टन सर्विस कॉर्प्स की कार्यकारी निदेशक के रूप में सेवा दे चुकी है।

### थाईलैंड में लोकतंत्र समर्थकों की पुलिस से झड़प

**बैंकॉक।** थाईलैंड में राजशाही के अपमान के आरोप में गिरफ्तार किए गए चार कॉमरेड को रिहा करने की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे लोकतंत्र समर्थकों की शनिवार की रात को पुलिस के साथ झड़प हो गई। उल्लेखनीय है कि छात्र नीत आंदोलन के चार शीर्ष नेताओं को राजशाही के कथित अपमान के मामले में मंगलवार को हिरासत में रखने का निर्देश दिया गया था। अगर यह आरोप साबित होता है तो उन्हें तीन से 15 साल की सजा हो सकती है और इन नेताओं पर देशद्रोह का मामला भी दर्ज किया गया है। पुलिस के उप प्रवक्ता कृष्णा पत्तनाचारोअन ने बताया कि झड़प में 20 से अधिक पुलिस कर्मी घायल हुए हैं जबकि सात से आठ प्रदर्शकारियों को हिरासत में लिया गया है। उन्होंने बताया कि पुलिस अवरोधकों को तोड़ने की कोशिश करने के दौरान घायल होने वाले प्रदर्शनकारियों की संख्या के संबंध में कोई जानकारी नही है। थाईलैंड में पिछले साल प्रधानमंत्री प्रयुथ चान ओछा और उनकी सरकार को हटाने, संविधान में संशोधन कर देश में अधिक लोकतांत्रिक व्यवस्था कायम करने एवं सुधार कर राजशाही को अधिक जवाबदेह बनाने की मांग को लेकर आंदोलन शुरू हुआ था। राजशाही के संबंध में की जा रही मांग पर सबसे अधिक विवाद है क्योंकि यह संस्थान अबतक अछूता है एवं थाई राष्ट्रवाद का केंद्र माना जाता है।

# मिस्र में खुदाई में बीयर की प्राचीन फैक्ट्री मिली

**एपी।** काहिरा

**अमेरिका और** मिस्र के पुरातत्वविदों को खुदाई में बीयर की प्राचीन फैक्टरी मिली है। यह प्राचीन मिस्र के सबसे प्रमुख पुरातत्व स्थलों में शुमार एक स्थल पर मिली सबसे पुरानी बियर फैक्टरी हो सकती है। एक शीर्ष पुरातत्व अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। प्राचीन वस्तुओं की सर्वोच्च परिषद के महासचिव मुस्तफा वजीरी ने कहा कि यह फैक्टरी नील नदी के पश्चिम में प्राचीन कब्रिस्तान एबिडोस में मिली है, जो दक्षिणी काहिरा से 450 किलोमीटर दूर है।उन्होंने कहा कि यह फैक्टरी किंग नारमेर के क्षेत्र में स्थित है, जिन्हें पहले वंश काल (3150 ईसा.पूर्व से 2613 ईसा.पूर्व) की शुरुआत में प्राचीन मिस्र के एकीकरण के लिए जाना जाता है। वजीरी ने कहा कि पुरातत्वविदों को आठ इकाईयां मिली हैं। प्रत्एक इकाई 20 मीटर (करीब 65 फुट) लंबी, 2.5 मीटर (करीब आठ फुट) चौड़ी है। इनमें मिट्टी के लगभग 40 बर्तन मिले हैं जो बियर के उत्पादन के लिए अनाज और पानी के मिश्रण को गर्म करने मे काम आते होंगे।इस संयुक्त अभियान की सह-अध्यक्षता न्यूयॉर्क विश्वविद्यालय के फाइन आर्ट्स संस्थान के डॉक्टर मैथ्यू एडम्स और प्रिंस्टन विश्वविद्यालय में प्राचीन मिस्र इतिहास एवं पुरातत्व के सहायक प्राध्यापक डेबोरा विसचाक ने की थी। एडम्स ने कहा कि बियर से होने वाली शाही रस्मों को पूरा करने के लिए इस इलाके में यह फैक्टरी लगाई गई होगी। उन्होंने कहा कि पुरातत्वविदों को ऐसे सबूत मिले हैं जो प्राचीन मिस्र में बलि प्रथाओं के दौरान बियर के इस्तेमाल को दर्शाते हैं। प्राचीन वस्तुओं से संबंधित मंत्रालय ने कहा कि ब्रिटेन के पुरातत्वविदों ने सबसे पहले 1900 की शुरुआत में इस फैक्टरी के अस्तित्व का उल्लेख किया था, लेकिन उन्हें यह नहीं पता चल सका था कि यह किस जगह मौजूद है।

### न्यूयॉर्क में चाकूबाजी की घटनाओं में दो लोगों की मौत, दो घायल

**न्यूयॉर्क।** न्यूयॉर्क सिटी के सबवे (भूमिगत मार्ग) में चाकूबाजी की घटनाओं में दो लोगों की मौत हो गई और दो लोग घायल हो गए।न्यूयॉर्क पुलिस विभाग के अधिकारियों ने संवाददाताओं को बताया कि ये हमले शुक्रवार सुबह से शनिवार तड़के के बीच हुए। अधिकारियों का मानना है कि जिन लोगों पर हमले हुए हैं वे बेघर थे। पुलिस को संदेह है कि ए हमले एक ही व्यक्ति ने किए हैं और वह उसकी तलाश कर रही है। घटना की जांच के लिए पुलिसकर्मी सबवे में लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाल रहे हैं। शुक्रवार आधी रात को क्वीन्स में एक ट्रेन में एक शव पाया गया। उसके गले और शरीर पर चाकू के निशान थे। इसके दो घंटे बाद मैनहट्टन के एक सबवे में एक महिला का शव पाया गया। उस पर भी चाकू के निशान थे। मैनहट्टन इलाके में ही 67 वर्षीय और 43 वर्षीय दो लोगों पर चाकू से हमला किया गया। पुलिस अधिकारियों ने एक सवाल के जवाब में कहा कि सुरक्षा की दृष्टि से वे पूरी सबवे प्रणाली में 500 अतिरिक्त अधिकारियों की तैनाती करेंगे।

### दुनियाभर में उच्च पदों पर आसीन भारतीय समुदाय के सदस्यों की सूची आज जारी की जाएगी

**वाशिंगटन।** दुनियाभर में उच्च पदों पर आसीन भारतीय समुदाय के 200 से अधिक लोगों की सोमवार को एक सूची जारी की जाएगी, जिसमें विभिन्न क्षेत्रों में समुदाय के नेताओं की उपलब्धियों का उल्लेख होगा। दुनियाभर में भारतीय समुदाय का प्रतिनिधित्व करने वाला अमेरिका स्थित संगठन इंडियास्पोरा 15 फरवरी को अमेरिकी राष्ट्रपति दिवस के मौके पर पहली बार 15 देशों के ऐसे 200 नेताओं की सूची जारी करेगा। अमेरिका की उपराष्ट्रपति कमला हैरिस हाल ही में इस सूची में शामिल हुई हैं। वह अमेरिकी उपराष्ट्रपति पद पर काबिज होने वाली पहली भारतीय-अमेरिकी हैं। इंडियास्पोरा ने एक बयान में कहा कि इस सूची में शामिल अन्य लोग निर्वाचित अधिकारी, विभिन्न पदों पर नियुक्त लोग अथवा नौकरशाह हैं।

# नवलनी के समर्थन में हो रहे फ्लैशलाइट प्रदर्शन को खत्म करने में जुटा रूसी प्रशासन

**एपी।** मास्को

● रूस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन ने अपने सबसे बड़े आलोचक का नाम कभी नही लिया है

**जेल में** बंद रूस के विपक्षी नेता एलेक्सी नवलनी की टीम ने जब लोगों से कहा कि वे अपने-अपने आवासीय क्षेत्र में घरों से बाहर निकलें और नेता के साथ एकजुटता प्रदर्शित करने के लिए मोबाइल फोन की फ्लैशलाइट जलाएं, तो लोगों ने इसका मजाक बनाया। दो सप्ताहांत पर राष्ट्रव्यापी प्रदर्शन के बाद विपक्ष का यह कदम लोगों को एक तरह से पीछे हटने जैसा लग रहा था। लेकिन रूसी प्रशासन की नजर में ऐसा नहीं था और उसने रविवार को हुए इस प्रदर्शन को दबाने का पूरा यत्न किया।अधिकारियों ने आरोप लगाया कि नवलनी के सहयोगी नाटो के निर्देश पर काम कर रहे हैं। क्रेमलिन समर्थक टीवी चैनल ने चेतावनी दी कि फ्लैशलाइट रैलियां दुनिया में बड़े-बड़े विद्रोह का हिस्सा रही हैं। सरकारी समाचार एजेंसी ने अनाम स्रोतों के हवाले से बताया कि पूर्वानुमति के बगैर हो रहे प्रदर्शनों के दौरान एक आतंकवादी समूह हमले की योजना बना रहा है।प्रदर्शनों को दबाने का यह प्रयास सरकार की रणनीति में बदलाव को दिखा रहा है जो पहले नवलनी को सीन से हटाकर विरोध को कमजोर करने का प्रयास कर रही थी। क्रेमलिन द्वारा नियंत्रित टीवी चैनलों ने अभी तक की रणनीति में नवलनी द्वारा आयोजित प्रदर्शनों को जगह नहीं दी है। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन ने अपने सबसे बड़े आलोचक का नाम कभी नहीं लिया है। सरकारी समाचार एजेंसी अगर कभी नवलनी के बारे में कोई खबर देती भी है तो उसमें उन्हें ब्लॉगर बताती है।





शिल्पी शर्मा का कुछ विकल्पों की सूची देते हुए कहना है कि 12वीं कक्षा के बाद छात्रों के लिए विभिन्न प्रकार के विकल्प उपलब्ध हैं। लेकिन किसी भी विकल्प का चुनाव करने से पहले व्यक्ति को अपनी रुचि का पता होना आवश्यक है।

# साल 2021 के विकल्प



विश्वविद्यालयों में बड़ी संख्या में नए पाठ्यक्रम प्रस्तुत किए जा रहे हैं, जिनसे छात्रों के लिए करियर संभावनाएं व्यापक होती हैं। स्नातक करने के बाद छात्रों को अनेक प्रकार के अवसर उपलब्ध हैं। करियर का चयन करने से पहले सुनिश्चित कर लें कि आपको समस्त संभव स्तर पर अपनी रूचि का पता है और अपनी योग्यताओं व रूचियों के मुताबिक विकल्प चुनने का प्रयास करें।

नयी शिक्षा नीति कौशल के आधार पर बने विषय बढ़ाने तथा आपके मौजूदा अकादमिक कार्यकाल के दौरान डिग्री या डिप्लोमा कोर्स के चुनाव में लचीलापन लाने में सहायता करती है। यह नीति छात्रों को सैद्धांतिक अध्ययन कराने के बजाय व्यवहारिक एवं शोध आधारित प्रशिक्षण प्रदान करने को महत्व देती है।

जो छात्र अपनी स्नातक की पढ़ाई पूरी कर रहे हैं, वे अपने करियर की शुरूआत करने के लिए निम्नलिखित विभिन्न कोर्सों का चुनाव कर सकते हैं।

### फैशन डिजाइन

अत्यंत प्रतिस्पर्धी उद्योग में, फैशन डिजाइनिंग उन छात्रों के लिए सबसे प्रतिस्पर्धी तथा सर्वाधिक लाभकारी, मनमोहक, एवं रोमांचककारी करियर विकल्प बन गया है जिनमें रचनात्मकता, शैली व मौलिकता की झलक होती है। फैशन इंडस्ट्री उन लोगों के लिए बहुआयामी रोजगार अवसर प्रस्तुत करती है जिनके पास फैशन से संबंधित विभिन्न प्रकार के रूझानों में चीजों को जानने का रचनात्मक दृष्टिकोण होता है जिसमें दूसरों में वे अनोखे नजर आते हैं।

### इंटीरियर डिजाइन

यह निरंतर सबसे ज्यादा मांग वाला डिजाइन वर्ग है जिसमें छात्र माहिर होना और करियर बनाना चाहते हैं। यह सेक्टर न केवल विस्तारित हो रहा है बल्कि यह हर रोज आधुनिक तकनीकी उन्नति के कारण पुन:परिभाषित हो रहा है। रीयल इस्टेट में उछाल के कारण, इंटीरियर डिजाइनरों के लिए भारी संभावनाएं हैं। आप स्थापित इंटीरियर डिजाइन संगठनों, आर्किटेक्ट कंपनियों, कंसलटेंसी कंपनियों, या बिल्डररों व ठेकेदारों के साथ काम कर सकते हैं। आप होटलों, अस्पतालों, शॉपिंग अर्काड्स या फिर डिजाइन स्टूडियो व फर्नीचर स्टोर्स में डिजाइन कंसल्टेंट के रूप में काम भी कर सकते हैं।

### पाक कलाएं

पाक कला एक बहुआयामी तथा तेजी से उभरता उद्योग है जो स्नातक करने वाले छात्रों हेतु विविधतापूर्ण प्रोफाइल के लिए व्यापक स्तर के अवसर प्रदान करती है। देश के भीतर, इस उद्योग ने आगामी दशक में अपने आकार को दुगने स्तर पर स्थापित कर लिया है। पाक कला के माहिरों के पास होटलों, रेस्तराओं, कैफे, रिसॉर्ट्स , बिस्ट्रो व बेकरीज में विभिन्न रोजगार अवसर हैं। यह क्षेत्र पेशेवरों तथा शौकीन फ्रीलांसरों द्वारा निर्धारित फूड इंडस्ट्री खोजने की आजादी देता है।

### मीडिया कोर्स

करियर बनाने के लिए मीडिया का क्षेत्र छात्रों को शानदार अवसरों वाला आकर्षक करियर प्रस्तावित करता है और उन्हें काम करने के लिए अत्यंत तीव्र गतिमान तथा चुनौतीपूर्ण परिवेश प्रदान करता है।

एडवरटाइजिंग, आडियो इंजीनियरिंग, एंकरिंग, ब्राडकास्टिंग इंजीनियरिंग, रेडियो जॉकींग, डिस्क जॉकींग, वीडियो एडिटिंग, प्रिंट, ग्राफिक्स, पीआर एवं बेवसाइट डिजाइनिंग एवं कार्यक्रम योजनाबद्धता जैसे मीडिया क्षेत्र में अनेक करियर विकल्प हैं।

सुंदरता एवं तंदुरूस्ती

सुंदरता का कहीं गहरा महत्व है, यह केवल ब्यूटीशियन के लिए रोजगार नहीं है। एक आकर्षक वैयक्तिक रूपरंग जीवन में आगे बढ़ने की पूर्व शर्त बन गया है। जैसा कि अनेक हस्तियों ने कहा है, यदि आप अच्छे दिखते हैं तो आप अच्छा महसूस करते हैं। भारत में ब्यूटी इंडस्ट्री सुंदरता व स्वास्थ्य सेक्टर में दसवां सबसे तेज उभरता बाजार है। इस दुनिया के इर्दगिर्द, जो अच्छा दिखना नहीं चाहती है, मगर हर कोई अच्छा दिखने की भरपूर कोशिश करता है, तो सुंदरता व स्वास्थ्य इंडस्ट्री उनकी स्वाभाविक सुंदरता को आगे बढ़ाने तथा उन्हें सुंदर दिखने तथा खुद को लेकर अच्छा महसूस करने में उनकी सहायता करती है। वे हेयर ड्रेसरों से लेकर योग में भागीदारी तक अनेक प्रकार से लोगों की सहायता करती है।

इंडस्ट्री विभिन्न प्रकार की आजीविकाएं प्रस्तावित करती है। आकांक्षी नौकरी कर सकता है या स्थानीय ब्यूटी सैलून चला सकता है या स्पा रिसॉर्ट्स, फिटनेस केन्द्रों, क्रूज जहाजों, होटलों आदि में अपने लिए काम तलाश सकता है। विभिन्न प्रकार की खूबियों के उपलब्ध होने से, उम्मीदवार खुद हेयर स्टाइलिंग, मेकअप , स्किन केयर व योग जैसे कार्यों में विभिन्न योग्यताएं हासिल कर सकते हैं। सुंदरता व स्वास्थ्य की इंडस्ट्री लगातार बदल रही है। रोज ब रोज विकसित हो रही तकनीकों व नए उत्पादों से, इस क्षेत्र में करियर बनाने के इच्छुक उम्मीदवारों के लिए अपार संभावनाएं हैं।

**-लेखक एडू ब्रेन ऐकेडमी के डायरेक्टर हैं।**



# बीते साल की खामियों को सुधारने का समय

**राहुल देशपांडे का कहना है कि साल 2020 संभवत: उथल-पुथल भरा हो सकता है लेकिन अब समय आगे देखने का और उन रुझानों पर ध्यान देने का है जो भविष्य की शिक्षा का आकार गढ़ेंगे।**



Rahul Deshpande
CEO Euroschool India

**साल** 2020 ने जैसी वैश्विक शिक्षा व्यवस्था में गड़बड़ियां देखी वैसी किसी साल ने नहीं देखीं। इस उथल पुथल की खूबी यह है कि बतौर सेक्अर हम अतीत की रूढ़ियों के मुताबिक नहीं चले। बल्कि, समूचा शिक्षा क्षेत्र एक साथ आया और नए ढंग से सोचा और नए ढंग से काम किया। नवोन्मेषी नजरिए व सुदूर शिक्षण समाधान को अभूतपूर्व ढंग से सोचा व लागू किया गया। जब हम इस उथल पुथल भरे साल को देखते हैं तो यह समय है आगे देखने का और उन प्रवृत्तियों पर ध्यान देने का जो भविष्य की शिक्षा को आकार देंगी। इस महामारी ने शिक्षा क्षेत्र को उन बदलावों को लाने का एक सुनहरा अवसर दिया है जिन्हें लागू होने में कई साल लगने वाले थे।

आइए उन कुछ उभरते रूझानों पर नजर डालते हैं जो साल 2021 में शिक्षा को आकार देंगे।

**तकनीक:** डिजीटल मंच राहत बन कर आए जब स्कूलों ने महामारी के कारण अध्ययन-अध्यापन केनए तरीके के रूप में आनलाइन शिक्षण की ओर रूख किया । डिजीटल मंचों तथा वीडियो आधारित शिक्षण का इस्तेमाल करते हुए समकालिक व असमकालिक के मेल ने चुनौतीपूर्ण दौर का सामना करने वाले छात्रों के लिए आनलाइन शिक्षण को मजेदार तथा साझीदारीपूर्ण बना दिया है और यह रूझान 2021 में बरकरार रहने वाला है।

**वैयक्तिक शिक्षण :** सुदूर शिक्षण के कारण, छात्र अब वैयक्तिक स्तर पर सीख रहे हैं। इसने व्यक्तिगत स्तर पर पढ़ाई करने की प्रवृत्ति को बढ़ाया है और शिक्षकों को प्रत्येक छात्र की आवश्यकताओं के वैयक्तिक शिक्षण आधार में ढलने का अवसर दिया है।

**हाइब्रिड स्कूलिंग :** देशों द्वारा चरणबद्ध ढंग से स्कूल खोलने के फैसले से, हाइब्रिड स्कूलिंग की संभावना दुनिया भर में स्वीकार्य होने वाली है।

हाइब्रिड स्कूलिंग आनलाइन शिक्षण एवं पारंपरिक क्लासरूम शिक्षण के बीच संतुलन लाने का अवसर प्रदान करती है, और इसे और भी रूचिकर व नवोन्मेषी बनाती है। शिक्षा में उभरता यह तीव्र रूझान समूची दुनिया में उभरती स्थिति में एक साथ उभरता दिखता है।

**प्रोजेक्ट आधारित शिक्षण :** उन स्कूलों के लिए, जो प्रोजेक्ट आधारित शिक्षण को प्रोत्साहित व महत्व देते हैं, सुदूर शिक्षण के कारण एडटेक उपकरणों का बढ़ते उपयोग ने बच्चों के लिए समूह में परियोजनाओं पर काम करने तथा साथ मिलकर काम करने का सही मंच प्रदान किया है। इसने छात्रों को एक दूसरे के साथ जुड़े रहने का अवसर प्रदान किया है तथा सार्थक ढंग से कैरीकुलम लागू करने की सुविधा प्रदान करने में सहायता की है।

यद्यपि साल 2021 प्रत्यक्ष रूप से स्कूलों को खुलते हुए देखेगा मगर परिवर्तित क्लासरूम पद्धति पीबीएल अपनाने में उपयोगी हो जाएगी जिसमें छात्र प्रोजेक्ट पर व्यक्तिगत स्तर पर काम करते हैं और फिर क्लासरूम या आनलाइन पढ़ाई के दौरान छोटे समूहों में विचार विमर्श या मंथन करते हैं। सुदूर से प्रोजेक्ट पर काम करते हुए,तकनीक के इस्तेमाल द्वारा विचारमंथन के लिए प्रोजेक्ट प्रस्तुत करना समूची अध्ययन-अध्यापन प्रक्रिया को पारस्परिक एवं अधिक सार्थक बनाएंगे।

**शिक्षकों को पेशेवर विकास :** कोविड 19 ने शिक्षकों को अपने खेल में उतरते तथा तकनीक को अपनाते हुए शिक्षित करने के नए तरीकों में ढलते देखा है। शिक्षण मोड़ समूची दुनिया में शिक्षकों के लिए ज्यादा गहरा हो गया है। उन्होंने यह सुनिश्चित करने के लिए कि पढ़ाई कभी नहीं रूकती है, इसके समाधान के साथ उभरते हुए रचनात्मक ढंग से काम किया है।

यद्यपि उन्होंने बहुत शानदार ढंग से काम किया है, मगर तकनीक की ठोस समझदारी के साथ उनका सहयोग देने की आवश्यकता है और खामियों को भरने के इसके व्यापक संभावना की साल 2020 के सुदूर शिक्षण के दौरान पहचान की गयी है।

# बदलाव के साथ चलें छात्र

**हरजीव सिंह का कहना है कि परिवर्तन कठिन होता है। लेकिन हर बदलाव हमें आगे बढ़ने, ढलने व उभरने के नए अवसर प्रदान करता है...**

शिक्षा इंसान के जीवन में ऐसा बुनियादी आधार है जो न केवल बेहतर इंसान बनने की दिशा में बल्कि एक स्थिर व संतुष्ट जीवन के निर्माण की दिशा में अपनी निर्णायक भूमिका निभाता है। शिक्षा की इसी प्रासंगिकता को ध्यान में रखते हुए, स्टेनफोर्ड युनिवर्सिटी में 2013 के वसंत में कालेज शिक्षा के भविष्य के इर्दगिर्द एक विचारोत्तेजक प्रयोग किया गया। आनलाइन शिक्षण पर नये जोर से प्रोत्साहित होकर, स्टेनफोर्ड 2025 प्रोजेक्ट ने इस बात का अध्ययन किया कि किस तरह विश्वविद्यालय, छात्र और शिक्षक प्रत्यक्ष शिक्षण वातावरण को व्यक्ति रूप से आजीवन शिक्षण के पक्ष में समाज के अलूम्नी के मुकाम पर लाकर देखेंगे।




बीते हुए साल में चूंकि कोविड ने शिक्षा समेत हर चीज को उलट दिया है, इसमें हालांकि एक तरफ समाज का सामाजिक- आर्थिक ढांचा प्रभावित हुआ है व व्यक्ति की अपनी भौतिक व मानसिक संरचना भी अत्यंत गहरे स्तर पर प्रभावित हुई है लेकिन कुछ ऐसे अवसर भी उत्पन्न हुए हैं जिन्होंने लोगों को इस कठिन दौर से उबरने व आगे बढ़ने का हौंसला प्रदान किया है, खास तौर पर शिक्षण क्षेत्र में अभूतपूर्व बदलाव आए हैं।

पढ़ाई अब कक्षा में प्रत्यक्ष उपस्थिति का एकमात्र स्रोत नहीं रह गयी, तकनीक के जरिए सुदूर रहकर अपनी पढ़ाई व ज्ञानवर्द्धन को बरकरार रखा जा सकता है। इस संदर्भ में स्टेनफोर्ड अध्ययन अपने माड्यूलर, वैयक्तिक, एवं समय व काल से परे, साझा शिक्षण के साथ पूर्वकथित स्तर पर कहीं कम नजर नहीं आता है। न केवल साल 2020 ने जमीन पर बदलाव के लिए बाध्य किया है कि कौन आनलाइन स्तर पर कहां और कैसे सीख रहा है बल्कि इसने शिक्षा के बारे में प्रमुख सवालों को भी केन्द्र में लाया है।

जैसा कि किसी ने, जिसने इवी लीग स्कूल- द कोलंबिया युनिवर्सिटी- समेत विदेश में पढ़ाई करने के अनुभव से अपार लाभ हासिल किया है- मेरा तात्पर्य अमूल्य दूरदर्शिताओं व अकाट्य अनुभवों को नकारना नहीं है कि अध्ययन के लिए यात्रा करना संभव बनाती है। लेकिन यदि बीते साल में समझने के लिए कुछ है तो यह स्पष्ट उच्च शिक्षा है जो कैम्पस माड्यूलपर चार वर्षीय अभ्यर्थी के बतौर अपेक्षित नहीं रह गया है।

कालेज शिक्षा, खासतौर पर किसी आईवी लीग स्कूल में, बहुत महंगी है। अंडरग्रेड, आनकैम्पस डिग्री परिवार को लगभग 70000 डॉलर सालाना पीछे धकेल सकती है जो न केवल छात्र स्तर पर बल्कि पारिवारिक स्तर पर दूरगामी तौर पर एक प्रभावित करने वाला कारक हो सकता है।

ब्रेनग्रेन ग्लोबल जैसे मंच, जो छात्र के प्रोफाइल और रूचियों से उत्तम मेल खाता है, कालेज के चुनाव में युनिवर्सिटी और छात्रों के बीच, अल्प-कालिक उच्च मूल्यवान कोर्स में पंजीकृत होने की राह को सहज बनाते हुए, एक प्रभावी पुल के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

**- लेखक ब्रेनग्रन ग्लोबल,के सीईओ-संस्थापक हैं।**

# विद्यार्थियों के लिए बुनियादी वित्तीय ज्ञान जरूरी

**कोविड**-19 ने हर एक को प्रभावित किया है और इसकी मार को छात्रों समेत हर किसी के द्वारा महसूस किया गया है। मौजूदा महामारी के कारण तथा आर्थिक संकट ने, जो तालाबंदी के कारण सामने आया, उस समय वित्तीय निर्णयन की आवश्यकता को सुर्खी में लाया है, जब अर्थव्यवस्था अधर में है। हमारी शिक्षा व्यवस्था बालिग होने पर वित्तीय संकटों के लिए छात्रों को तैयार करने में विफल रही। सफल पेशेवरों, जिन्होंने योग्यताओं के साथ अपनी चयनित राह में सफलतापूर्वक काम किया है, को पता नहीं था कि वित्त व निवेश कैसे काम करते हैं। इसके पीछे का कारण व्यक्तिगत वित्त है जो स्कूल या कालेज में हमारे पाठ्यक्रम का हिस्सा नहीं है।



अब जबकि अर्थव्यवस्था सुधार की ओर है तथा वापस पटरी पर आने लगी है, यह जरूरी है वित्तीय साक्षरता को सुधारा जाए। खैर, सीखना शुरू करने की कोई तयशुदा उम्र नहीं है लेकिन शिक्षकों को छात्रों को बुनियादी वित्तीय ज्ञान के बारे में पढ़ाना शुरू कर देना चाहिए, जैसे ही उन्हें लगता है कि बच्चा तैयार है। शोध यह भी दिखाता है कि जो बच्चे कम उम्र में वित्त संभालना सीख लेते हैं, वे वयस्कों की तरह उससे बेहतर ढंग से निपटने में सक्षम होंगे। मजबूत मानसिकता एवं अच्छी वित्तीय आदतें प्रत्येक के लिए महत्वपूर्ण हैं और इसे शुरुआती उम्र से पढ़ाया जा सकता है।

बुनियादी व्यक्तिगत वित्तीय योग्यताएं होना आवश्यक हैं ताकि व्यक्ति खुशहाल, सुरक्षित व स्वस्थ जीवन जी सकें, क्योंकि इंसान जो भी कदम उठाता है, वो प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप में इस बात से जुड़ा रहा है कि व्यक्ति कितने बेहतर ढंग से धन का प्रबंध कर सकता है।

इसे रातों रात नहीं सीखा जा सकता, अनुभव व आदतें सचमुच महत्वपूर्ण हैं और इंसान मूल से आरंभ कर सकता है यानी खर्चों व बचतों के मामले में बजट बनाते हुए। इसलिए उचित मार्गदर्शन के साथ वित्तीय मामलों की पुरानी जानकारी महत्वपूर्ण है।

निम्न कारणों से पाठ्यक्रम में वित्तीय प्रबंधन एवं निवेश को शामिल करने की आपात आवश्यकता है।

**आपको अपने जीवन के स्तर पर इसे संभालने की जरूरत है**

ग्रेजुएशन से लेकर रिटायरमेंट तक निवेश से जुड़ा प्रत्येक कदम हमारे जीवन की सुदृढ़ बुनियाद के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होता है। यह प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप में हमारे

**माइंड इट**

जीवन को प्रभावित करने वाला होता है, इसमें कुछ प्रभाव तो तत्काल नजर आ जाते हैं मगर कुछ ऐसे भी प्रभाव होते हैं तो दूरगामी स्तर पर अपना असर डालते हैं। वित्त हमारे करियर का फैसला करने, शादी करने, घर खरीदने व जीवन की अनेक अन्य घटनाओं में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। हम क्या खाते हैं और हम कैसे रहते हैं, आदि मामलों में वित्त हमारे रोजमर्रा जीवन का हिस्सा है। अपनी कमउम्र में, हमारे पास अपने छोटे या बड़े फैसले लेने के अनुभव व ज्ञान की कमी होती है।

**वित्तीय ज्ञान की कमी के दुखद खामियाजे होते हैं**

वित्तीय ज्ञान की समझदारी न होना हमारे लिए अत्यंत दुखद हो सकता है क्योंकि हमारे कामकाजी जीवन के अंत में गलत फैसले बेहद तकलीफदेह हो सकते हैं। हम उनमें कोई फेरबदल नहीं ला सकते सिवाय इसके कि हमें अपने द्वारा लिए गए वित्तीय फैसलों का केवल पछतावा हो सकता है। यह बालिगों के लिए तनावपूर्ण हो सकता है। बचत या फंड की कमी इंसान के जीवन में अनेक कठिनाइयों का कारण हो सकती है और कई अन्य समस्याएं पैदा कर सकती है जिनसे जीवन तमाम प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष स्तरों पर प्रभावित हो सकता है।

इसलिए उचित वित्तीय प्रबंधन अधिक स्वस्थ जीवन व समृद्धि की ओर ले जाता है। सर्वे के अनुसार आधी आबादी महसूस करती है कि उनकी वित्तीय निरक्षरता उन्हें उचित वित्तीय फैसले से रोक रही है। यह उन्हें अपनी पूर्ण क्षमता का उपयोग करने में अवरोधक बन रही है।

**स्कूलों में व्यक्तिगत वित्त प्रबंधन सिखाना समय की जरूरत है**

अनेक बालिग लोगों को लगता है कि छात्रों को स्कूलों में वित्त प्रबंधन के बार में अनिवार्य रूप से पढ़ाया जाना चाहिए। यह एक अच्छी उम्र है जहां वे मूल जानकारियों से शुरूआत करते हैं और फिर बढ़ती उम्र व तजुर्बे के अनुरूप वित्तीय प्रबंधन के क्षेत्र में अपने क्षितिज का विस्तार कर सकते हैं।

**यहीं पर सीख सकते हैं वे**

स्कूल वो जगह है जहां हम अपने जीवन के अनेक सबक सीखते हैं और यह व्यक्तिगत वित्त के बारे में जानने का उत्तम स्थान है। इस तरह बचत की आदत विकसित करने, वित्तीय साक्षरता सुधारने तथा बच्चों को जिम्मेदार बनाने के लिए, वित्तीय शिक्षा अनिवार्य है, यह उन्हें खर्च पर नजर रखने में सहायता करती है।

**- लेखक पीसी छाबड़ा- संस्कृति युनिवर्सिटी में एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर हैं।**